आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 292 | उज्जैन, बुधवार 04 नवम्बर, 2026 | कार्तिक कृष्ण 10 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

रुहुल्लाह मेहदी का नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस्तीफा, सांसदी भी छोड़ी

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर लोकसभा सीट से सांसद सैयद आगा रुहुल्लाह मेहदी ने मंगलवार को नेशनल कॉन्फ्रेंस से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने पार्टी नेतृत्व पर 2019 में हटाए गए अनुच्छेद 370 की बहाली समेत विधानसभा चुनाव के दौरान किए गए वादों से पीछे हटने का आरोप लगाया। रुहुल्लाह ने पार्टी से इस्तीफे के साथ लोकसभा की सदस्यता भी छोड़ने का फैसला किया और अपना इस्तीफा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भेज दिया। उन्होंने बडगाम में अपने पिता आगा सैयद मेहदी की 26वीं पुण्यतिथि पर आयोजित रैली में यह घोषणा की।


फ्लाइट में इमरजेंसी दरवाजे से छेड़छाड़ करने पर केस दर्ज

पुणे। दिल्ली से पुणे जा रही इंडिगो की फ्लाइट में सोमवार को पैसेंजर ने इमरजेंसी दरवाजे के लीवर से छेड़छाड़ की। इससे उड़ान के दौरान अलार्म बज गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। यह घटना फ्लाइट 6ई6884 में हुई। पुलिस के मुताबिक, यात्री गौरव सत्येंद्र रौतेला (33) पुणे का रहने वाला है और इमरजेंसी दरवाजे के पास बैठा था। फ्लाइट ने सोमवार रात करीब 12.45 बजे दिल्ली से उड़ान भरी थी। यह करीब 2 बजे पुणे पहुंची। क्रू मेंबर की शिकायत पर पैसेंजर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

त्योहारों पर घर लौटना मुश्किल, ट्रेनों में वेटिंग भी बंद

गोरखपुर। दीपावली और छठ पर घर लौटने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। दिल्ली और मुंबई से गोरखपुर आने वाली ट्रेनों में 6 नवंबर तक और फिर 9 से 12 नवंबर तक सीटें उपलब्ध नहीं हैं। कई ट्रेनों में वेटिंग की सुविधा भी बंद हो चुकी है। ऐसे में यात्रियों के पास तत्काल टिकट का ही विकल्प बचा है। दूसरी ओर, बढ़ती मांग के चलते फ्लाइट और निजी बसों का किराया भी कई गुना तक बढ़ गया है। त्योहारों पर नौकरीपेशा लोगों, कारोबारियों और छात्रों का दूसरे शहरों से घर लौटने का सिलसिला तेज हो गया है।

अभिनेता तुषार कपूर से मांगी 5 करोड़ की रंगदारी



लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता तुषार कपूर को लॉरेंस बिश्नोई गैंग के नाम पर धमकी देकर 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का मामला सामने आया है। कथित तौर पर अभिनेता को फोन करने वाले ने खुद को गैंग से जुड़ा बताते हुए हैरी बॉक्सर के नाम का इस्तेमाल किया। धमकी मिलने के बाद तुषार कपूर ने बिना देरी किए मुंबई पुलिस को इसकी सूचना दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। हालांकि, शुरूआती जांच में एक चौंकाने वाली बात सामने आई है। पुलिस ने धमकी भरे कॉल में सुनाई देने वाली आवाज का मिलान लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सदस्य हैरी बॉक्सर के उपलब्ध ऑडियो सैंपल से कराया, लेकिन दोनों आवाजों में समानता नहीं मिली। इसके बाद पुलिस को आशंका है कि किसी शरारती तत्व ने गैंग के नाम का इस्तेमाल कर अभिनेता को डराने और उनसे रंगदारी वसूलने की कोशिश की है। मिली जानकारी के अनुसार, तुषार कपूर को आए कॉल में कथित तौर पर 5 करोड़ रुपये की मांग की गई थी। फोन करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया और हैरी बॉक्सर का नाम लिया।

नैनो न्यूज

- **वाशिंगटन:** वोटिंग से कुछ घंटे पहले अमेरिका का ईरान पर हमला: केश्म द्वीप पर 5 धमाके, ईरान ने दो अमेरिकी जासूसी ड्रोन गिराने का दावा किया।
- **मुंबई:** सेंसेक्स 1,225 अंक चढ़कर 76,918 पर बंद, निफ्टी भी 370 अंक ऊपर 23,811 पर पहुंचा, ऑटो और एफएमसीजी शेयर्स में ज्यादा खरीदारी रही।
- **नई दिल्ली :** एपल की रिकॉर्ड कमाई, सीईओ जॉन टर्नस बोले- देश में आईफोन और मैक की डिमांड ऑल-टाइम हाई, एपल पे भी किया लॉन्च।
- **मुंबई :** चांदी 3,547 गिरकर 1.76 लाख रु. पर आई, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना महंगा हुआ, कैरेट के हिसाब से देखें गोल्ड की कीमत।
- **लखनऊ :** 'राम जी के 5 बाप थे', धीरेंद्र शास्त्री के एक और बयान पर हंगामा, अखिलेश यादव बरसे।
- **नई दिल्ली:** एसबीआई का मुनाफा 14% बढ़कर 23,038 करोड़, दूसरी तिमाही में ब्याज से कमाई 15% बढ़ी, अनुमान से अच्छे रहे बैंक के नतीजे।

गुजरात के अमरेली जिले में मध्यप्रदेश के 2 लोग गाड़ी में जिंदा जले

दोनों मजदूरी के लिए गए थे, आधीरात धमाके की आवाज आई, परिवार बोला- पैसों और गाड़ी के विवाद में आग लगाकर मारा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर

गुजरात के अमरेली जिले में गाड़ी में आग लगने से मध्यप्रदेश के दो मजदूरों की मौत हो गई, दोनों गाड़ी में सो रहे थे। मंगलवार सुबह गाड़ी पूरी तरह जली मिली, दोनों के शव अंदर थे।

मृतकों की पहचान आलीराजपुर जिले की कठीवाड़ा तहसील निवासी रवि कमलेशभाई बघेल (16) और नितिन रामसिंह पचाया (21) के रूप में हुई है। दोनों मजदूरी करने गुजरात के लीलिया तहसील के गुंदरन गांव गए थे। मृतक रवि के पिता कमलेशभाई ने बताया- वे रात करीब 11 बजे तक जाग रहे थे। इसके बाद सोने चले गए। रात करीब 12.30 बजे उन्हें धमाके जैसी आवाज सुनाई दी। नींद खुलने पर गाड़ी में आग लगी देखी।

परिवार का आरोप है कि पैसों के लेन-देन और गाड़ी खड़ी करने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते विनोद नाम के व्यक्ति ने गाड़ी में आग लगाई। दोनों को जिंदा जलाकर मार दिया।



परिवार चार महीने से खेत में मजदूरी कर रहा था

खेत मालिक के रिश्तेदार रमेश वालजीभाई काछड़िया के मुताबिक, खेत अश्विनभाई जीवाभाई काछड़िया का है और इसका संचालन उनके भाई सुरेश पटेल करते हैं। यहां बटाईदार परिवार करीब चार महीने से खेती कर रहा था। रमेश ने बताया कि उन्हें रात करीब 1.20 बजे फोन पर घटना की सूचना मिली। इसके बाद उन्होंने पुलिस को जानकारी दी। लीलिया पुलिस और एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस टीम) की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए।

पुलिस और एफएसएल टीम ने मौके से जुटाए साक्ष्य

डीवाईएसपी विस्मय मानसता ने बताया मामले के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की है। अन्य संदिग्धों की तलाश जारी है। मामले में औपचारिक शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का किया सफल परीक्षण

500 किमी तक मार करने वाली एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें दागी जा सकती है

एजेंसी ▸▸ चांदीपुर

डीआरडीओ ने ओडिशा के चांदीपुर से प्रलय मिसाइल का सफल परीक्षण किया है। इसकी खासियत यह है कि एक ही लॉन्चर से 2 मिसाइलें लगातार दागी जा सकती हैं।

500 किलोमीटर तक मार करने वाली यह मिसाइल दुश्मन के अलग-अलग ठिकानों को निशाना बना सकती है। इसे क्वासी-बैलेस्टिक मिसाइल कहा जाता है, क्योंकि यह उड़ान के दौरान अपना रास्ता भी बदल सकती है।

इस परीक्षण के पहले 2किमी के दायरे में रहने वाले लोगों को वहां से हटा दिया गया था। रूस और अमेरिका पहले से ही इस तरह की मल्टी-मिसाइल लॉन्च क्षमता वाले सिस्टम विकसित कर चुके हैं। हालांकि, भारत ने यह क्षमता अपनी स्वदेशी तकनीक से विकसित की है।



सॉल्वो टेस्टिंग को समझें

साल्वो का मतलब: एक साथ कई फायर। नॉर्मल टेस्ट में एक लॉन्चर से एक मिसाइल जाती है, टारगेट हिट करती है। साल्वो टेस्टिंग में एक ही लॉन्चर से 30-60 सेकंड के अंतर में दो मिसाइलें दागी जाती हैं, दोनों का टारगेट अलग होता है।
भारत के लिए फायदा: युद्ध में दुश्मन के पास रिएक्ट करने का टाइम नहीं मिलेगा। पाकिस्तान का एक एयरबेस और उसका रडार दोनों 500 किमी दूर से एक ही ट्रक से तबाह।

क्वासी बैलिस्टिक मिसाइल क्या है

आम बैलिस्टिक मिसाइल सीधे ऊपर जाकर फिर नीचे आती है, रास्ता पहले से पता चल जाता है। प्रलय लो-ट्रेजेक्टरी पर जाती है, बीच में ही दिशा बदल सकती है, टर्मिनल फेज में मैन्युवर करती है। इसलिए दुश्मन का एयर डिफेंस इसे इंटरसेप्ट नहीं कर पाता। इसे आर्मी और एयरफोर्स दोनों में शामिल किया जाना है। पाकिस्तान के साथ एलओसी पर ऐसे शॉर्ट रेंज, हाई प्रिसीजन हथियार गेम-चेंजर माने जा रहे हैं।

होर्मुज में भारतीय जहाज पर हमले में एक की मौत

एजेंसी ▸▸ ओमान

होर्मुज स्ट्रेट में 2 नवंबर को एक भारतीय जहाज पर हमला हुआ। इसमें गुजरात के एक नाविक की मौत हो गई। जहाज पर सवार बाकी 13 भारतीयों को ओमान के कोस्ट गार्ड ने सुरक्षित बचा लिया। मृतक की पहचान गांधार नाहीम अजीज के रूप में हुई है। जहाज का नाम एमएसवी अल जुसुफी है। हमला कैसे हुआ और किसने किया इसकी जानकारी अभी सामने नहीं आई है। हमले के बाद भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाना बंद होना चाहिए। अंतरराष्ट्रीय समुद्री रास्तों पर जहाजों की आवाजाही और कारोबार बिना किसी रुकावट के जारी रहना चाहिए। ब्रिटिश समुद्री सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक, इस साल अक्टूबर में होर्मुज स्ट्रेट और उसके आसपास जहाजों पर 30 से ज्यादा हमले हुए। ईरान-अमेरिका जंग शुरू होने के बाद एक महीने में हमलों की यह सबसे बड़ी संख्या थी।

लैंडिंग के दौरान 2 हेलिकॉप्टर टकराए

भारतीय पर्यटक की मौत, न्यूजीलैंड का नागरिक और दोनों पायलट जख्मी



एजेंसी ▸▸ नेपाल

नेपाल के एवरेस्ट क्षेत्र में मंगलवार सुबह लैंडिंग के दौरान दो हेलिकॉप्टर आपस में टकरा गए। हादसे में एक भारतीय पर्यटक की मौत हो गई, जबकि न्यूजीलैंड का एक भारतीय मूल का नागरिक घायल हो गया। शुरूआती रिपोर्टों के मुताबिक, दोनों हेलिकॉप्टरों के रोटर ब्लेड आपस में टकराए थे।

हादसा सुबह 8.11 बजे सोलुखुम्बु जिले के फेरीचे हेलीपैड पर हुआ। यहां फिशटेल एयर और एयर डायनेस्टी के हेलिकॉप्टर उतरने की कोशिश कर रहे थे।

अधिकारियों के मुताबिक फिशटेल एयर के हेलिकॉप्टर में सवार भारतीय पर्यटक वसंत कुमार बालारामारामाडु की मौत हुई है। इसी हेलिकॉप्टर में सवार न्यूजीलैंड के नागरिक शैलेश कृष्ण पटेल घायल हुए हैं। वे भारतीय मूल के हैं।

तूफान मुरासु का केंद्र आंध्र प्रदेश से आगे बढ़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

चक्रवाती तूफान मुरासु आंध्र प्रदेश से आगे बढ़कर तेलंगाना की ओर चला गया है। हालांकि, इसका एक हिस्सा अब भी आंध्र के तट से गुजर रहा है। इसके असर से विजयवाड़ा समेत कई जिलों में भारी बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने मंगलवार शाम तक तेज हवाएं चलने और भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मुरासु सोमवार रात करीब 1 बजे आंध्र प्रदेश के तट से टकराया था। इस दौरान 120 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। मंगलवार सुबह 5.30 बजे तूफान का केंद्र तट पार कर गया। तेज हवाओं से हजारों पेड़ उखड़ गए और बिजली के सैकड़ों खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। कई नावों को भी नुकसान पहुंचा।



दूसरी मंजिल पर लगी आग से एक की मौत, 5 घायल

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद में थलतेज इलाके स्थित मैग्नेट कॉर्पोरेट पार्क में सोमवार देर रात आग लगने से बड़ा हादसा हो गया। पांच मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग फैलने के बाद वहां मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। धुएं और आग से बचने के लिए कुछ लोगों ने इमारत की दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। इस घटना में 23 वर्षीय युवक की जान चली गई।

हाईवे पर टोल प्लाजा की जगह लगेंगे गेंट्री पोल और सेंसर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

देश के राष्ट्रीय राजमार्गों पर अब पारंपरिक टोल प्लाजा की व्यवस्था धीरे-धीरे खत्म होने जा रही है। इनके स्थान पर गेंट्री पोल और ओवरहेड सेंसर लगाए जाएंगे। इससे वाहन चालकों को बिना रफ्तार कम किए टोल पार करने की सुविधा मिलेगी और टोल प्लाजा पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने 30 अक्टूबर को इस संबंध में परिपत्र जारी किया है। नई व्यवस्था के दायरे में 35 हजार किलोमीटर से अधिक निर्माणाधीन और करीब 20 हजार किमी प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग शामिल हैं।

एक जगह अनिश्चितकाल तक धरना नहीं दे सकते रोजगार-कारोबार का ध्यान रखना भी जरूरी : कोर्ट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि कोई भी संगठन प्रदर्शन के लिए किसी सार्वजनिक जगह पर अनिश्चितकाल तक कब्जा नहीं कर सकता। प्रदर्शन के लिए निर्धारित स्थलों पर भी एक तय समय-सीमा होनी चाहिए, ताकि दूसरे संगठनों को भी अपनी बात रखने का मौका मिल सके।

जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना की बेंच दिल्ली में अक्टूबर में हुए सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शनों से जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी। इनमें प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई, लोगों की हिरासत, निगरानी, प्रदर्शन स्थलों और कारोबारियों को हुए नुकसान से जुड़े मामले शामिल हैं।

सिरसा के गनहाउस से लाए, यूपी में होनी थी डिलीवरी

हरियाणा में 2 कारों से 25 हजार कारतूस बरामद

पांच गिरफ्तार, युवती भी शामिल, एसटीएफ ने पकड़ा

एजेंसी ▸▸ झज्जर

हरियाणा के झज्जर में एसटीएफ रोहतक ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक टाटा हैरियर और हुंडई ऑरा गाड़ी से 25 हजार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। बहादुरगढ़-रोहतक नेशनल हाईवे पर रोहद टोल प्लाजा के पास एसटीएफ ने दोनों गाड़ियों को पकड़ा।

गाड़ियों में सवार एक युवती सहित पांच युवकों को गिरफ्तार किया गया है। ये सभी उत्तर प्रदेश के बदायूं के रहने वाले हैं। डीएसपी शमशेर दहिया के मुताबिक, टाटा हैरियर से केएफ 7.65 और बीएमएम केएफ बोर के 24,400 कारतूस तथा हुंडई ऑरा से बीएमएम केएफ के 600 कारतूस बरामद किए गए।



बिहार पुलिस की ओर से इसकी सूचना एसटीएफ को मिली थी। बताया गया था कि भोजपुर में 2 नवंबर को 19 हजार कारतूसों के साथ तीन आरोपी पकड़े गए थे। इनका लिंक सिरसा के एक गन हाउस से सामने आया है, जहां से ये कारतूस खरीदे गए थे।

फिलहाल, इतनी बड़ी संख्या में कारतूसों की बरामदगी ने हथियार और गोला-बारूद की सप्लाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब हरियाणा के साथ-साथ यूपी और बिहार पुलिस की टीमें इस पूरे नेटवर्क को खंगाल रही हैं।


दीया मिर्जा का दिवाली पर अपील वाला वीडियो हटाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट नाराज

बीएमसी को वीडियो दोबारा पोस्ट करने को कहा

एजेंसी ▸▸ मुंबई

दीया मिर्जा का दिवाली पर पटाखे न जलाने की अपील वाला वीडियो हटाने पर बॉम्बे हाईकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने बीएमसी को एक्ट्रेस का वीडियो दोबारा अपलोड करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है और पर्यावरण से जुड़े मुद्दे को कोई दूसरा रंग नहीं दिया जाना चाहिए। जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस नीला गोखले की बेंच ने बीएमसी को यह आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि दीया मिर्जा ने अदालत के निर्देशों के मुताबिक जागरूकता वीडियो बनाया था।

बता दें कि बीएमसी की महापौर ऋतु तावड़े ने अभिनेत्री दीया मिर्जा के प्रदूषण-मुक्त दिवाली से जुड़े वीडियो की आलोचना करते हुए आरोप लगाया था कि उनका विरोध लगातार हिंदुत्व और उससे जुड़े लोगों के खिलाफ रहा है। तावड़े ने कहा कि हिंदुओं को दिवाली कैसे मनाई जाए, यह सिखाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने अभिनेत्री पर चुनिंदा मुद्दों को लेकर एजेंडा चलाने का आरोप भी लगाया।



एनसीपी नेता ने मुंबई के हित में बताया था वीडियो

वहीं एनसीपी नेता सूरज चव्हाण ने कहा कि दीया मिर्जा का एक्स पर साझा किया गया संदेश जनहित और मुंबई के हित में था। यह हाईकोर्ट के दिशा-निर्देशों के अनुरूप था। चव्हाण ने कहा कि मुंबई में वायु प्रदूषण गंभीर स्तर पर पहुंचने की बात कही गई थी और दिवाली को प्रदूषण मुक्त तरीके से मनाने की अपील इसी संदर्भ में की गई थी। उन्होंने सवाल उठाया कि बीएमसी ने इस वीडियो को क्यों हटाया। चव्हाण ने आशंका जताई कि दीया मिर्जा के नाम और उपनाम को राजनीतिक लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है।

दीया के वीडियो से क्यों मचा बवाल

- बता दें कि अभिनेत्री दीया मिर्जा के दिवाली पर प्रदूषण रोकने और पर्यावरण के अनुकूल त्योहार मनाने की अपील की थी। उनके इस वीडियो को बीएमसी के सोशल मीडिया अकाउंट से हटाए जाने के बाद विवाद गहरा गया था।
- कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी), समाजवादी पार्टी और शिवसेना (यूबीटी) के नेताओं ने इस फैसले पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस सांसद वर्षा गायकवाड़ ने कहा कि दीया मिर्जा ने दिवाली के दौरान प्रदूषण रोकने और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से त्योहार मनाने के बारे में वीडियो बनाया था। यह वीडियो बीएमसी की पहल के तहत तैयार किया गया था और महानगरपालिका ने इसे अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर साझा किया था।

महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

कूचल दो माफियाओं को...

आचार्य चाणक्य के नाम से हम सभी परिचित हैं और जिन्होंने उनके बारे में पढ़ा है वे जानते हैं कि उनके जीवन के सिद्धांत किस तरह के रहे थे। जिन विकृतियों से आज समाज जूझ रहा है कभी उन्हें लेकर आचार्य ने निदान बताए थे। कहा जाता है कि एक बार आचार्य चाणक्य कहीं जा रहे थे और उनके पैरों में बबूल का कांटा लगा तो वे अपना गंतव्य छोड़कर बबूल के तने को खोदने में लगे और वहां मट्ठा डाल कर ही माने। शिष्यों ने पूछा आचार्य ये क्या तो उनका कहना था कि आज इसने मुझे कष्ट दिया है कल ये किसी और को कष्ट देगा। इसलिए इसकी जड़ों में मट्ठा डालना ही इस समस्या का निदान है। पास के माताजी वाले जिले के अंतरगत मिनी हाईवे से जुड़े क्षेत्र में मदिरा माफिया इस तरह बेकाबू हो गए कि उन्होंने एक वर्दी वाले अफसर को ही अवैध शराब परिवहन के वाहन से कूचलकर भाग खड़े हुए। घायल अधिकारी अंततः शहीद हो गए। इससे पूर्व भी प्रदेश में माफियाओं ने कई बार सिर उठाया है और यहां तक कि अखिल भारतीय सेवा के अधिकारी तक की जान ले ली गई। कुछ-कुछ समय में माफिया सिर उठाते हैं और फिर दुबक कर अपने काम को अंजाम देने लगते हैं। हर बार छोटी-छोटी कार्रवाईयां हो जाती है और माफिया को हल्का फुल्का नुकसान पहुंचाकर हम अपने आंसू पोंछ कर चूप हो जाते हैं और फिर एक रूटीन सा शुरू हो जाता है। माफिया फिर सिर उठाता है और हमें ऐसी मर्मातक चोंट दे जाता है कि हम उससे उभरने की स्थिति में नहीं रह पाते हैं। हर बार ऐसे मुद्दों पर राजनीति शुरू हो जाती है। तर्क-वितर्क खड़े कर दिए जाते हैं। सब अपने को दूध का धुला साबित करने में लग जाते हैं। बहुत हुआ अब अबकी बार बिल्कुल ये नहीं। सिरे से माफिया रूपी सांप का फन ही कुचल दिया जाना चाहिए। वर्दी के पास इतनी शक्ति है कि वो समाज को साथ लेकर माफिया का सिर कुचलने का काम करेगा तो उसे सराहना ही मिलेगी। सियासत के दांव पेंचों और अपनी पदस्थी के तमाम मुद्दों को ताक पर रखकर इसके लिए कदम बढ़ाने होंगे और माफियाओं पर सिरे से ही फन कूचलने का ही काम करना होगा। अगर इनके प्रति रहम और नरमी का रूख रखा तो ये फिर सिर उठाएंगे और फिर हमें नुकसान पहुंचाएंगे। कब तक हम खून के आंसू पीते रहेंगे और अपने शहीद होने वाले भाईयों के बच्चों और अपने भतीजे-भतीजी को कब तक बरगलाएंगे। एक दिन हमें माफिया से सामना करना ही है तो फिर वो आज और अभी से ही क्यों नहीं। हर हाल में मातृभूमि के हृदय स्थल के प्रदेश से ही माफियाओं के नष्टीकरण का अभियान शुरू होना चाहिए। उनके पनाहदाताओं के दमन के लिए हर काम होना चाहिए। फिर वो चाहे कोई भी क्यों न हो। खुसूर-फुसूर है कि सूख का दाता सबका साथी हमारा प्रदेश देश का हृदय है और इस हृदय में ही अगर माफिया पनाह पा रहा है तो फिर हम वह हमारी धमनियों को जाम कर रहा है। बीमारी बढ़े और हृदयाघात के स्तर के खतरे तक पहुंचे इससे पहले ही इसका पूरा उपचार किया जाना चाहिए। उपचार की पद्धति भी ऐसी होना चाहिए कि आगे से कोई माफिया की श्रेणी में खड़ा होने से पहले दस बार सोचे और जन्म लेने वाला भी उससे सहम जाए।

नैनो न्यूज

- **पुलिस अधिकारी** की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृंखला, टॉवर चौक पर प्रदर्शन कर शराब माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई और गृह मंत्री के इस्तीफे की मांग की
- **निगम से** सत्यापन और अनुमति के बाद भी अपनी ही दीवार में दरवाजा खोलने का इंतजार कर रहे रहवासी, कंठाल चौराहा स्थित भवन स्वामियों ने एसपी से मांगी सुरक्षा, गुंडागर्दी का आरोप
- **शासकीय** प्राथमिक विद्यालय गुनावा में विद्यार्थियों को दीपावली से पूर्व वस्त्र व पठन-पाठन सामग्री वितरित
- **राज्य स्तरीय** शालेय बास्केटबॉल में उत्कृष्ट विद्यालय की तीन छात्राओं का चयन, एकतरफा जीत के साथ सेमीफाइनल में पहुंचा उज्जैन संभाग, आदिवासी विकास विभाग को 70-2, नर्मदापुरम को 65-2 और सागर संभाग को 41-0 से हराया, वृतिका कुरेल ने किया सर्वाधिक स्कोर
- **पीस पोस्टर** प्रतियोगिता में 116 विद्यार्थियों ने ड्राइंग शीट पर उकेरे शांति और मानवता के रंग, लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड ने अक्षत इंटरनेशनल स्कूल में मानवता में सद्भाव विषय पर कराया आयोजन
- **कर्मचारियों** को समस्याओं के लिए अब विभिन्न विभागों में नहीं भटकना पड़ेगा, आयोग करेगा त्वरित निराकरण, उज्जैन पहुंचे कर्मचारी कल्याण आयोग के सदस्य राज्य मंत्री बादाम सिंह यादव का राज्य कर्मचारी संघ ने किया स्वागत, लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर सौंपे पत्र
- **व्यंजना** की सीमा लांघ रहे आज के व्यंग्य, रचनाकारों के लिए यह आत्मावलोकन का समय, शरद जोशी की स्मृति में साहित्य अकादमी का विमर्श आयोजित, वक्ताओं ने कहा आज विचारधारा के साथ गढ़ा जा रहा है व्यंग्य
- **ओबीसी** मोर्चा ने वाहन रैली निकालकर राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा छह सूत्रीय ज्ञापन,
- **भगवान** महावीर स्वामी के निर्वाण से जुड़ा है दीपावली पर्व

केवायसी होने के बावजूद आधार मांगा जा रहा, फार्म में मात्र नंबर की जानकारी

जीवितता प्रमाण पत्र देना बनाम फजीहत का काम

बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा, पेयजल-बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं, पार्किंग की समस्या

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए जीवितता प्रमाण पत्र देना बनाम फजीहत का काम बनता जा रहा है। बैंकों की और से दस्तावेजों को लेकर कोई सूचना जारी नहीं की गई है। फार्म में जो जानकारी मांगी गई है उसकी पूर्ति एवं सहयोगी दस्तावेज देने के बाद बैंकों में दस्तावेज मांगे जा रहे हैं जिससे सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बेवजह चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड़ रहा है। बैंक का सर्वर काम नहीं कर रहा है जिससे भी परेशानी की स्थिति बन रही है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों को प्रतिवर्ष नंवबर माह में बैंकों में जीवितता प्रमाण पत्र देने के प्रावधान के तहत 01 से 30 नवंबर तक इसका सत्यापन किया जा रहा है। इसके तहत स्टेट बैंक ऑफ इंदौर की देवासरोड स्थित शाखा में ऐसे कर्मचारियों की खासी भीड़ उमड़ रही है। इस बार ऑनलाइन को प्राथमिकता दी जा रही है इसके तहत बैंक में कर्मचारी आकस्मिक ही आधार कार्ड मांग रहे हैं जबकि फार्म पर मात्र नंबर की जानकारी मागी गई है। इससे कई कर्मचारियों को बेवजह ही चक्कर काटना पड़ रहा है।

केवायसी होने के बावजूद आधार की मांग- बैंक में जीवितता प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाने आए कर्मचारियों ने इस फजीहत से दो-चार होने के दौरान बताया कि पहले तो उन्हें फार्म लेने आना पडा। उसके बाद घर से फार्म को भरकर लेकर आए तो संबंधित सत्यापन कर्मी ने आधार मांग लिया जबकि बैंक के फार्म में मात्र आधार के नंबर की जानकारी देने का ही प्रावधान किया गया था। जन्म तिथि प्रमाणन के लिए जरूर फार्म में पुष्टि मांगी गई है जिसे संलग्न किया गया। सेवानिवृत्त कर्मचारियों का कहना था कि बैंकों के आनलाईन खातों में केवायसी किया गया है जिसमें संबंधित सेवानिवृत्त का आधार,पेनकार्ड दर्ज है । ऐसे में आधार की कापी मांगना वरिष्ठजनों को परेशान करने जैसा ही है।



इस बार ऑनलाइन पर जोर

बैंक में जीवितता प्रमाण पत्र को इस बार ऑनलाइन किया जा रहा है। देवासरोड शाखा में दो काउंटर इसके लिए चलाए जा रहे हैं। दिन में कई बार सर्वर डाउन होने से दो काउंटर पर भी कछुआ गति के काम की स्थिति बनने लगती है। बैंक कर्मी जीवितता प्रमाण का सत्यापन कर मोबाइल के माध्यम से ऑनलाइन इसे इंद्राज करते हैं जिसमें सर्वर डाउन होने से उसमें समय लग रहा है। यही नहीं कई कर्मचारियों का डाटा बैंक कर्मचारियों को कई बार डालना पड़ रहा है उसके बाद भी उन्हें सफलता नहीं मिल पा रही है। कई बार तो सेवानिवृत्तों का फोटो भी कई बार खिंचकर उसे ऑनलाइन डालने की प्रक्रिया करना पड़ रही है जिसे कर्मचारी सेवानिवृत्तों के सहयोग के साथ अंजाम दे रहे हैं लेकिन सर्वर की गति के कारण परेशानी की स्थिति बार-बार बन रही है। ऐसे मामलों में मेन्यूअल भी सत्यापन भी किया जा रहा है।

पेयजल-बैठने, पार्किंग की परेशानी

सेवानिवृत्त वरिष्ठ बाबूलाल मालवीय ने कहा कि बैंक के अंदर जीवितता प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए आने वालों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए बैठने की पर्याप्त व्यवस्था की जाना चाहिए थी, जबकि अंदर ऐसा नहीं है। पेयजल की स्थिति भी सर्वदृष्य नहीं हैं। एक और कोने में है। कई बार सर्वर डाउन के कारण काम में देरी भी लग रही है ऐसे में बुजुर्गों को खड़े रहना पड़ रहा है। बैंक के बाहर पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं होने से वाहनों को खड़े करने को लेकर परेशानी हो रही है। कई कर्मचारी जो पैदल चलने में सक्षम नहीं हैं उन्हें ऑटो टैक्सी से अंदर प्रांगण तक आने में समस्या हो रही है।

ई-काउंटर परेशानी भरा

सेवानिवृत्त कर्मचारी राधेश्याम ने कहा कि बैंक छोटे-छोटे से काम का हमसे चार्ज वसूल कर रहा है लेकिन उसकी सेवाओं में कमी पर हमें होने वाले नुकसान की पूर्ति नहीं कर रहा है जो कि एक तरफा वाली स्थिति है। बैंक के ई-काउंटर पर अधिकांश समय एटीएम की समस्या रहती है। कभी आउट आफ सर्विस तो कभी पैसा नहीं कभी सर्वर में दिक्कत होती है। पासबुक प्रिंटिंग की दो मशीन होने के बावजूद भी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को समस्या से जुझना पड़ता है। कभी मशीन बार-कोड पकड़ती है तो कभी नहीं। आए दिन मशीन में पासबुक फस जाती है। हमेशा पास बुक का नया पेज लगाने पर भी पूरा पेज छोड़कर नीचे से मशीन प्रिंट देती है। इससे स्टेशनरी का बड़ा नुकसान हो रहा है। एटीएम से चार बार से ज्यादा पैसा निकालने पर चार्ज लगाया जा रहा है। दूसरे बैंक के एटीएम के उपयोग को चार्जेबल किया गया है। ऐसे में सेवानिवृत्त कर्मचारियों का तो नुकसान ही हो रहा है। इसे लेकर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

बैंक से सूचना का अभाव

बैंक में वैसे तो एक नंबवर से ही जीवितता प्रमाण के सत्यापन की कार्रवाई शुरू हो चुकी है। प्रथम एक दो दिन तो ठीक तीसरे दिन अच्छी संख्या में सेवानिवृत्त पहुंचे थे। ऐसे में उनका कहना था कि वैसे तो अधिकांश सेवानिवृत्तों को जानकारी है कि 1-30 नवंबर तक जीवितता प्रमाण सत्यापन के साथ देना है लेकिन बैंक की ओर से इसे लेकर सूचना का प्रकाशन किया जाना चाहिए। साथ ही सूचना में फार्म और उसमें लगने वाले दस्तावेजों की जानकारी भी दी जाना चाहिए। इससे सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिक संबंधित दस्तावेज साथ लेकर आएंगे और बैंक में ही फार्म भरकर दस्तावेजों को संलग्न कर दे देंगे जिससे उन्हें बेवजह चक्कर नहीं लगाना पडेगा और समय भी बचेगा। अभी बैंक के फार्म में मात्र जन्म दिनांक की पुष्टि को लेकर दस्तावेज मांगा गया है जबकि काउंटर पर आधार की प्रति मांगी जा रही है। ऐसे में सेवानिवृत्तों को चक्कर लगाने पर मजबूर होना पड रहा है, जबकि बैंक के जिस खाते पर इसे दर्ज किया जा रहा है उसमें पूर्व से ही केवायसी के तहत आधार एवं पेन पंजीयन हैं।

धीमी गति, लापरवाही का काम देख ठेकेदारों पर पैनल्टी की कार्यवाही की गई

गुस्साए आयुक्त, निर्माण कंपनियों पर 66 लाख पेनाल्टी ठोकी

टाटा सहित 3 ठेका एजेंसियां एवं एक कंसलटेंट को झटका

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धीमी गति से चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा गुस्सा गए हैं। उन्होंने सीधे-सीधे ऐसे ठेकेदारों पर पेनल्टी लगाने का काम शुरू कर दिया है। मंगलवार को निरीक्षण के दौरान ऐसी ही स्थितियों के चलते टाटा सहित 3 ठेका एजेंसियों पर 65 लाख एवं एक कंसलटेंट एजेंसी पर एक लाख का जुर्माना लगाया गया है।

सिंहस्थ में श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं बेहतर यातायात प्रबंधन को लेकर शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर चौड़ीकरण कार्य प्रचलित हैं। मंगलवार को नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने अधिकारियों के साथ प्रमुख सड़क चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। आयुक्त मिश्रा ने प्रत्येक स्थल पर कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं ठेकेदारों से कार्य की विस्तृत जानकारी लेकर समीक्षा की। आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सिंहस्थ महापर्व का समय नजदीक है, इसलिए सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किए जाएं। जिन कार्यों में अपेक्षित गति नहीं है, वहां अतिरिक्त श्रमिक एवं आवश्यक संसाधन बढ़ाते हुए कार्य की गति तत्काल बढ़ाई जाए। निर्माण कार्य के दौरान मलबे को हटाए एवं नाली निर्माण, सड़क निर्माण, पोल शिफ्टिंग, नल कनेक्शन आदि कार्यों को गति प्रदान करे। ने चौड़ीकरण कार्यों की धीमी गति पर नाराजगी व्यक्त करते सम्बन्धित ठेकेदारों द्वारा लापरवाही पाए जाने पर पैनल्टी की कार्यवाही की।



ठेकेदार पर 20 लाख कंसल्टेड पर1 लाख

नीलकंठ से महाकाल चौराहे पर प्रचलित चौड़ीकरण कार्य लगभग 11 करोड़ रुपये की लागत से 370 मीटर लंबे मार्ग को 24 मीटर चौड़ा किए जाने का है। आयुक्त ने निरीक्षण के दौरान निर्देश दिये कि तुड़ाई कार्य के दौरान पड़े मलबे को ठेकेदार संसाधनों से तुरंत हटाएं। तुड़ाई कार्य के पश्चात ले आउट के अनुसार 100 मीटर की नाली निर्माण का कार्य पूर्ण करे। चौड़ीकरण मार्ग पर भवनों की तुड़ाई कार्य में धीमी गति एवं लापरवाही पाए जाने पर निगम आयुक्त ने सम्बन्धित एजेंसी योगेश इंटरप्राइजेस पर 20 लाख की पेनल्टी सहित कंसलटेंट एजेंसी टेक्नोजेम पर ड्राइंग डिजाइन नहीं रखे जाने पर 1 लाख की पेनल्टी की गई।

24 खंबा से हरसिद्धि पाल

यह मार्ग 650 मीटर लंबा है एवं 18 मीटर चौड़ाई के साथ चौड़ीकरण किया जा रहा है। निगम आयुक्त द्वारा मार्ग पर शेष भवनों की तुड़ाई कार्य को गति बढ़ाए जाने के साथ नाली निर्माण के दौरान प्री कास्ट करने ,नल कनेक्शन, सभी कार्यों को गुणवत्ता पूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

ठेकेदार पर 25 एवं टाटा पर 20 लाख पेनाल्टी

निगम आयुक्त ने प्रचलित रामानुज कोट से दानी गेट तक 470 मीटर लंबाई के साथ 18 मीटर चौड़ाई के साथ मार्ग को चौड़ीकरण का निरीक्षण किया। कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठेकेदार निर्माण कार्य में आवश्यकतानुसार अतिरिक्त संसाधन एवं श्रमिक लगाए जाएं, ताकि कार्य निर्धारित समयावधि में पूर्ण हो सके, ठेकेदार द्वारा नाली निर्माण, बाउंड्री वॉल आदि निर्माण के दौरान निर्माण सामग्री के नहीं पाए जाने पर एवं कार्य की गति नहीं पाए जाने पर संबंधित एजेंसी विजय इंफ्रा पर 25 लाख की पेनाल्टी की गई। वही टाटा कंपनी के द्वारा नाला क्रॉस के दौरान 1600 एम एम की पाइप लाइन नहीं डालने पर 20 लाख पेनल्टी की गई।

महत्वपूर्ण भूमिका, नियमित निरीक्षण करें

आयुक्त मिश्रा ने स्पष्ट कहा कि सिंहस्थ महापर्व के लिए शहर में किए जा रहे प्रत्येक निर्माण कार्य नगर निगम की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में कार्य की गति धीमी रखने अथवा निर्धारित समय-सीमा का पालन नहीं करने की स्थिति में संबंधित ठेकेदार की जवाबदेही तय की जाए। उन्होंने अधिकारियों को भी नियमित रूप से कार्यस्थलों का निरीक्षण कर प्रगति की निगरानी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री प्रमोद मालवीय, कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, साहिल मैदावाला, राहुल चौहान, पलाश शर्मा भवन अधिकारी राजकुमार राठौर सहित संबंधित इंजीनियर एवं ठेकेदार उपस्थित रहे।

छोटे व महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान नहीं

खुदे गड्ढे, खुले चैंबर दे रहे हादसे को आमंत्रण, वाहन चालक मुश्किल में



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर के अंदर विकास को लेकर भले ही बड़े-बड़े काम किये जा रहे हैं लेकिन छोटे व महत्वपूर्ण कामों पर ध्यान देने को लेकर कोई पहल नहीं की जा रही है। इस कारण लोग कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं और उनकी जान जोखिम में आ सकती है।

वर्तमान में शहर की कई सड़के खुदी पड़ी है इस कारण वाहन चालक सहित पैदल चलने वाले राहगीरों को भी इन उबडखाबड रास्तों से निकलना किसी मुसीबत से कम नहीं है। इसी तरह की स्थिति पिछले एक हफ्ते से कोठी रोड पर संभाग आयुक्त के बंगले के समीप व जिला पंचायत की तरफ जाने वाले मार्ग की सड़क पर देखने को मिल रही है। यहां सड़क पर एक गड्ढा खोदा गया है गड्ढे से निकलने वाली मिट्टी का डेर भी सड़क पर लगा है। ऐसे में यहां से निकलते समय वाहन चालक किसी भी दिन इस गड्ढे में गिरकर घायल हो सकते हैं।

अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज में व्हाइट कोट सेरेमनी आयोजित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

अमलतास हॉस्पिटल एवं मेडिकल कॉलेज, उज्जैन में मेडिकल विद्यार्थियों के लिए व्हाइट कोट सेरेमनी (श्वेत कोट समारोह) का आयोजन किया गया। समारोह में नवप्रवेशित मेडिकल विद्यार्थियों को सफेद कोट पहनाकर चिकित्सा शिक्षा के नए सफर की शुरूआत कराई गई। इस अवसर पर विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे की गरिमा, मानवीय संवेदनाओं और मरीजों के प्रति जिम्मेदारी का महत्व बताया गया। समारोह में संस्थान के वरिष्ठ चिकित्सक, प्रबंधन, फैकल्टी सदस्य, विद्यार्थी एवं उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

एआई की शिक्षा में उपादेयता पर संगोष्ठी का शुभारंभ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नानाखेडा स्थित मनोविकास विशेष शिक्षा महाविद्यालय द्वारा एआई आधारित राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्घाटन मंगलवार को प्रातः डॉ. सेबेस्टियन वडक्केल, आर्चबिशप उज्जैन एवं डॉ. अर्पण भारद्वाज, कुलगुरु, सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. अजय खेमरिया, आयुक्त, दिव्यांगजन, मध्य प्रदेश शासन तथा विशेष अतिथि डॉ. डी.एन. सनसनवाल, पूर्व डीन एवं विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर थे। कार्यक्रम में इंजीनियर आदित्य वशिष्ठ, उपाध्यक्ष, एमआईटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स भी उपस्थित रहें।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में महाविद्यालय के समस्त सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिकाओं, कर्मचारीगण तथा महाविद्यालय के छात्रों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने संगोष्ठी के विभिन्न तकनीकी सत्रों में भाग लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, आधुनिक शिक्षण पद्धतियों, समावेशी शिक्षा एवं विशेष शिक्षा में तकनीकी नवाचारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।




उद्घाटन सत्र के पश्चात विभिन्न तकनीकी सत्रों का आयोजन समन्वयक श्रीमती शिवानी तिवारी के तत्वधान में किया गया।

प्रथम तकनीकी सत्र में डॉ. डी.एन. सनसनवाल ने आर्टिफिशल इंटेलीजेंसी के विभिन्न आयाम विषय पर व्याख्यान देते हुए कृत्रिम बुद्धिमत्ता के लाभ, सीमाओं, चुनौतियों एवं शिक्षा के क्षेत्र में इसके उचित उपयोग पर प्रकाश डाला।

इसके पश्चात डॉ. प्रमोद के. गुप्ता ने जनरेटिव एआई एंड टूल्स विषय पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि जनरेटिव एआई शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी, रचनात्मक एवं आधुनिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अगले सत्र में डॉ. गुप्ता ने आलोचनात्मक चिंतन, समस्या समाधान एवं रचनात्मकता विकसित करने में जनरेटिव एआई टूल्स की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की।

सम्मैया पोरिका ने एआई और तकनीक विषय पर व्याख्यान देते हुए आधुनिक तकनीक एवं कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पारस्परिक संबंधों तथा शिक्षा एवं दैनिक जीवन में इनके उपयोग की संभावनाओं पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात उन्होंने बताया कि एआई किस प्रकार अनुसंधान, तकनीकी विकास एवं नवाचार को नई दिशा प्रदान कर रहा है। दिन के अंतिम तकनीकी सत्र में श्रीमती सीरत छाबड़ा ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता और उसके व्यापक क्षेत्र विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, संचार, उद्योग एवं अन्य क्षेत्रों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग और उसके प्रभावों की जानकारी दी। इस प्रकार प्रथम दिवस में एआई की मूल अवधारणा से लेकर उसके शैक्षिक, तकनीकी एवं नवाचार संबंधी विभिन्न पहलुओं पर सारगर्भित चर्चा हुई।

राष्ट्रीय संगोष्ठी में 28 प्रतिभागियों ने शोध पत्र ऑनलाइन के माध्यम से प्रस्तुत किये गए जिनकी समीक्षा चार विद्वान डॉ. संमिता भावलकर, डॉ. अर्चना श्रीवास्तव, डॉ. कुलदीप कौर जुनेजा तथा श्रीमती हेमांगी पाराशर के द्वारा किया गया। सभी आमंत्रित अतिथियों का स्वागत संस्था के निदेशक फादर टॉम जार्ज ने किया और अंत में आभार अकादमिक निदेशक डॉ. प्रेम छाबड़ा ने व्यक्त किया।



दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

इंदौर | उज्जैन | बुधवार, 04 नवंबर, 2026 | www.awantika.com

न्यूज ब्रीफ

समय-सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक सम्पन्न

इंदौर। इंदौर जिले में विभिन्न विभागों में सीएम हेल्पलाइन में दर्ज प्रकरणों का निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सकारात्मक रूप से सुनिश्चित किया जायेगा। सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये है कि वे समय-सीमा में प्रकरण निराकृत करें। प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जायेगी। यह निर्देश आज यहां कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुई समय-सीमा पत्रों के निराकरण (टीएल) की समीक्षा बैठक में दिये गये। बैठक में सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न विभागों में लंबित समय-सीमा पत्रों तथा जनसमस्याओं के निराकरण की विभागवार समीक्षा की गई।

आरपीएफ ने 10 लाख 83 हजार का वसूला जुर्माना

उज्जैन। आरपीएफ थाने में ट्रेनों में चोरी, मारपीट और बिना टिकिट सहित अन्य तरह के अपराधों में रोजाना औसतन 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। यानी पिछले 300 दिन में कुल 3 हजार 274 केस दर्ज किए गए हैं। इतना ही नहीं आरपीएफ के नियम तोड़ने वालों से 10 लाख से ज्यादा का जुमार्ना भी वसूला है। आरपीएफ से मिली जानकारी के मुताबिक बीते 10 महीनों में लगभग 300 दिनों की अवधि में ट्रेनों में सफर कर रहे यात्रियों ने चोरी, मारपीट और छेड़छाड़ सहित महिलाओं और विकलांगों को सीट के लिए परेशान करने, फेरी वालों द्वारा मुसाफिरों को अभद्रता सहित किन्नरों द्वारा यात्रियों को परेशान करने व जबरन रुपए मांगने जैसी लगभग 3 हजार से ज्यादा शिकायतें शामिल हैं। इसके अतिरिक्तबगैर प्लेटफार्म टिकट आदि प्रकरणों में पकड़े गए आरोपियों से करीब 10 लाख 83 हजार रुपए का जुर्माना वसूला।

मप्र राज्यसभा चुनाव: लोहानी और सायन्ना का नामांकन रद

भोपाल। चुनावी घमासान के बीच कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार राजकुमार लोहानी को तगड़ा सियासी झटका लगा है। नामांकन पत्रों की आधिकारिक जांच (स्क्रूटनी) के दौरान प्रक्रियात्मक त्रुटियों के चलते निर्वाचन अधिकारी ने उनका नामांकन पत्र निरस्त कर दिया। इसके साथ ही एक अन्य उम्मीदवार कांते सायन्ना का पर्चा भी जांच में खारिज कर दिया गया है। जांच पड़ताल में यह तथ्य सामने आया कि राजकुमार लोहानी के नामांकन फॉर्म के साथ निर्वाचन आयोग द्वारा अनिवार्य किया गया शपथ पत्र फॉर्म 26 संलग्न नहीं था। चुनाव दिशानिदेर्शों के मुताबिक आवश्यक वैधानिक दस्तावेज पूरे न पाए जाने पर रिटर्निंग ऑफिसर ने नियमानुसार यह सख्त कदम उठाया। दो प्रमुख उम्मीदवारों के चुनावी दौड़ से बाहर होने के बाद इलाके के राजनीतिक समीकरणों में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है।

एमपी को मिले 48 नए डीएसपी, सीएम ने दिया काम का मंत्र



भोपाल। सीएम मोहन यादव भोपाल के भौंरी स्थित पुलिस अकादमी परेड ग्राउंड में 44वें-45वें बैच उप पुलिस अधीक्षकों को दीक्षांत समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने परेड की सलामी ली है। साथ ही नए पुलिस अधिकारियों को नसीहत भी है। उन्होंने कहा कि रील से ज्यादा रियल प्रॉब्लम सॉल्व करने में पुलिस अधिकारी ज्यादा ध्यान देंगे। सीएम मोहन यादव ने कहा कि आज का दिन मध्य प्रदेश और पुलिस के लिए काफी अहम है। प्रदेश के 48 नए जनसेवक मिले हैं। ये राज्य की सेवा करने के लिए अपने आप तत्पर रहें। हमारे प्रदेश में जब-जब चुनौती आई है, तब-तब हमारे पुलिस जवानों ने उनका सामना उच्चतम प्रतिमान स्थापित किए हैं। आजादी के बाद राज्य में लंबे समय तक डाकुओं के साए में रहा है। चाहे चंबल अंचल हो या रीवा अंचल, हमारी पुलिस ने इन चुनौतियों को सामना सफलता से किया है। उन्होंने कहा कि एमपी में इस बात की कल्पना करना कठिन था कि प्रदेश से कभी नक्सलवाद का संकट खत्म होगा। नक्सलियों के कारण आदिवासी अंचलों में विकास ठप हो गया है। लेकिन एमपी ने असंभव लक्ष्य को हासिल किया और समय सीमा से पहले नक्सलवाद को खत्म कर गिया। नक्सलियों का सफाया कर पुलिस ने अपनी दक्षता साबित की है। इसके साथ ही सीएम ने नए अधिकारियों से कहा कि आपका चयन नई चुनौतियों के बीच हो रहा है।

नैनो न्यूज

- **शराब तस्करी मामले में तीन दुकान लाइसेंस रद्द-** देवास में टीआई की मौत के बाद शराब तस्करी मामले में कार्रवाई तेज हुई। तीन शराब दुकानों के लाइसेंस रद्द किए गए तथा आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी निलंबित किए गए।
- **झाड़ियों में मिला नवजात, पुलिस ने अस्पताल पहुंचाया-** आगर में जन्म के तीन घंटे बाद झाड़ियों में नवजात बालक मिला। डायल 112 पुलिस ने उसे जिला अस्पताल के एनआईसीयू में भर्ती कराया।
- **बोमा अभियान से 1236 वन्यजीव सुरक्षित स्थानांतरित-** शाजापुर में नीलगाय और कृष्णमृग को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने के अभियान के तहत 1236 वन्यजीवों को बोमा पद्धति से स्थानांतरित किया गया। मुख्यमंत्री ने अभियान की समीक्षा की।
- **पेट्रोल पंप कर्मचारी पर हमला, संचालकों ने मांगी कार्रवाई-** सुसनेर में नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी पर हमला किया। घटना के विरोध में आठ पेट्रोल पंप संचालकों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग की।
- **जावरा में दस हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार-** रतलाम जिले के जावरा में दस हजार रुपए के इनामी फरार आरोपी श्यामलाल को गिरफ्तार किया गया।

लगभग 50 छात्राएं सामूहिक रूप से शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं, अभद्रता और सीसीटीवी बंद कराने के लगाए आरोप

बाहरी आवाजाही से परेशान होकर छात्राओं ने की कलेक्टर से शिकायत

छात्राओं ने एक बाहरी व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाया, छात्रावास में 600 से 700 लड़कियां रहती हैं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

आदिवासी कन्या महाविद्यालयीन छात्रावास में बाहरी व्यक्ति की लगातार आवाजाही, अनधिकृत प्रवेश और कथित अभद्रता से परेशान लगभग 50 छात्राएं सोमवार को सामूहिक रूप से शिकायत लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। छात्राओं ने एक बाहरी व्यक्ति पर गंभीर आरोप लगाते हुए जिला प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

छात्राओं ने कलेक्टर को संबोधित ज्ञापन सौंपा। बताया कि सोनू कुशवाहा नामक व्यक्ति, जिसका छात्रावास की व्यवस्थाओं से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है, वह लगातार परिसर में दखल दे रहा है। आरोप है कि वह थार, स्कूटर और अन्य बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों से हर दूसरे-तीसरे दिन छात्रावास परिसर में आता है। छात्राओं के पास संबंधित वाहनों के फोटो और वीडियो प्रमाण भी मौजूद हैं। इसके अलावा, रात 8 से 9 बजे के बीच भी उसकी आवाजाही बनी रहती है। छात्रा किरण सूर्यवंशी ने मीडिया को बताया कि यह बेहद गंभीर मामला है क्योंकि छात्रावास में 600 से 700 लड़कियां रहती हैं।

छात्राओं का आरोप है कि संबंधित व्यक्ति द्वारा छात्रावास के सीसीटीवी कैमरे बंद करवाने या हटवाने का प्रयास किया जाता है तथा छात्राओं की गतिविधियों की वीडियोग्राफी कर विभाग में भेजी जाती है। पेयजल संकट के दौरान भी उसके द्वारा अनावश्यक हस्तक्षेप किए जाने की शिकायत की गई है।

विरोध करने पर वह छात्राओं और वार्डन से अभद्रता करता है

विरोध करने पर वह छात्राओं और वार्डन से अभद्रता करता है। छात्रावास की अधीक्षिका प्रीति चंदेल ने बताया कि सोनू कुशवाहा आदिम जाति कल्याण विभाग के संभागीय आयुक्त के वाहन चालक हैं। उनका छात्रावास से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है, इसके बावजूद वे दिन में 4-5 बार और रात में भी परिसर में आते हैं।

वे छात्रावास की अधीक्षिका पवित्रा परमार से मिलने के बहाने उनके निवास के साथ परिसर तक पहुंचते हैं। इस संबंध में 8 अक्टूबर को ही जिला संयोजक और संभागीय आयुक्त को लिखित शिकायत देकर अवगत कराया गया था। सुनवाई करने पहुंचीं संयुक्त कलेक्टर शिवानी तरेटिया ने छात्राओं को आश्वस्त किया कि ज्ञापन में उठाए गए सभी बिंदुओं की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। छात्राओं की सुरक्षा को सर्वोपरि रखते हुए आवश्यक इंतजाम किए जाएंगे और सीसीटीवी कैमरों से जुड़े मामलों की भी जांच होगी। छात्रावास की अधीक्षिका प्रीति चंदेल ने बताया कि सोनू कुशवाहा आदिम जाति कल्याण विभाग के संभागीय उपायुक्त के वाहन चालक हैं। उनका छात्रावास से कोई आधिकारिक संबंध नहीं है। इसके बावजूद वे दिन में 4 से 5 बार परिसर में आते हैं। रात में भी उनका आना-जाना बना रहता है। चंदेल के अनुसार, वे छात्रावास की अधीक्षिका पवित्रा परमार से मिलने आते हैं और उनके निवास के साथ छात्रावास परिसर में भी पहुंचते हैं।

संबंध नहीं है, इसके बावजूद वह बार-बार परिसर में आता है

छात्राओं ने कलेक्टर के नाम दिए ज्ञापन में बताया कि सोनू कुशवाहा लगभग हर दूसरे-तीसरे दिन छात्रावास आते हैं। कई बार रात 8 से 9 बजे के बीच भी उनकी आवाजाही रहती है। छात्रा किरण सूर्यवंशी ने बताया कि संबंधित व्यक्ति ने 4-5 छात्राओं से बदतमीजी की है। वार्डन से भी तू-तड़ाक में बात करते हुए कहा कि 'तू होती कौन है बोलने वाली'। छात्राओं का कहना है कि वे किसी के निजी जीवन पर सवाल नहीं उठा रहीं, लेकिन छात्रावास में उनके आने और छात्राओं के मामलों में हस्तक्षेप करने का अधिकार क्या है, यह स्पष्ट होना चाहिए।

एमबीबीएस की आवंटित सीट निरस्त करने पर अनावेदकों से जवाब-तलब

हाईकोर्ट ने छात्र के लिए एक सीट खाली रखने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर के न्यायाधीश विवेक बर्बाद रूसिया व न्यायाधीश प्रदीप मित्तल की संयुक्तपीठ ने नीट के माध्यम से एमबीबीएस पाठ्यक्रम में सीट आवंटित होने और प्रवेश की निर्धारित औपचारिकताएं पूरी करने के बाद भी दाखिला निरस्त किए जाने के खिलाफ दायर बड़वानी निवासी छात्र दिव्यांशु सेपटा की याचिका पर सुनवाई करते हुए मामले में सभी अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निदेश दिए हैं।

इसके साथ ही न्यायालय ने याचिकाकर्ता के लिए एक सीट रिक्त रखने के निर्देश दिए हैं। मामले में सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि उसने एमबीबीएस में प्रवेश के लिए नीट परीक्षा दी थी। रैंक के आधार पर काउंसलिंग के माध्यम से उसे आरकेडीएफ कॉलेज में सीट आवंटित हुई थी। इसके बाद उसने मॉप-अप राउंड में सीट अपग्रेड करने के लिए आवेदन किया।

माप-अप काउंसलिंग के दौरान वह सभी औपचारिकताएं पूरी करने के लिए स्वयं उपस्थित हुआ और नोडल अधिकारी के समक्ष दस्तावेजों का सत्यापन भी कराया।

विभाग ने भी इस संबंध में कॉलेज को पत्र लिखा था

याचिका के अनुसार, सीट आवंटित होने के बाद उसने निर्धारित प्रक्रिया पूरी की, सीट लीविंग बान्ड भरा और फीस भी जमा कर दी। इसके बावजूद बाद में ई-मेल के माध्यम से उसे सूचित किया गया कि आवंटित सीट निरस्त कर दी गई है। इसकी वजह कालेज द्वारा प्रवेश की रसीद पोर्टल पर जनरेट नहीं किया जाना बताई गई। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि संचालक, चिकित्सा शिक्षा विभाग ने भी इस संबंध में कॉलेज को पत्र लिखा था। उक्त पत्र में स्पष्ट किया गया था कि छात्र की प्रवेश रसीद पोर्टल पर जनरेट करने की जिम्मेदारी कालेज प्रबंधन की है।

प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की चार सीटें रिक्त



याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि पोर्टल पर रसीद जनरेट करना महज प्रशासनिक औपचारिकता है। उसकी भौतिक उपस्थिति, फीस जमा करने और नोडल अधिकारी द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के माध्यम से प्रवेश की प्रक्रिया पहले ही पूरी हो चुकी थी। ऐसे में कॉलेज की ओर से पोर्टल पर रसीद जनरेट नहीं किए जाने का खामियाजा याचिकाकर्ता छात्र को भुगतना पड़ रहा है। संयुक्तपीठ को अवगत कराया गया कि प्रदेश में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की चार सीटें रिक्त हैं और इनके लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर निर्धारित है। न्यायालय ने मामले की परिस्थितियों पर विचार करने के बाद याचिकाकर्ता के लिए एक सीट रिक्त रखने के निर्देश दिए, साथ ही अनावेदकों से जवाब तलब कर लिया।

वार्ड 43 में सड़क निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन फूटी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वार्ड क्रमांक 43 में पेयजल पाइपलाइन फूटने की वजह से कई क्षेत्रों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। इस कारण क्षेत्रीय

लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पिछले 8 दिन से क्षेत्र में जल संकट गहराया हुआ है। लेकिन अभी तक इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। वार्ड 43 में सांदीपनि चौराहे से उद्यवन मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है ऐसे में सड़क निर्माण की खुदाई के दौरान यहां की पेयजल पाइपलाइन फूट गई। इस कारण इस वार्ड के देसाई नगर, लक्ष्मी नगर, सांदीपनि चौराहा, घास मंडी सहित वल्लभनगर व अंबापुरा में जल संकट पैदा हो गया है। यहां पिछले 8 दिन से पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों को प्रतिदिन उपयोग के लिए पानी जुटाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में नगर निगम के टैंकर भेज कर पानी की पूर्ति की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले आठ दिन से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। पेयजल पाइपलाइन डैमेज होने के कारण कई क्षेत्रों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण यहां की पेयजल पाइपलाइन कई बार डैमेज हो चुकी है। जिसे पीएचई विभाग की टीम सुधारकर जाती है और कुछ दिन बाद फिर पाइपलाइन फूट जाती है।

पुलिस द्वारा वर्ष 2023 से गुम मोबाइल खोजने का अभियान चलाया जा रहा है

गुम 522 मोबाइल लौटाकर दिया दीपावली का उपहार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



एक बार फिर दीपावली पर्व के पूर्व पुलिस द्वारा गुम हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके मालिकों को वापस लौटा दिए। 522 मोबाइल की अनुमानित कीमत एक करोड रुपए थी। मोबाइल वापस मिलने से धारकों में खुशी का माहौल दिखाई दिया।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने बताया कि गुम मोबाइल की शिकायत मिलने पर उन्हें खोजने के प्रयास पुलिस द्वारा लगातार किए जा रहे हैं। पिछले कुछ महीनो में जिले की थाना पुलिस द्वारा 522 मोबाइल तकनीकी मदद से खोजने में सफलता मिली है। खोजे गए मोबाइलों में कुछ पुलिस द्वारा वाहन चेकिंग और अन्य कार्रवाई में भी बरामद किए गए थे। मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम पर खोजे गए मोबाइल की शिकायत दर्ज करने वाले मालिकों को बुलाकर समूह के रूप में वापस लौटा दिए गए। पुलिस अधीक्षक के अनुसार इस वर्ष भी 1000 गुम मोबाइल खोजने का लक्ष्य रखा गया था। वर्ष के शुरूआती माह में 406 मोबाइल खोज कर लौट आए गए थे अब तक 928 मोबाइल फोन जिले की पुलिस द्वारा खोज लिए गए हैं। 522 मोबाइलों में से 98 लोग दूसरे जिलों के और 87 लोग दूसरे राज्यों के रहने वाले हैं। इनके मोबाइल उज्जैन आने के दौरान गुम हुए थे।

इस वर्ष भी 1000 गुम मोबाइल खोजने का लक्ष्य रखा गया था

4 साल में 2560 मोबाइल बरामद

पुलिस द्वारा वर्ष 2023 से गुम मोबाइल खोजने का अभियान चलाया जा रहा है पहले वर्ष 235 मोबाइल कीमत 58 लाख 75 हजार के खोजे गए थे। 2024 में 445 मोबाइल कीमत 92 हजार, वर्ष 2025 में 952 मोबाइल कीमत 1 करोड़ 81 लाख 65 हजार के खोजे गए थे वर्ष 2026 में अब तक 928 मोबाइल कीमत 1 करोड़ 73 लाख के बरामद किए जा चुके है। इस कार्यवाही में आईटी सेल, साइबर टीम, जिले के विभिन्न थाना प्रभारियों और पुलिसकर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

श्योपुर में पराली प्रबंधन की लापरवाही पर कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

धान की कटाई के सीजन में पराली जलाने की घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। पराली प्रबंधन के प्रयासों में लापरवाही मिलने पर कलेक्टर शीला दाहिमा ने 15 ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों (आरएईओ) को नोटिस जारी करवाकर, उनका 15-15 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए हैं।

साथ ही स्पष्ट किया कि खेतों में पराली जलाने और बिना एसएमएस कटर के हार्वेस्टर चलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। रविवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने कहा कि पराली जलाने से पर्यावरण प्रदूषित होने के साथ मिट्टी की उर्वरता और उत्पादकता भी प्रभावित होती है।

धान का रकबा बढ़ने के कारण इसके वैज्ञानिक प्रबंधन पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने कृषि विभाग के मैदानी अमले को लगातार गांवों का भ्रमण करने और ग्राम स्तरीय निगरानी समितियों को सक्रिय रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पुलिस और परिवहन विभाग को नाकों पर बाहर से आने वाले हार्वेस्टरों की जांच करने तथा उनमें एसएमएस कटर की अनिवार्य उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। जिले में पंजीकृत सभी हार्वेस्टरों और कंबाइन मशीनों में भी एसएमएस लगाना अनिवार्य होगा।

मिशन-2028 की तैयारी में जुटी भाजपा, 70 हजार बूथ मजबूत करने का लक्ष्य

66 आकांक्षी सीटों पर भाजपा का सबसे अधिक फोकस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मध्य प्रदेश में भाजपा ने मिशन-2028 की तैयारियों को गति देना शुरू कर दिया है। सेवा-संकल्प अभियान के - समापन के बाद पार्टी ने अपना फोकस बूथों की मजबूती, कमजोर विधानसभा सीटों पर - पकड़ बढ़ाने और संगठनात्मक विस्तार पर केंद्रित कर दिया है। इसी बीच राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) भी प्रदेश में अपने - संगठनात्मक ढांचे में बड़े बदलाव की तैयारी कर रहा है।

भाजपा और संघ की इन कवायदों को आगामी विधानसभा चुनाव से पहले जमीनी नेटवर्क मजबूत करने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। भाजपा ने प्रदेश की 66 की विधानसभा सीटों की सूची तैयार की है, जहां पिछले चुनावों में पार्टी का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर रहा था। इन सीटों पर संगठन और सरकार, दोनों स्तरों पर काम वं करने की रणनीति बनाई जा रही है। पार्टी का जोर उन क्षेत्रों में जनसंपर्क बढ़ाने, स्थानीय संगठन को सक्रिय करने और बूथ स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका मजबूत करने पर रहेगा।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पार्टी पदाधिकारियों को संगठन के निर्धारित लक्ष्यों को पूरा करने और मिशन-2028 के लिए अभी से जुटने के निर्देश दिए हैं। वहीं, संघ मध्य प्रदेश में तीन प्रांतों की मौजूदा व्यवस्था के स्थान पर सात संभागों के जरिए कामकाज संचालित करने की योजना पर आगे बढ़ रहा है। आगामी विधानसभा चुनाव 2028 और लोकसभा चुनाव 2029 को ध्यान में रखते हुए पार्टी नेतृत्व ने जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए नए कार्यक्रम तैयार करने के संकेत दिए हैं। प्रदेश कोर ग्रुप की बैठक में भी नए पदाधिकारियों की मौजूदगी में संगठनात्मक कार्ययोजना पर चर्चा की गई।

बदलने जा रहा संगठनात्मक ढांचा

संघ के शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों के बाद मध्य प्रदेश में संगठनात्मक पुनर्गठन की तैयारी है। वर्तमान में संघ का कामकाज महाकौशल, मध्यभारत और मालवा के तीन प्रांतों में बंटा हुआ है। प्रस्तावित व्यवस्था में प्रांत प्रचारक का पद समाप्त कर सात संभागों के माध्यम से संगठन का संचालन करने की योजना है। नई व्यवस्था में इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, सागर, रीवा, ग्वालियर और भोपाल संभाग शामिल होंगे। संभाग प्रचारक संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन की प्रमुख कड़ी होंगे और सीधे नागपुर स्थित संघ मुख्यालय के संपर्क में रहेंगे। इसके ऊपर क्षेत्र प्रचारक की भूमिका होगी। सूत्रों के मुताबिक, संघ की नई व्यवस्था के तहत नवंबर से जनवरी के बीच निचले स्तर पर चुनाव प्रक्रिया पूरी करने की तैयारी है। फरवरी में प्रतिनिधि सभा की बैठक में नए ढांचे को मंजूरी मिलने की संभावना जताई जा रही है।

70 हजार से अधिक बूथों को मजबूत करने की जिम्मेदारी

भाजपा संगठन में नई जिम्मेदारियों के साथ प्रदेश प्रभारी डॉ. बिप्लब देब और संगठन महामंत्री चंद्रशेखर की भूमिका भी अहम होगी। पार्टी के सामने प्रदेश के 70 हजार से अधिक बूथों को मजबूत बनाने की चुनौती है। इसके साथ ही कमजोर और कम अंतर से हार-जीत वाली विधानसभा सीटों पर विशेष रणनीति के तहत काम किया जाएगा। हार का सामना कर रही सीटों पर संगठन की सक्रियता बढ़ाने और स्थानीय स्तर पर समन्वय बेहतर करने पर जोर रहेगा। संघ का प्रस्तावित संभागीय पुनर्गठन अलग-अलग संगठनात्मक प्रक्रियाएं हैं, लेकिन दोनों में स्थानीय स्तर पर संपर्क, कार्यकताओं की सक्रियता और संगठन के विस्तार पर जोर दिखाई देता है।

कूनो में चीता शावक शिकार का खुलासा

दो आरोपियों को किया गिरफ्तार; बदमाशों से लाइसेंसी बंदूक बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

कूनो नेशनल पार्क से जुड़े वन क्षेत्र में चीता शावक के शिकार के मामले में स्पेशल टास्क फोर्स ने बड़ी कार्रवाई की है। दो आरोपितों को गिरफ्तार कर शिकार में इस्तेमाल लाइसेंसी भरमार बंदूक बरामद की गई है। प्रारंभिक जांच में संगठित वन्यजीव तस्करी गिरोह की भूमिका नहीं मिली है। यह स्थानीय स्तर पर शिकार की घटना है।

वन विभाग द्वारा जारी जानकारी के अनुसार, 25 अक्टूबर को वनमंडल श्योपुर के कक्ष क्रमांक 748 में नर चीता घायल अवस्था में मिला था। उपचार के दौरान उसके शरीर से बंदूक के छर्रे यानी पेलेट्स मिले, जिसके बाद शासन ने वन और पुलिस अधिकारियों की चार सदस्यीय एसटीएफ गठित की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल जांच शुरू कर दी थी। मुखबिर तंत्र, डॉग स्क्वॉड और मुरैना पुलिस की मदद से जांच में ग्राम नवलपुरा-बेहरारा, पहाड़गढ़ (मुरैना) निवासी भगवान सिंह को 31 अक्टूबर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने बताया कि 24 अक्टूबर को वह अपने भाई प्रीतम सिंह के साथ ग्राम नितनवास, विजयपुर के जंगल में शिकार के इरादे से गया था, तभी चीते की हलचल दिखने पर अपनी लाइसेंसी दो नाली टोपीदार बंदूक से गोली चला दी। दूसरे आरोपी प्रीतम सिंह को भी हिरासत में लेकर दोनों की निशानदेही पर मुरैना के जंगल से हथियार जब्त किया गया है।

दोनों आरोपियों पर वन्यजीव संरक्षण की धारा 9 और 51 के तहत मामला दर्ज किया गया है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रारंभिक विवेचना में संगठित वन्यजीव तस्करी गिरोह की भूमिका नहीं मिली है, यह स्थानीय स्तर पर शिकार की घटना है।

न्यूज कालम



ग्रामीण स्कूलों में राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किए गए

जावरा । राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस कार्यक्रम सिविल अस्पताल प्रभारी डॉक्टर दीपक पाल के निर्देशन में परामर्शदाता अनीता वडेल उमंग केंद्र सिविल अस्पताल द्वारा क्षेत्र के शासकीय हाई स्कूल बिनोली एवं उन्हें उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हाटपिपलिया में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन 20 दिनों तक किया गया ।उक्त जानकारी अस्पताल के प्रभारी सुपरवाइजर शैलेंद्र कुमार दवे ने देते हुए बताया कि किशोर-किशोरियों को मानसिक स्वास्थ्य का महत्व, तनाव, चिंता, अवसाद के लक्षण, परीक्षा का तनाव, मोबाइल/सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग, जीवन कौशल, आत्महत्या की रोकथाम तथा मदद लेने के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई, कार्यक्रम में 1705 प्रतिभागियों को जानकारी दी गई, साथ ही टेलीमानस हेल्पलाइन 14416, उमंग हेल्पलाइन 14425, मनहित एवं उमंग केंद्र में मिलने वाली निःशुल्क परामर्श सेवाओं के बारे में बताया गया, तथा उंमग स्वास्थ्य केंद्र पर आने के लिए प्रेरित किया गया, ।,

ऑल इज वेल हॉस्पिटल द्वारा 4566वां नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित



बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल, बुरहानपुर द्वारा सामाजिक सरोकार के तहत स्कूढ़ बैंक, जिला खंडवा में 2 नवम्बर को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 77 से अधिक मरीजों ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर में हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के संबंध में आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। इस दौरान सभी मरीजों का निःशुल्क सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण किया गया, जिसमें ब्लड प्रेशर, रक्त जांच एवं वजन की जांच शामिल रही। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा मरीजों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक सावधानियां बरतने की सलाह दी गई। साथ ही किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेने के लिए भी जागरूक किया गया। ऑल इज वेल हॉस्पिटल के संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में आयोजित यह शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हॉस्पिटल का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक बेहतर एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना है। इसी उद्देश्य के साथ भविष्य में भी विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।

विधायक राजकुमार मेव ने ग्राम जैत पहुंचकर स्वर्गीय काशीबाई को दी श्रद्धांजलि



मंडलेश्वर। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की पूज्य माताजी श्रीमती काशीबाई के निधन के बाद महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के सनातनी विधायक राजकुमार मेव उनके पैतृक गांव जैत पहुंचे। यहां उन्होंने स्वर्गीय काशीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उन्हें नमन किया।इस दौरान विधायक राजकुमार मेव ने शोक संवेदनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि मां का स्थान जीवन में सबसे बड़ा होता है। उनका निधन परिवार के लिए अपूरणीय क्षति है।।विधायक राजकुमार मेव के साथ भाजपा किसान मोर्चा खरगोन जिला अध्यक्ष नारायण पाटीदार एवं रोहित केवट ने भी स्वर्गीय काशीबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महेश्वर प्रखंड की मासिक बैठक संपन्न



मंडलेश्वर। विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल महेश्वर प्रखंड की मासिक बैठक मंडलेश्वर खंड के प्रसिद्ध टोकेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित की गई। बैठक में मालवा प्रांत सह सेवा प्रमुख आरती दीदी जायसवाल, खरगोन विभाग मंत्री मनोज भाई साहब, बड़वाह जिला मंत्री रितेश कौशल एवं जिला संयोजक राज तंवर विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में आरती दीदी जायसवाल ने कार्यकताओं को संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कार्यकर्ता निर्माण, शौर्य प्रशिक्षण वर्ग और आगामी हितचिंतक अभियान सहित संगठन के विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के लिए कार्यकताओं की सक्रियता, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करना आवश्यक है।

सेवानिवृत्ति पर स्वागत कर दी विदाई

मनावर। कुसुम कंवचे के सेवानिवृत्त होने पर शिक्षा विभाग एवं विद्यालय के समस्त स्टाफ ने भावभीनी विदाई दी गई। कंवचे ने अपने सेवाकालीन के दौरान शिक्षा के क्षेत्र में समर्पण एवं कर्तव्यपरायणता के साथ विद्यार्थियों का भाविष्य संवारने का कार्य किया। उनका वर्षों का शैक्षणिक अनुभव अनुशासन और संस्कार आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। एक समारोह में शिक्षकों और गणमान्यजनों ने उनका आत्मीय सम्मान कर भावभीनी विदाई दी।

चिंचाला श्मशान घाट को मिलेगा सुव्यवस्थित और भव्य स्वरूप, 62.50 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन- अर्चना चिटनिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बुरहानपुर



लालबाग क्षेत्र स्थित चिंचाला श्मशान घाट के समग्र विकास और कायाकल्प की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने चिंचाला श्मशान घाट परिसर में ६२ लाख ५० हजार रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर प्रथम चरण के निर्माण कार्यों का शुभारंभ किया। पूरे परिसर का मास्टर प्लान तैयार कर विकास कार्य चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ किए गए हैं। वहीं, श्मशान घाट के पीछे लगभग 4.5 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वन भी विकसित किया जा रहा है।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि श्मशान जीवन का सबसे बड़ा सत्य है। यह वह स्थान है जहाँ अमीर-गरीब, ऊँच-नीच और सामाजिक भेदभाव की सभी सीमाएं समाप्त हो जाती हैं। इसलिए श्मशान घाटों का विकास केवल निर्माण कार्यों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि इन्हें स्वच्छ, सुव्यवस्थित, सुविधायुक्त और शांत वातावरण वाले परिसर के रूप में विकसित करना आवश्यक है।

चिटनिस ने बताया कि विधायक विशेष निधि से लगभग 50 लाख रुपये के विभिन्न निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनके वर्क ऑर्डर जारी होने के बाद भूमिपूजन के साथ निर्माण कार्य प्रारंभ किए गए हैं। इसके अतिरिक्त 12 लाख 50 हजार रुपये की लागत से शेड का निर्माण कराया जाएगा। इससे अंतिम संस्कार के लिए आने वाले नागरिकों को धूप और बारिश के दौरान राहत मिलेगी।

श्मशान घाट की व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन और दीर्घकालीन रखरखाव के लिए विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों को सम्मिलित करते हुए 21 सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में कीमत राय मतवानी को अध्यक्ष तथा संजय कुमार जैन को सचिव बनाया गया है।

श्मशान घाट के पीछे लगभग 4.5 हेक्टेयर क्षेत्र में नगर वन विकसित किया जा रहा है। इसकी विशेषता यह होगी कि नागरिक अपने पूर्वजों की स्मृति में पौधारोपण कर इस हरित अभियान से जुड़ सकेंगे। स्थानीय प्रजातियों के पौधों का रोपण कर इस क्षेत्र को हरित स्वरूप दिया जाएगा। निर्माण कार्यों को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए परिसर में विद्युत पोल एवं विद्युत लाइनों की शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कराया जा चुका है।

इस अवसर पर महापौर माधुरी अतुल पटेल, नगर निगमाध्यक्ष अनिता अमर यादव, विजय शेवाडे, विजय कार्ले, बलराज नावानी, रुद्रेश्वर एंडोले, संभाजीराव सगरे, आशीष शुक्ला, रविन्द्र काकड़े, अमर यादव सहित विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि, क्षेत्रवासी एवं नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहे।

शहीद टीआई दिलीप पुरी को दी श्रद्धांजलि, कैंडल मार्च निकाल अवैध शराब के खिलाफ बुलंद की आवाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सनावद

देवास जिले के खातेगांव में अवैध शराब तस्करों को रोकने के दौरान ट्रक से कुचलकर शहीद हुए थाना प्रभारी दिलीप पुरी को सनावद में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान आम नागरिकों ने पुलिस थाना परिसर में श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर कैंडल मार्च निकाला और अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई।रात में थाना परिसर में शहीद टीआई दिलीप पुरी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित किए गए। इसके बाद नागरिक हाथों में मोमबत्तियां लेकर नगर की सड़कों पर निकले और शहीद अधिकारी को नमन करते हुए उनके बलिदान को याद किया। श्रद्धांजलि सभा में पुलिस अधिकारियों ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि देवास एसपी आदित्य मिश्रा को हरदा से गुजरात की ओर अवैध शराब से भरा ट्रक जाने की सूचना मिली थी। इसके बाद पुलिस की पांच टीमें गठित की गईं। इनमें एक टीम का नेतृत्व टीआई दिलीप पुरी कर रहे थे। कार्रवाई के दौरान शराब तस्करों ने ट्रक से उन्हें कुचल दिया, जिसमें उनकी शहादत हो गई।इधर, मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया है, जो पूरे शराब तस्करी नेटवर्क की पड़ताल करेगा। पुलिस ने ट्रक मालिक और कथित शराब माफिया कैरम सिंह को आलीराजपुर से गिरफ्तार किया है। ट्रक से करीब 1800 लीटर अवैध शराब भी जब्त की गई है। इस अवसर पर पुलिस ने नागरिकों से अपील की कि क्षेत्र में कहीं भी अवैध शराब या अन्य गैर कानूनी गतिविधियों की जानकारी मिले तो पुलिस को सूचित करें।

माल परिवहन के लिए रंगापाणी-बागडोगरा लाइन चालू, सिलीगुड़ी जंक्शन पर मालगाड़ियों का रिवर्सल खत्म

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव



पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने कटिहार मंडल के अधीन 6.8 किलोमीटर लंबी रंगापाणी-बागडोगरा साइडिंग लाइन को नियमित माल परिवहन के लिए चालू कर दिया है। लंबे समय से बंद पड़ी इस लाइन को रेलवे ने बेहद कम लागत में फिर से शुरू किया है। इस कदम से क्षेत्र में माल की आवाजाही आसान हो गई है और माल ढुलाई कनेक्टिविटी को बड़ी मजबूती मिली है। बढ़ते व्यापारिक जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा बुनियादी ढांचे का यह एक प्रभावी उपयोग है।

सिलीगुड़ी में दिशा बदलने की झंझट खत्म इस लाइन के शुरू होने से सबसे बड़ा रणनीतिक लाभ यह होगा कि पूर्व मध्य रेलवे (ईसीआर) से आने वाली और फारबिसगंज होकर एनएफआर में प्रवेश करने वाली ट्रेनों को अब सिलीगुड़ी जंक्शन पर अपनी दिशा (रिवर्सल) नहीं बदलनी पड़ेगी। इस प्रक्रिया के समाप्त होने से ऊर्जा व समय की भारी बचत होगी। साथ ही, रोलिंग स्टॉक के अनावश्यक ठहराव से मुक्ति मिलेगी और रिवर्सल कार्यों के लिए क्रू तथा शंटिंग स्टाफ की आवश्यकता भी कम हो जाएगी।

प्रतिदिन 10 अतिरिक्त माल गाड़ियों का होगा संचालन इस नई परिचालन व्यवस्था के बाद एनएफआर को ईसीआर से फारबिसगंज में हर दिन कम से कम 10 मालगाड़ियां मिल सकेंगी, जिन्हें बारसोई के आगे के गंतव्यों तक सीधे भेजा जा सकेगा। इससे माल ढुलाई की क्षमता और परिचालन दक्षता में व्यापक सुधार आएगा, जिससे ट्रेनों की गति तेज होगी और संसाधनों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा।

व्यापारियों और आपूर्ति श्रृंखला को मिलेगा सीधा लाभ यह अतिरिक्त माल ढुलाई मार्ग रेलवे को परिचालन में अधिक लचीलापन प्रदान करेगा। इससे क्षेत्र के व्यापारियों, व्यवसायों और उपभोक्ताओं को माल के विश्वसनीय व त्वरित परिवहन की सुविधा मिलेगी, जिससे स्थानीय आपूर्ति श्रृंखला अधिक मजबूत होगी। साथ ही, एनएफआर को मौजूदा संपत्तियों के बेहतर उपयोग से अतिरिक्त राजस्व अर्जित करने का अवसर भी मिला है।

यह महत्वपूर्ण बदलाव एनएफआर के महाप्रबंधक चेतन कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में कटिहार मंडल और संबंधित विभागों के बेहतर टीम वर्क व आपसी समन्वय से पूरा किया गया है।

बाल अपराध समाज के लिए एक गंभीर समस्या- डॉ.मंजुला एलांसे

जावरा । भगतसिंह शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा बाल अपराध कारण , विश्लेषण और निवारण विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। कालेज की प्राचार्य डॉ. विद्या तिवारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत विद्यार्थियों में विचार विमर्श के आयामों का विकास आवश्यक है! कार्यक्रम की सूत्रधार समाज शास्त्र की प्राध्यापिका डॉ. मंजुला एलांसे ने विषय की भूमिका प्रस्तुत करते हुए कहा कि बाल अपराध समाज की गम्भीर समस्या होती जा रही है। आपने उसकी भूमिका के लिए राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, साहित्यिक एवं कानूनी सभी दृष्टियों से विचार विमर्श की आवश्यकता पर बल दिया और कहा कि सोशल मीडिया के प्रभाव से बच्चों में आक्रामकता एवं हिंसक प्रवृत्तियों का विकास उन्हें अपराधी बना रहा है। हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ. आभा सक्सेना ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बाल अपराध की प्रवृतियों के कारणों पर प्रकाश डाला। आपने बताया कि बच्चे समाज का भविष्य ही नहीं वर्तमान भी हैं। अर्थशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संगीता जटिया ने बाल अपराध के कारणों पर विस्तार से चर्चा की। आपने बताया कि यदि कोई बच्चा अपराध करता है तो हमें यह नहीं पूछना चाहिए कि उसने ऐसा क्यों किया बल्कि उन परिस्थितियों पर विचार करना चाहिए जिस कारण वह ऐसा हो गया। राजनीति विज्ञान विभाग के डॉ. प्रकाश परमार ने परिचर्चा को आगे बढ़ाते हुए बताया कि बाल अपराध वर्तमान में बढ़ते जा रहे हैं जिसका कारण उचित अवसर एवं संरक्षण का अभाव है। हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ.जगदीश चंद्र बैरागी ने हरियाणा पंचकुला में घटित तत्कालीन बाल अपराध से संबंधित घटना का उल्लेख करते हुए अपराध की गंभीरता की ओर सभी का ध्यान आकर्षित किया।



नेशनल पार्क सिवनी में सहभागिता हेतु बड़वानी जिले का दल रवाना

बड़वानी। राज्य स्तरीय मोगली बाल उत्सव 2026 का आयोजन पेंच नेशनल पार्क जिला सिवनी में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें मध्य प्रदेश के 55 जिलों के बच्चे व मार्गदर्शक शिक्षिका उपस्थित रहेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी सुश्री ज्योति पटेल से प्राप्त जानकारी अनुसार सहभागिता हेतु वरिष्ठ वर्ग में कुमारी रिका अलावें एवं कनिष्ठ वर्ग कुमारी कनिष्का कन्नौजे, शासकीय कन्या शिक्षा परिसर माता शबरी बडवानी और वरिष्ठ वर्ग संदीप जमरा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बडवानी कनिष्ठ वर्ग कृष्णा पिपलौदे शासकीय पीएमश्री बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय 2 बडवानी, मार्गदर्शी शिक्षिका श्रीमती सेंवन्ती डावर, श्री आशीष शुक्ला क्विज मास्टर ट्रेनर शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 बडवानी को जिला शिक्षा अधिकारी को बनाया गया है।



कलेक्टर कार्यालय में मंगलवार आयोजित जनसुनवाई में आए 50 आवेदन

बड़वानी । प्रति मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय बड़वानी में आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों की शिकायतें सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को सभी आवेदनों पर समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंगलवार जनसुनवाई में कुल 50 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई के दौरान ठीकरी तहसील के ग्राम पलासिया के रामदेवपुरा निवासी श्रीमती संगीता ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किया। संगीता चार बच्चों की माता है और मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही है। उसने आवेदन में अवगत कराया कि उसे पात्रता के बावजूद निःशुल्क खाद्यान्न नहीं मिल रहा है, पति की मृत्यु के उपरांत भी उसे कल्याणी (विधवा) पेंशन व आर्थिक सहायता प्राप्त नहीं हुई है तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की सर्वे सूची में भी उसका नाम दर्ज नहीं है। कलेक्टर ने महिला की स्थिति एवं समस्या को संवेदनशीलता से संज्ञान लेते हुए सामाजिक न्याय, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

विद्यार्थियों को बताए साइबर अपराध से बचाव के तरीके

सनावद। बच्चों को उनके अधिकारों, सुरक्षा और कानून के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से ग्रीन विजन एकेडमी स्कूल में सुरक्षित बचपन अभियान के अंतर्गत विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निर्देश पर आयोजित शिविर में न्यायाधीश सुश्री आकांक्षा गर्ग ने विद्यार्थियों को सुरक्षित बचपन का महत्व समझाते हुए कहा कि बचपन सुरक्षित रहेगा, तभी भविष्य सुरक्षित होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन बनाए रखें और माता-पिता व शिक्षकों का सम्मान करें।



कम बारिश के चलते घटा गेहूं का रकबा, प्रभारी मंत्री ने एमपी चिता ब्रांड के बीज उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन

जिले के प्रभारी विश्वास कैलाश सारंग की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रबी वर्ष 2026-27 में बोई जाने वाली फसलों की स्थिति सहित कृषि, जनजातीय कार्य, महिला एवं बाल विकास, सहकारिता तथा खेल विभाग की योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक राजकुमार मेव, कलेक्टर गुरु प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा सहित जिला सलाहकार समिति सदस्य मौजूद रहे।

रबी वर्ष बुआई की समीक्षा के दौरान बताया कि कम बारिश के कारण गेहूं का रकबा कम कर चने का रकबा बढ़ाया गया है। इस पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि फसल परिवर्तन के निर्णय का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए,ए ताकि आने वाले समय में किसानों को इसका लाभ मिल सके। उन्होंने किसानों को एमपी चिता ब्रांड के उच्च गुणवत्ता वाले कपास बीज उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिले में उर्वरक को लेकर किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। ई.टोकन व्यवस्था के माध्यम से खाद वितरण सुचारू रूप से जारी रखा जाए।

जनजातीय कार्य विभाग की समीक्षा के दौरान छात्रावासों से संबंधित व्यवस्थाओं की शिकायतें आगामी दो माह में शून्य करने के निर्देश दिए।

दीपावली पर यातायात व्यवस्था सुगम बनाने के लिए पुलिस और नगरपालिका का संयुक्त अतिक्रमण हटाओ अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



दीपावली के पावन पर्व पर शहर के बाजारों में उमड़ने वाली भारी भीड़ और सुगम यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज, दिनांक ०३ नवंबर २०२६ को बड़वानी यातायात पुलिस और नगरपालिका की संयुक्त टीम द्वारा शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में एक विशेष अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया।

यह कार्रवाई प्रभारी पुलिस अधीक्षक, जिला बड़वानी के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। संयुक्त टीम ने शहर के अत्यधिक व्यस्त और संवेदनशील व्यापारिक क्षेत्रों–पाला बाजार, रामदेव बाबा मंदिर गली, मोती माता मंदिर चौराहा, झंडा चौक, रंजीत चौक, कचहरी रोड और एम.जी. रोड का निरीक्षण किया।

अतिक्रमण पर सख्तीः सड़क सीमा से बाहर आकर अवैध रूप से अतिक्रमण करने और यातायात को बाधित करने वाले दुकानदारों को सख्त समझाइश दी गई।

सामग्री जब्तीः नियमों की अनदेखी करने वाले कुछ दुकानदारों के सड़क पर रखे गए सामान को नगरपालिका की टीम द्वारा मौके पर जब्त किया गया।

यादगार अपीलः अभियान के दौरान नागरिकों और दुकानदारों से अपील की गई कि वे त्योहार के दौरान अपने वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही व्यवस्थित रूप से पार्क करें तथा दुकानों का सामान सड़क पर न फैलाएं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दीपावली पर्व तक शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू और निर्बाध बनाए रखने के लिए यह संयुक्त अभियान निरंतर जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

आपदा प्रबंधन एवं अग्निशमन ड्रिल का आयोजन

बड़वानी । पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय में एक दिवसीय आपदा प्रबंधन कार्य शाला एवं अग्निशमन ड्रिल का सफल आयोजन हुआ। विद्यालय के प्राचार्य जितेंद्र सिंह, समस्त शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों को अत्यंत सरल भाषा में आपदा प्रबंधन का महत्व, सुरक्षा के उपाय, और प्राथमिक उपचार की जानकारी दी। इसके साथ ही, आग लगने, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं के समय स्वयं का तथा अपने परिजनों को बचाने के तरीके बताए।

पश्चिम रेलवे
ओएचई संशोधन कार्य
सीनियर डीईई/टीआरडी/एनएस/बीसीटी ई-टेंडर संख्या: ईएल-टीआरडी-डब्लू-118-26-27-21 दिनांक 30.10.2026 को आमंत्रित करता है। कार्य का नाम: मुंबई डिवीजन के विरार-सूरत खंड में मुख्य लाइन को प्रभावित किए बिना टीवी लाइन लोड को सीधे डब्ल्यूडीएफसी लाइन पर ड्रायवर्ट करने के लिए बीएचईटी यूपी के यूपी लूप को डब्ल्यूडीएफसी लूप में संशोधित करने से संबंधित ओएचई संशोधन कार्य। विज्ञापित मूल्य: 1,46,53,549/- ₹ रुपये। बयाना राशि: 2,93,000/- रुपये। जमा ₹ करने की तिथि एवं समय: 27.11.2026, दोपहर 3:00 बजे तक। निविदा खोलने की तिथि एवं समय: 27.11.2026 को दोपहर 3:30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। मैन्युअल निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा। 0779
हमें पसंद कीजिए: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल
ई–टेंडरिंग सूचना
निविदा संख्या : SnT-RTM-26-Tele-15R. दिनांक : 30.10.2026, निम्न कार्य के लिए मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से ई–निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम** : उज्जैन एवं सिम्हस्थ –2028 से संबंधित विभिन्न कार्यों के अंतर्गत दूरसंचार (Telecom) सामग्री की आपूर्ति स्थापना, परीक्षण एवं चालू (Commissioning) करने का कार्य जिसमें निम्नलिखित कार्य सम्मिलित है। (1) उज्जैन : भोपाल (BPL) छोर पर प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के मध्य रैम्प सहित 06 मीटर चौड़े आवृत्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान। (2) उज्जैन : रतलाम (RTM) छोर पर प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के मध्य रैम्प सहित 06 मीटर चौड़े आवृत्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान। (3) उज्जैन : प्लेटफॉर्मों के मध्य भाग में प्लेटफॉर्म सं. 01 एवं 08 के बीच लिफ्ट एवं रैम्प सहित 12 मीटर चौड़े आवृत्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ –2028)। (4) नई खेड़ी : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ –2028)। (5) पिंगलेश्वर रैम्प सहित 06 मीटर चौड़े 02 आवृत्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ –2028)। (6) विक्रमनगर : रैम्प एवं कवर सहित 06 मीटर चौड़े एक फुट ओवर ब्रिज (FOB) तथा जल व्यवस्था में सुधार का प्रावधान (सिम्हस्थ –2028)। (7) मोहनपुरा : रैम्प सहित 06 मीटर चौड़े 02 आवृत्त फुट ओवर ब्रिज (FOB) का प्रावधान (सिम्हस्थ – 2028)। (8) पवासा : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ –2028)। (9) नायखेड़ी : सिम्हस्थ –2028 के अंतर्गत अतिरिक्त लूप लाईन एवं स्टेबलिंग लाईन सहित यार्ड री–मॉडलिंग। (10) मोहनपुरा : हाई लेवल प्लेटफॉर्म एवं कवर शेड का प्रावधान (सिम्हस्थ –2028)। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹86,14,171.22/– (छियासी लाख चौदह हजार एक सौ इकहत्तर रूपये और बाईस पैसे मात्र)। **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य, **जमानत राशि** : ₹1,72,300/–, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 09 (नौ) माह, **ई–निविदा दस्तावेज जमा करने की अंतिम तिथि व समय** : दिनांक 25/11/2026 **समय** 15:00 बजे तक , **ई–निविदा खोलने की तिथि व समय** : दिनांक 25/11/2026 **समय** 15:30 बजे तक। **वैधता** : निविदा खुलने की दिनांक से 60 दिन।
SNP-318
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

न्यूज -कॉलम

फूल-प्रसाद बेचने वाले युवक को बदमाशों ने मारे चाकू

उज्जैन। जयसिंहपुरा में रहने वाला रोहित पिता राकेश प्रजापत महाकाल मंदिर के पास फूल प्रसाद बेचने का काम करता है। मंगलवार दोपहर उसे 3 बदमाशों ने घेरकर चाकू मार दिये। तीन से चार चाकू लगने पर घायल रोहित की सूचना परिजनों को मिली तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे। पूछताछ करने पर रोहित ने पहले घटना नीलगंगा क्षेत्र में काम्पलेक्स के पास होना बताया। नीलगंगा पुलिस अस्पताल पहुंची तो हरसिद्धी पाल के पास चाकूबाजी होना बताया। महाकाल पुलिस ने घटना का पता लगाया तो सामने आया कि कहारवाड़ी खाराकुआ क्षेत्र का मामला है। खाराकुआ पुलिस शाम को अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर घटनास्थल की तस्दीक के लिये पहुंची। घायल का कहना था कि चाकू मारने वाले शांतिनगर में रहने वाले पवन, कुलदीप और खज्जा है। उनके द्वारा पैसों की मांग की गई थी। मना करने पर चाकू मारकर भागे है। पुलिस के अनुसार मामले में जांच की जा रही है।

गिरफ्त में खेत से स्टार्टर चोरी करने वाले 2 आरोपी

उज्जैन। कायथा थाना क्षेत्र के ग्राम सुमराखेडा स्थित खेत से कुछ दिन पहले अज्ञात बदमाशों ने पानी की मोटर का स्टार्टर चोरी कर लिया था। पुलिस ने मामले में किसान ईश्वर की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया था। सुराग मिलने पर राहुल पिता गोकुल सोलंकी, निवासी मल्हूपुरा रोड को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने साथी संतोष पिता बद्रीलाल निवासी ग्राम नानूखे?ा के साथ चोरी करना स्वीकार कर लिया। संतोष को हिरासत में लेकर उनकी निशानेदही पर खेत से चोरी किया गया स्टार्टर बरामद किया गया। संतोष के पास से एक बाइक भी जप्त की गई। जिसके संबंध में जानकारी जुटाई गई तो सामने आया कि कुछ माह पहले बाइक मक्सी थाना क्षेत्र से चुराई गई थी। कायथा पुलिस ने चोरी की बाइक मिलने पर मक्सी पुलिस को सूचना दी है। फिलहाल दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा गया है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि दोनों आरोपी अपराधिक प्रवृति के है। राहुल सोलंकी के खिलाफ पूर्व में 5 और संतोष के खिलाफ 3 प्रकरण दर्ज होना सामने आये है।

बाइक-आयशर की टक्कर में वृद्ध की हुई मौत

उज्जैन। नागदा थाना क्षेत्र के बैरछा फंटा पर रात 9 बजे बाइक सवार भगवानसिंह पिता भंवर गुर्जर 55 साल निवासी ग्राम खुरमडी बिरलाग्राम को आयशर क्रमांक एमपी 13 झेड डी 5590 ने टक्कर मार दी। भगवानसिंह गंभीर घायल हो गया था। जिसे अस्पताल भेजा गया। लेकिन कुछ देर चले उपचार के बाद मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया और आयशर चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया। सडक दुर्घटना के एक मामले में पंवासा थाना पुलिस ने 29 अक्टूबर को गरोठ हाईवे ब्रिज पर हुई दुर्घटना में अनिल पिता भंवर सुनेरिया निवासी प्रेमनगर चंदेसरी की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद टक्कर मारने वाले पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 41 झेड एन 3956 को टे:स कर चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है।

पैसे नहीं देने पर शांतिनगर में दंपति के साथ मारपीट

उज्जैन। नीलगंगा थाना क्षेत्र के शांतिनगर में सोमवार-मंगलवार रात मुकेश और उसकी पत्नी पिंकी के साथ क्षेत्र के रहने वाले पवन, बारिक और मोहित ने मारपीट की। पति-पत्नी घायल हो गये। उन्हे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे। मारपीट की सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस दंपति के बयान दर्ज करने पहुंची तो सामने आया कि मारपीट करने वाले युवक नशे के आदी है। रात में गांजा पीने के लिये पैसे मांग रहे थे। मना करने पर मारपीट की है। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मारपीट करने की धारा में प्रकरण दर्ज किया है। लेकिन तीनों क्षेत्र से फरार हो गये थे। बताया जा रहा है कि तीनों के खिलाफ पूर्व में अपराध दर्ज है।

पत्नी की तलाश में आये पति के साथ मारपीट

उज्जैन। लापता पत्नी की तलाश में सुवासरा से विक्रम पिता रामचंद्र राठौर उज्जैन आया था। उसे पता चला था कि पत्नी और बच्चे पंवासा में रहते है। वह क्षेत्र में तलाश कर रहा था तभी पुत्र रामस्वरूप उसे दिखाई दिया। लेकिन पुत्र नहीं रूका और चला गया। विक्रम ने उसका पीछा कर घर का पता लगाने की कोशिश की, इसी बीच पुत्र आने तीन दोस्तों को लेकर आया और पिता के साथ मारपीट की। घटना के बाद विक्रम राठौर ने मामले की शिकायत पंवासा थाना पुलिस से की। पुलिस ने घायल विक्रम का मेडिकल परीक्षण कराकर पुत्र और उसके दोस्तों की तलाश शुरू की है।

दिन	6781	124-7
मेन बाजार	250-7	127-0
कल्याण नाइट	128-1	138-2
मिलन डे	230-5	489-1
मिलन नाइट	156-2	440-8
मधुर डे	239-4	389-0
मधुर नाइट	569-0	178-6
शुभांक	6 5	3

नियमों का पालन नहीं करने पर 41 चालकों से वसूला जुर्माना.....

न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ सड़क पर उतरी यातायात पुलिस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर में यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ न्यायिक मजिस्ट्रेट के साथ यातायात पुलिस द्वारा मंगलवार को चैकिंग अभियान चलाया गया। 41 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 50 हजार का जुर्माना वसूला गया।

डीएसपी मनोज खत्री द्वारा बताया कि शहर में 2 मार्गों देवासरोड ग्राम चंदेसरी गरोठ मार्ग और आगररोड पर दो न्यायिक मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में यातायात पुलिस टीम द्वारा नियमों विरूद्ध चलने वाले वाहन चालकों के खिलाफ चैकिंग अभियान चलाया गया था। चार पहिया वाहन चालकों की जांच के दौरान 53 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई और 62 हजार रूपये का जुर्माना वसूला गया। अभियान में बिना नम्बर प्लेट, हूटर लगी गाडी और ब्लैक फिल्म वाले वाहनों को चैक किया गया था। डीएसपी खत्री के अनुसार नियम तो?ने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह का अभियान जारी रहेगा।

बजरंग दल-करणी सेना की लगाई थी प्लेट- चैकिंग अभियान के दौरान जहां हूटर जप्त किये गये और काली फिल्म निकाली गई। वहीं नम्बर प्लेट की जगह लगी बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद, करणी सेना, महामंत्री, उपाध्यक्ष, सरपंच लगी प्लेट भी



जप्त की गई। एक वाहन पर डिप्टी कमिश्नर की नेम प्लेट भी लगी थी। सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई है।

हूटर-नेमप्लेट लगाकर दिखाते है रौब

शहर में चार पहिया वाहन चालकों द्वारा हूटर और नेमप्लेट लगाकर रौब दिखाया जाता है।

यह वाहन ऐसे दौडते है, जैसे मार्ग उनके लिये ही बना है। कुछ दिन पहले ही यातायात पुलिस द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद रॉग साईड हूटर बजाते हुये तेजगति से कार दौडाने वाले के खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुये जुर्माने की कार्रवाई की थी।

प्रशासन का 2 माह तक रहेगा सख्त पहरा, धारा 163 लागू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

जिले में कानून व्यवस्था, लोकशांति और आमजन की सुरक्षा को बनाये रखने के लिये कलेक्टर/जिला दंडाधिकारी रोशन कुमार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 (1) लागू करते हुये प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। आदेश 3 नवंबर से प्रभावशाली होकर आगामी दो माह तक पूरे जिले में रहेगा।

दीपावली से पहले जिले में कानून व्यवस्था के साथ शांति बनाये रखने के उद्देश्य से लागू की धारा 163 (1) के अंतर्गत अब सार्वजनिक स्थानों पर धारदार हथियार, आग्नेय अस्त्र-शस्त्र, हॉकी, डंडा और रॉड लेकर चलने पर प्रतिबंध लगाया गया है। बिना अनुमति सभा, धरना, प्रदर्शन, जुलूस, रैली और सार्वजनिक कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जा सकेंगे। डीजे, बैंड और ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर भी निर्धारित नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा। प्रशासन ने सोशल मीडिया पर भी सख्ती की है। फेसबुक, व्हाट्सएप, ई-मेल और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों पर धर्म, जाति, समाज या किसी व्यक्ति के खिलाफ आपत्तिजनक, भडकाऊ अथवा कानून व्यवस्था बिगाडने वाली पोस्ट, फोटो, कमेंट, बैनर और संदेश अपलोड या प्रसारित करने पर प्रतिबंध रहेगा।

जुलूस में पेट्रोल-एसिड और पटाखे प्रतिबंधित- धरना, जुलूस और रैली में पेट्रोल, एसिड, केरोसिन जैसे ज्वलनशील पदार्थ का उपयोग करने पर रोक रहेगी। पटाखे और विस्फोटक सामग्री का उपयोग भी पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। बिना अनुमति टेंट-पंडाल लगाने और स?क, हाईवे या रास्तों पर यातायात बाधित करने की अनुमति नहीं होगी।

मकान मालिकों को निर्देश- होटल, लॉज, धर्मशाला और विश्राम स्थलों में ठहरने वाले बाहरी व्यक्तियों की जानकारी संचालकों को प्रतिदिन संबंधित थाना प्रभारी को लिखित में देनी होगी। इसी तरह मकान मालिकों को अपने यहां रहने वाले किरायेदारों की जानकारी पुलिस को उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा। ऐतिहासिक इमारतों, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, न्यायालय, शासकीय कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति शूटिंग, वीडियो, रील और फोटोग्राफी भी प्रतिबंधित रहेगी।

वैवाहिक-सामाजिक कार्यो में राहत- प्रशासन द्वारा जारी आदेश में वैवाहिक और सामाजिक संस्कारों कार्यक्रम के लिए राहत दी है।अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने क्षेत्र में आवेदन के आधार पर शर्तों सहित कार्यक्रमों की अनुमति दे सकेंगे। शासकीय ड्यूटी पर तैनात पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को भी आवश्यक वैधानिक छूट रहेगी। आदेश का उल्लंघन करने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

नशे पर प्रहार, ड्रग्स-गांजे के साथ 3 हिरासत में

उज्जैन। जिले में नशे का अवैध कारोबार करने वालों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस का अभियान लगातार जारी है। एक बार फिर 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनके पास से 84 हजार से अधिक का मादक पदार्थ बरामद किया गया है। पिछले दिनों एसपी प्रदीप शर्मा ने सालों से मादक पदार्थ मामले में फरार चल रहे 57 से अधिक आरोपियों के खिलाफ 10-10 हजार के इनाम घोषित कर नशे पर अंकुश लगाने के लिये अभियान की शुरू की थी। जिले में पुलिस द्वारा अवैध नशे के कारोबार से जुडे लोगों की धरपकड लगातार की जा रही है। इसी क्रम में सोमवार-मंगलवार रात माधवनगर थाना पुलिस की टीम ने दशहरा मैदान से फिरोज उर्फ कद्दू पिता वाहिद 32 वर्ष, निवासी बाबा टी स्टॉल के पीछे, शिवशक्ति नगर, आगर रोड को 50 हजार कीमत की एमडी ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया। जिसे न्यायालय में पेश कर एक दिन की रिमांड पर लिया गया है। उन्हेल थाना पुलिस ने इंगोरिया चौपाटी पर वाहन चेकिंग के दौरान रुस्तम पिता नूर खां 55 वर्ष निवासी ग्राम पासलोद को हिरासत में लेकर उसके बेग से 1 किलो 100 ग्राम गांजा बरामद किया। देवासगेट थाना पुलिस ने सर्कल भ्रमण के दौरान दीपक पिता तुलसीराम 25 वर्ष, निवासी कुरावर मंडी राजग? को 295 ग्राम गांजे के साथ पकडा। तीनों मामलों में एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है। 2 दिन पहले पंवासा, नानाखे?ा, नागझिरी, खाचरौद और महाकाल पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। जिनके पास से ढाई किलो से अधिक मादक पदार्थ बरामद किया था।

जीआरपी थाना परिसर में हुई वाहनों की नीलामी



उज्जैन। जीआरपी थाना परिसर में मंगलवार को पुलिस एक्ट में जप्त वाहनों की नीलामी की गई। 16 वाहन नीलाम होने पर 27 हजार का राजस्व प्राप्त हुआ। जिसे शासन कोष में जमा कराया गया है।

जीआरपी निरीक्षक सुनील कुमार गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2021 में पुलिस एक्ट के तहत 16 वाहन जप्त किये गये थे। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर वाहनों की नीलामी के लिये अभियान चलाया गया और 3 दिन पहले अधिसूचना जारी की गई। मंगलवार को थाना परिसर में नीलामी आयोजित की गई। कार्यपालिक दंडाधिकारी मुकेश सोनी की उपस्थिति में वाहनों की बोली लगाई गई। नीलामी में 10 स्थानीय गैरेज संचालक और भंगार का कारोबार करने वाले शामिल हुये थे। जिन्होने वाहनों की बोली लगाकर सभी वाहनों की खरीदी की। नीलामी प्रक्रिया पूरी होने के पर 27 हजार 500 रूपये की राशि प्राप्त हुई। जिसे शासन के राजस्व कोष में जमा कराया गया है। नीलामी के दौरान थाना स्टॉफ के एसआई बिजेन्द्रसिंह कुशवाह, प्रधान आरक्षक विनोद राठौर, रमाकांत पटेल और आरक्षक आनंद पूनम डाबी मौजूद रहे।

श्री महाकालेश्वर मंदिर कर्मियों को बताया आपातकालीन स्थिति में क्या करें



उज्जैन। विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आगमन होता है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को दृष्टिगत रखते हुए श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति द्वारा मंदिर में कर्तव्यरत कर्मचारियों, सुरक्षाकर्मियों एवं आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए श्री महाकाल महालोक में सी.पी.आर. प्रशिक्षण आयोजित किया गया। श्री महाकालेश्वर मंदिर चिकित्सालय के प्रभारी चिकित्सक डॉ देवेंद्र परमार द्वारा बताया गया कि बिलियन हार्ट बिटिंग फाउंडेशन, इंदौर के सहयोग से 03 नवंबर को प्रशिक्षण दिया गया जो 04 नवम्बर को भी जारी रहेगा। प्रशिक्षण के दौरान ट्रेनर जसराज राठौर द्वारा प्रतिभागियों को हृदय गति रुकने जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में सी.पी.आर. देने की प्रक्रिया एवं प्राथमिक सहायता के संबंध में व्यावहारिक जानकारी दी गई, जिससे आपात स्थिति में श्रद्धालुओं को तत्काल सहायता उपलब्ध कराई जा सके। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य मंदिर परिसर में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं की तत्परता बढ़ाना तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम दर्शन व्यवस्था उपलब्ध कराना है।

दुष्कर्म के बाद नाबालिग का कराया था गर्भपात

उज्जैन। नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और गर्भपात करने के मामले में फरार आरोपी को कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया गया। जिसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। 17 अक्टूबर को चिमनगंज थाना पुलिस को नाबालिग के बयान दर्ज करने के बाद साहेबखेडी में रहने वाले नरेन्द्र जोशी के खिलाफ पास्को एक्ट के साथ दुष्कर्म करने की 8 गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज किया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिये थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने टीम गठित की थी। मंगलवार को सूचना मिलने के बाद कानीपुरा मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा नाबालिग को शादी का झांसा देकर अपने घर बुलाया था और जबरदस्ती शारीरिक शोषण कर धमकी दी थी। कुछ दिन पहले नाबालिग की तबीयत बिगडने पर उसे परिजन अस्पताल लेकर पहुंचे तो सामने आया कि वह गर्भवती है और उसने गर्भपात की खोली खाई है। पूछताछ करने पर नाबालिग ने बताया था कि उसे नरेन्द्र ने गर्भपात की गोली खिलाई थी। जिसके बाद परिजनों ने मामले की शिकायत दर्ज कराई थी।

देवास में टीआई को गोली मारने वाले को पुलिस ने पैर में गोली मारी

देवास। देवास में टीआई दिलीप पुरी को ट्रक से कुचलकर मारने वाले आरोपी ड्राइवर अक्कू को पुलिस ने गोली मार दी। देवास पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने भागने की कोशिश की थी। इसी दौरान पुलिस ने उस पर फायरिंग की। गोली लगने से वह घायल हो गया। पुलिस आरोपी को आलीराजपुर जिले के चंद्रशेखर आजाद नगर से पकड़कर खातेगांव ले जा रही थी। इसी दौरान देवास जिले के बरोठा के पास यह घटना हुई। मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। इससे पहले मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीएम हाउस में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने शराब तस्करी और अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए पुलिस को फ्री हैंड दिया था।

चामुंडा माता चौराहे पर एलिवेटेड ब्रिज की खुदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन फूटी

सड़क पर भरा पानी , दो वार्डो में मंगलवार सुबह सप्लाई के दौरान पेयजल व्यवस्था हुई प्रभावित, प्रेशर के साथ नहीं पहुंचा पानी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चामुंडा माता चौराहे पर एलिवेटेड ब्रिज के निर्माण के लिए की जा रही खुदाई के दौरान पेयजल पाइपलाइन फूट गई और पाइपलाइन फूटने की वजह से सड़क पर पानी बहने लगा और यहां की नालियां उफान पर आ गई और चामुंडा माता चौराहे की सड़क पर पानी ही पानी जमा हो गया। तथा पाइपलाइन फूटने की वजह से इस क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 18 और 19 में पेयजल सप्लाई व्यवस्था प्रभावित हुई और कई जगह प्रेशर के साथ नलों से पानी नहीं पहुंचा। सूचना मिलने पर पीएचई की टीम मौके पर पहुंची और पाइपलाइन सुधारने का कार्य शुरू किया गया। लेकिन अभी तक लाइन नहीं सुधरी है। बताया जाता है कि पुल बनाने वाली कंपनी पाइप लाइन को सुधारने के कार्य में जुटी है। शहर में सड़क व पुल निर्माण के दौरान अभी तक कई जगह की पेयजल पाइपलाइन फुट चुकी है। जिससे कई बेलन पानी व्यर्थ बहकर बर्बाद हो चूका है। लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके पहले भी निर्माण कार्य में बरती गई लापरवाही के कारण निजातपुरा, पिपलीनाका, नानाखेड़ा, ढाबा रोड, देसाई नगर क्षेत्र की भी पेयजल पाइप फूट चुकी है जिससे इन क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई थी ओर क्षेत्र में जल संकट गहरा गया था और काफी मात्रा में पाइपलाइन फूटने की वजह से पानी व्यर्थ बह गया था। इसी तरह चामुंडा माता चौराहे पर एलिवेटेड ब्रिज के लिए की जा रही खुदाई के दौरान यहां जब ब्रिज के पिलर बनाने के लिए गड्ढे खोदे जा रहे थे इस दौरान देवास गेट टंकी की मुख्य पेयजल पाइप लाइन फूट गई। मंगलवार सुबह जब क्षेत्र में पेयजल सप्लाई के लिए वॉल खोला तो फूटी पाइप लाइन से प्रेशर के साथ पानी निकलकर सड़क पर बहने लगा और ब्रिज के लिए खोदे गए गड्ढे भी पानी से लबालब भर गए और यहां की नालियां उफान पर आ गई तथा थोड़ी देर में चामुंडा माता क्षेत्र की सड़कें जलमग्न हो गई। सूचना मिलने पर पीएचई की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक बहुत पानी व्यर्थ बह गया था। सड़क पर कीचड़ व पानी की वजह से फिसलन हो गई





थी। सड़क पर फैले कीचड़ और पानी की वजह से लोगों को यहां से वाहन लेकर निकलने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

इन क्षेत्रों में बिगड़ी सप्लाई व्यवस्था

पाइपलाइन फूटने की वजह से वार्ड क्रमांक 18, 19 में पेयजल व्यवस्था प्रभावित हुई और कई जगह कम प्रेशर से नालों से पानी आया। पीएचई के अधिकारियों का कहना है कि फूटी पाइप लाइन को सुधारने का कार्य किया जा रहा है लेकिन मंगलवार रात तक पाइपलाइन नहीं सुधर पाई थी। पुल बनाने वाली कंपनी के लोग ही पाइपलाइन को सुधार रहे हैं। यदि वह मंगलवार रात पाइपलाइन ठीक करके नहीं देते है तो फिर पीएचई विभाग की टीम इस लाइन सुधारने का कार्य करेगी।

सुंदर देखने की चेतना



मानव जीवन केवल बाहरी सुख-सुविधाओं और भौतिक उपलब्धियों तक सीमित नहीं है। उसके भीतर कुछ ऐसा भी है, जो उसे लगातार बेहतर, सुंदर और सूक्ष्म की ओर बढ़ने को प्रेरित करता है। यही प्रेरणा उसके विचारों, भावनाओं, व्यवहार और जीवन के प्रति दृष्टिकोण में बदलाव लाती है। जब मनुष्य के भीतर सौंदर्य को अनुभव करने की क्षमता विकसित होती है, तब उसका असर उसके बाहरी संसार पर भी दिखाई देने लगता है। प्रकृति, कला, संगीत, साहित्य और जीवन की छोटी-छोटी बातों में सुंदरता तलाशने की उसकी प्रवृत्ति इसी आंतरिक परिवर्तन का परिणाम है। हालांकि, सौंदर्य विज्ञान बाहरी सुंदरता तक सीमित नहीं है। मनुष्य की पसंद, रुचि और भावनाओं में भी समय के साथ बदलाव आते हैं। उसके भीतर नए विचार जन्म लेते हैं और वह पहले से अधिक सूक्ष्म ढंग से चीजों को देखने-समझने लगता है। इस तरह, धीरे-धीरे उसकी अभिरुचियां भी परिष्कृत होती जाती हैं। यही कारण है कि मनुष्य अपने आस-पास की दुनिया में कुरूपता, कटुता और भद्देपन के बजाय सुंदरता देखना चाहता है। उदाहरण के लिए, एक समय था, जब मूक फिल्में लोगों के मनोरंजन का प्रमुख साधन थीं। समय के साथ मनुष्य की रुचि बदली। अब वह केवल दृश्य नहीं, बल्कि ध्वनि, संगीत, संवाद और भावनाओं से भरपूर फिल्में देखना चाहता है। दृश्य-श्रव्य माध्यमों का यह मेल उसके मन को अधिक गहराई से प्रभावित करता है। यह बदलाव केवल तकनीकी विकास नहीं, बल्कि मनुष्य की अधिक सूक्ष्म और विकसित होती मानसिक रुचि का भी परिचायक है।

मनुष्य की इसी प्रवृत्ति ने उसे स्थूल से सूक्ष्म की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित किया है। जब उसे भौतिक वस्तुओं से संतुष्टि नहीं मिलती, तो वह किसी ऐसी सत्ता की तलाश करने लगता है, जो उसके मन को स्थायी आनंद दे सके। इसी खोज से धर्म का उदय हुआ। धर्म का वास्तविक अर्थ केवल पूजा-पाठ, कर्मकांड या परंपरा का पालन करना नहीं है, बल्कि जीवन को अधिक सुंदर, श्रेष्ठ व पूर्ण बनाने की साधना है। इसलिए प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है कि वह अपनी चेतना को उच्चतर स्तर तक ले जाने का प्रयास करे। मनुष्य की यह यात्रा सौंदर्य विज्ञान के मार्ग पर आगे बढ़ने जैसी है। परम पुरुष को इसीलिए सत्यम्, शिवम्, सुंदरम् कहा गया है, अर्थात वह सत्य हैं, कल्याणकारी हैं और परम सौंदर्य के स्वरूप हैं। उनका वैभव, अनासक्ति और सौंदर्य मनुष्य को उनकी ओर आकर्षित करता है। उनकी महानता केवल उनकी विराट सत्ता में नहीं, बल्कि उस आकर्षण में है, जो प्रत्येक जीव को अपनी ओर खींचता है।

सम्पादकीय

हिंसा पर लगाम

बीते एक वर्ष में सीआरपीएफ अर्थात केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के किसी भी जवान का किसी अभियान में शहीद न होना सुखद है। यह संयोग बीते 47 वर्षों में पहली बार बना है और 30 अक्तूबर, 2025 के बाद सीआरपीएफ ने अपने अभियान में एक भी जवान को नहीं गंवाया है। इस अर्द्धसैनिक बल के प्रमुख जीपी सिंह ने इस कामयाबी को बहुत उत्साह से उजागर किया है। जनवरी 1979 के बाद पहली बार ऐसा हुआ है। बीते 47 वर्षों में लगभग हर साल सीआरपीएफ के जवान कहीं न कहीं किसी न किसी अभियान में शहीद होते रहे हैं, लेकिन नवंबर 2025 से इस जनहानि पर जो रोक लगी, उसकी सराहना करनी ही चाहिए। जवानों को नक्सलियों से लड़ते हुए काफी नुकसान उठाना पड़ता था, इसलिए नक्सली हिंसा पर अब जो लगाम लगी है, वह कभी ढीली नहीं पड़नी चाहिए। केंद्र सरकार की घोषणा के अनुरूप सीआरपीएफ ने नक्सलवाद को इतिहास के पन्नों में भेज दिया है। अब मणिपुर हो या जम्मू-कश्मीर, हर जगह यह बल बहुत मजबूत स्थिति में है और यह मजबूती अब कभी कम नहीं होनी चाहिए।

पहले ऐसे अनेक नक्सली हमले होते थे, जिनमें माओवादी लड़ाके सीधे सुरक्षा बलों को निशाना बनाते थे। इतिहास में बहुत दुख के साथ दर्ज है, 6 अप्रैल, 2010 को छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था, जिसमें सीआरपीएफ के 76 जवान शहीद हो गए थे। इस नरसंहार ने पूरे देश को झकझोरकर रख दिया था और सरकार में ऐसे अनेक आला नेता और अधिकारी थे, जो यह मानने लगे थे कि नक्सली हिंसा का अंत मुश्किल है। प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह ने भी यह अफसोस जताया था कि वह नक्सली हिंसा को रोकने में कामयाब नहीं हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार को भी नक्सल हिंसा का खात्मा करने में एक दशक से अधिक वक्त लग गया, पर वह दिन आया, जब मार्च 2026 में नक्सली उग्रवाद का घोषित रूप से पटाक्षेप हो गया। आज शासन-प्रशासन की कड़ाई और समझ-बूझ से देश के एक भी जिले में नक्सली हिंसा नहीं बची है। जम्मू-कश्मीर में अगर देखें, तो इस साल आतंकी घटनाओं में कुल 23 मौतें हुई हैं। जनवरी से अक्तूबर के बीच मारे गए लोगों में 19 आतंकी, दो सुरक्षाकर्मी और तीन अन्य लोग हैं। कश्मीर से बस्तर तक हिंसा घटने से सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बलों का मनोबल बढ़ा है।

युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता

साइबर हमले की नई चाल, परमाणु हमले का फर्जी अलार्म

युद्ध केवल सीमाओं पर नहीं लड़ा जाता। अब यह लोगों के मोबाइल फोन, सरकारी सूचनाओं और उनके मन में पैदा होने वाले भय तक पहुँच गया है। यूक्रेन और रूस में हाल ही में हुई घटनाओं ने इस सच्चाई को एक बार फिर उजागर किया है। दोनों देशों के नागरिकों को सरकारी आपातकालीन चेतावनी अनुप्रयोगों के माध्यम से परमाणु हमले, विकिरण के खतरे और रासायनिक हमले से संबंधित झूठे संदेश भेजे गए। कुछ ही घंटों के अंतराल पर हुई इन घटनाओं ने यह सवाल खड़ा कर दिया कि यदि नागरिकों को सुरक्षित रखने वाली व्यवस्था ही गलत सूचना फैलाने लगे, तो संकट के समय वे किस पर भरोसा करेंगे?



महेन्द्र तिवारी
(दैनिक अवन्तिका)

एक नवंबर की रात यूक्रेन की राजधानी कीव और दूसरे क्षेत्रों के लोगों के मोबाइल फोन पर अचानक भय पैदा करने वाली सूचनाएँ आने लगीं। सामान्य परिस्थितियों में इन सूचनाओं का उद्देश्य लोगों को मिसाइल और ड्रोन हमलों से आगाह करना तथा सुरक्षित स्थानों तक पहुँचने में सहायता देना है। लेकिन उस रात चेतावनियों का स्वरूप ही बदल गया। लोगों को बताया गया कि कीव में विकिरण का खतरा है, रासायनिक हमला हो सकता है और कुछ स्थानों पर सड़क पर लड़ाई चल रही है। एक संदेश में पूरे यूक्रेन में परमाणु खतरे की चेतावनी दी गई।

सबसे विचित्र संदेश रूसी भाषा में था। उसमें कहा गया कि परमाणु खतरा आने वाला है और चिंता करने की जरूरत नहीं है, क्योंकि रूस की ओर से ओरेश्निक मिसाइल आ रही है। ओरेश्निक रूस की ऐसी बैलिस्टिक मिसाइल है जो परमाणु आयुध ले जाने में सक्षम मानी जाती है। युद्ध के वातावरण में इस तरह का संदेश किसी भी सामान्य नागरिक को भयभीत कर सकता था। संदेशों में भाषागत अशुद्धियाँ भी थीं। कहीं अंग्रेजी और रूसी भाषा का मिश्रण था, तो कहीं यूक्रेनी भाषा के साथ दूसरी भाषाओं के शब्द जोड़े गए थे। इन असामान्य बातों ने संदेशों की प्रामाणिकता पर संदेह पैदा किया।

यूक्रेन की वायुसेना ने तत्काल लोगों को सावधान किया। उसने स्पष्ट किया कि विकिरण का कोई खतरा नहीं है और नागरिक शांत रहें तथा आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करें। अधिकारियों ने चेतावनी अनुप्रयोग की सेवाएँ अस्थायी रूप से बंद कर दीं। बाद में उसे बहाल करने और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के प्रयास किए गए। राहत की बात यह थी कि देश की दूसरी सार्वजनिक चेतावनी व्यवस्थाएँ और हवाई हमलों के संकेत देने वाले सायरन काम कर रहे थे। इस कारण झूठे संदेशों को वास्तविक हमले की आधिकारिक पुष्टि नहीं माना गया।

इस घटना के कुछ घंटे बाद रूस में भी लगभग ऐसा ही मामला सामने आया। दो नवंबर की सुबह रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय के मोबाइल अनुप्रयोग पर साइबर हमला हुआ। इसके माध्यम से कई क्षेत्रों के लोगों को परमाणु आयुध छोड़े जाने की झूठी सूचना भेजी गई। संदेश में दावा किया गया कि रूस के सभी क्षेत्रों को परमाणु खतरा है। लोगों को खाद्य सामग्री जमा करने और सुरक्षित स्थानों पर शरण लेने जैसी बातें भी कही गईं। रूस के अधिकारियों ने हमले की पुष्टि करते हुए बताया कि अनुप्रयोग के माध्यम से गलत सूचनाएँ प्रसारित की गई हैं। व्यवस्था को सामान्य बनाने के प्रयास शुरू किए गए। इन दोनों घटनाओं ने इसलिए भी ध्यान खींचा, क्योंकि दोनों देशों के बीच पहले से ही युद्ध चल रहा है। ऐसे वातावरण में नागरिक हर दिन हवाई हमलों, मिसाइलों और ड्रोन से संबंधित समाचार सुनते हैं। यूक्रेन के अनेक शहरों में लोग वास्तविक चेतावनियाँ मिलने पर सुरक्षित स्थानों की ओर जाते हैं। ऐसे में यदि उसी माध्यम से परमाणु हमले या रासायनिक खतरे का झूठा संदेश आए, तो लोगों के लिए सही और गलत सूचना में अंतर करना कठिन हो सकता है। रूस में भी ऐसी चेतावनी से लोगों में घबराहट फैलने की आशंका स्वाभाविक है।

इन साइबर हमलों के पीछे कौन था, इसका स्पष्ट उत्तर अभी सामने नहीं आया है। यूक्रेन के मामले में हिटकोर नामक समूह का उल्लेख किया गया। कुछ माध्यमों ने दावा किया कि इस समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लेकिन इसकी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई। रूस में एटेश नामक यूक्रेन समर्थक समूह ने अपने माध्यमों पर हमले से संबंधित चित्र साझा किए। दूसरी ओर, कुछ रिपोर्टों में डीसी8044 नामक समूह का भी उल्लेख हुआ। अलग-अलग दावों के बावजूद यह निश्चित रूप से नहीं कहा जा सकता कि दोनों हमले किसने किए या उनके पीछे कोई साझा योजना थी। दोनों घटनाओं का समय निकट होना अपने आप में उनके बीच संबंध का प्रमाण नहीं है।

यहाँ एक महत्वपूर्ण प्रश्न उठता है कि क्या इन हमलों को किसी देश की सरकार ने निर्देशित किया था? अभी उपलब्ध जानकारी के आधार पर ऐसा निष्कर्ष निकालना उचित नहीं होगा। युद्ध के दौरान अनेक ऐसे समूह सक्रिय हो जाते हैं जो किसी पक्ष के समर्थन में स्वयं को साइबर योद्धा बताते हैं। कुछ समूह राजनीतिक विचारधारा के कारण सरकारी प्रणालियों को निशाना बनाते हैं, जबकि कुछ प्रसिद्धि पाने या विरोधी देश को अपमानित करने के उद्देश्य से ऐसी गतिविधियाँ करते हैं। जब तक ठोस प्रमाण सामने नहीं आते, तब तक किसी सरकार या संगठन को दोषी ठहराने से बचना चाहिए।

इस घटना का सबसे गंभीर पहलू तकनीकी नुकसान से अधिक नागरिकों के विश्वास से जुड़ा है। आपातकालीन चेतावनी व्यवस्था का उद्देश्य केवल सूचना देना नहीं, बल्कि सही समय पर सही निर्णय लेने में लोगों की मदद करना है। यदि इस व्यवस्था से बार-बार गलत संदेश आने लगें, तो नागरिक वास्तविक चेतावनी को भी संदेह की दृष्टि से देखने लग सकते हैं। इसे विश्वास का संकट कहा जा सकता है। वास्तविक हमले के समय कुछ मिनटों की देरी भी जानलेवा साबित हो सकती है। इसलिए चेतावनी प्रणाली की विश्वसनीयता किसी भी देश की नागरिक सुरक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

यह घटना यह भी बताती है कि डिजिटल व्यवस्था को सुरक्षित रखना केवल तकनीकी विशेषज्ञों का काम नहीं है। सरकारों को अनुप्रयोगों की सुरक्षा जाँच नियमित रूप से करानी चाहिए। प्रशासनिक नियंत्रण तक पहुँच रखने वाले खातों की कड़ी सुरक्षा, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान, संदेश भेजने की अनुमति का सीमित उपयोग और किसी भी असामान्य सूचना की तत्काल जाँच आवश्यक है। यदि किसी अनुप्रयोग से परमाणु खतरे जैसी सूचना भेजी जाती है, तो उसे दूसरी स्वतंत्र व्यवस्था से सत्यापित करने की क्षमता भी होनी चाहिए।

आपातकाल

रात के ठीक दो बजकर बत्तीस मिनट पर संजीवनी मैटरनिटी एंड चिल्ड्रन्स अस्पताल के तीसरे माले पर स्थित नवजात शिशु वार्ड में अचानक गाढ़ा, कड़वा और दमघोंटू काला धुआँ भरने लगा।

कमरे के कोने में लगा अत्याधुनिक एआई स्मोक सेंसर खामोश रहा। अस्पताल प्रबंधन ने पिछले हफ्ते ही उसका सायरन म्यूट करवा दिया था, ताकि वीआईपी केबिन के मरीजों की नींद में खलल न पड़े।

रहस्य और रोमांच इस बात का था कि उस आग की लपटों और धुएं के समंदर के बीच से बाहर निकलने का रास्ता कहाँ था? दीवार पर हरी नियॉन रोशनी में चमकता हुआ ‘इमरजेंसी एग्जिट’ का तीर सीढ़ियों के दरवाजे की तरफ इशारा कर रहा था। चीखते-बिलखते परिजन अपने नवजात बच्चों को सीने से चिपकाए उस दरवाजे की तरफ भागे।

लेकिन जब वे दरवाजे पर पहुंचे, तो उनके रोंगटे खड़े हो गए।

लोहे के उस भारी आपातकालीन दरवाजे पर ऊपर से नीचे तक दो मोटी, जंग लगी लोहे की जंजीरें लिपटी थीं और उन पर एक भारी ताला लटक रहा था।ताला क्यों लगाया गया था?

अस्पताल के प्रबंध निदेशक का सख्त लिखित आदेश थाः कोई भी तीमारदार बिना ग्राउंड फ्लोर के बिलिंग काउंटर से डिजिटल नो-ड्यूज गेट पास लिए पिछले दरवाजे से मरीज को लेकर भाग न पाए। यार, तुमने कभी सोचा है कि जब कोई व्यवस्था अपने मुनाफे की वसूली के लिए मौत के सारे रास्ते खोल देती है और जिंदगी के सारे दरवाजे बंद कर देती है, तो इंसानियत की क्या औकात रह जाती है?

धुएं में सांस लेना दूभर हो गया था। कांच की खिड़कियां सील थीं क्योंकि पूरा अस्पताल सेंट्रलाइज्ड एसी था। सत्ताईस साल का देवा अपनी तीन दिन की नन्हीं बेटी को अपने सीने से चिपकाए उस बंद दरवाजे पर पागलों की तरह लातें मार रहा था।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 04 नवंबर 2026 बुधवार
सूर्योदय - 06:33सूर्यास्त 17:46
कार्तिक मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 12:00 से 13:30 तक
तिथि - दशमी 13:03उपरांत एकादशी
नक्षत्र - पूर्वाफाल्गुनी 05:46 उपरांत उत्तराफाल्गुनी
योग - ब्रह्म 11:36 उपरांत इन्द्र
करण - भद्रा
चन्द्रमा - सिंह में
मुस्लिम मास - जमादुअव्वल 23मास तारिख

मेष- साहस और पराक्रम से कठिन लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे। व्यापार में नया अनुबंध मिल सकता है, मुनाफा होगा।
वृषभ- मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा, आनंद मिलेगा। वित्तीय स्थिति सुदृढ़ रहेगी, रुका पैसा मिलेगा।
मिथुन- शारीरिक रूप से सक्रिय और स्वस्थ महसूस करेंगे। हनुमान जी के मंदिर में बूंदी का प्रसाद बाटें।
कर्क- दफ्तर में काम का बोझ बढ़ सकता है, संयम रखें। व्यापारिक यात्रा में सावधानी रखें, कागजात जांच लें।
सिंह- मानसिक तनाव से बचें, योग और मेडिटेशन करें। हनुमान चालीसा का पाठ करें।
कन्या- परिजनों के साथ किसी बात पर मतभेद हो सकता है, शांत रहें। अनावश्यक व्यय से बचें, बचत पर ध्यान केंद्रित करें।
तुला- कार्यस्थल पर नई संभावनाएं लक्ष्मी जी को गुलाबी फूल अर्पित करें।
वृश्चिक- दफ्तर में सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा, काम पूरे होंगे। सुंदरकांड का पाठ करें।
धनु- व्यावसायिक गतिविधियों में सफलता और लाभ मिलेगा। भाई-बहनों के साथ रिश्ते मजबूत होंगे।
मकर- सहयोग मिलेगा। आय में वृद्धि होगी, वित्तीय स्थिति सुरक्षित रहेगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा।
कुंभ- कार्यक्षेत्र में आपकी योजनाएं सफल होंगी, लाभ होगा। व्यापार में विस्तार के अवसर मिलेंगे, मुनाफा बढ़ेगा।
मीन- दोस्तों के साथ सुखद समय बिताने का मौका मिलेगा। धन प्राप्ति के योग मजबूत हैं, आय के नए स्त्रोत मिलेंगे।

व्यंग्य

बंगाल का तूफान से रिश्ता पुराना है

बंगाल के सीने में तूफान के संस्कार भरे हुए हैं । यहां का हर तूफान चक्रवाती होता है । जैसे कुल्लू के साथ मनाली , किस्से के साथ कहानी , आयुवेर्दिक के साथ होम्योपेथिक जुड़ा हुआ है वैसे ही बंगाल बोलो तो तूफान स्वतः मुंह से निकल ही जाता है । बंगाल का हर गाल तूफान का गोदाम है । यहां का हर आदमी कामरेड है और कामरेड जहां भी जाते हैं अपने साथ तूफान लेकर जाते है । ये जहां भी खड़े हो जाते हैं आंदोलन का तूफान छा जाता है । यहां हर सीने में तूफान है किसी के भी सीने में ममता नही है ।



अख्तर अली
(दैनिक अवन्तिका)

अर्नब जैसे दर्जन तूफान बंगाल की गोद में पले है । बंगाल का जर्रा जर्रा तूफान की प्रयोगशाला है । कपड़ा मार्केट में साड़ियों की इतनी व्हेरायटी नही होगी जितनी बंगाल में तूफानो की है । एक से बढ़ कर एक तूफान , यहां का हर तूफान भीषण होता है । प्रातः स्मरणीय गुरुदेव रविन्द्र नाथ टैगोर ने यहां साहित्य , कला और शिक्षा के क्षेत्र में जो तूफान लाया था उसका असर पूरे विश्व में पड़ा था । सत्यजीत रे ने सिनेमाई और उत्पल दत्त , शंभू मित्रा और बादल सरकार ने रंगमंच में तूफान लाया ।

कहने को यहां एक बंगाल की खाड़ी है लेकिन हकीकत में यहां हर बाड़ी में खाड़ी है जिसमें से रोजाना तूफान उठा करते हैं । ये एक पल के लिये भी तूफान बिना नही रह सकते । इनका हर कदम हर शब्द एक तूफान है । बादल सरकार से लेकर राज्य सरकार तक का जुलूस पूरे देश में तूफान मचा देता है ।

बंगाल के माथे पर तूफान अंकित है । यहां बंगाल की खाड़ी से अर्नब तूफान , राजनीति की खाड़ी से परिवर्तन का तूफान , फुटबाल की खाड़ी से मोहन बगान का तूफान , ईडन गार्डन से चौके छक्कों का तूफान , हिंसा की खाड़ी से नंदीग्राम का तूफान , एस आई आर की खाड़ी से वोटर लिस्ट का तूफान , उद्योग की खाड़ी में से नैनो का तूफान , संघर्ष की खाड़ी में मेहनतकशों का तूफान , लोहारी , सुनारी और कशीदाकारी में बंगाली बुद्धि ने तूफानी प्रदर्शन किया है । यहाँ दादा का ही नही दीदी का तूफान भी छाया रहता है ।

बंगाल की खाड़ी से उठने वाले तूफान तो बेचारे नन्हे मुन्ने से मासूम तूफान है । प्राकृतिक निर्मित मौसमी तूफान जो दो दिन में गरज बरस कर शांत हो जाते है । चिंता मानव निर्मित तूफान की ज्यादा जरूरी है क्योंकि प्रकृति निर्मित तूफान धूल भरे और मानव निर्मित तूफान भूल भरे होते हैं । पता ही नही चलता कि इसे मैनेज कौन कर रहा है ।वह कौन है जो इस तूफान को हवा दे रहा है ?

इन तूफानों से विपरीत स्वभाव के तूफान की आंधी भी इसी बंगाल से चली है । फैशन और पहनावे की दुनियां में बंगाली कुर्ता और धोती का तूफान कई दशकों से थमने का नाम नही ले रहा है । हर तूफान के आने का जाने का एक समय होता है लेकिन पहनावे के बाद बंगाल का एक और तूफान जो थमने का नाम नही ले रहा है और न ही यह कभी थमेगा । बंगाल वालों का यह प्रिय तूफान भोजन की थाली से उठने वाला मछली भात का तूफान है । स्वाद का यह तूफान सभी तूफानों का सरदार है ।

बंगाल का हर तूफान शोर मचाएं ऐसा जरा भी नही है । बंगाल की धरती से उठा एक तूफान ऐसा भी है जो पूरी दुनियां में फैला है । इस तूफान से लोगों को राहत मिली है सुकून मिला है यह है रविन्द्र संगीत का तूफान ।

हिंसक घटनाओं का तूफान , जुलूस , नारे , पोस्टर का तूफान , रंगदारी , दलबदल और भड़काऊ बयान के बीच बंगाल की धरती से एक आव्हान तूफान लाया था जो मानवता को राह दिखाता रहेगा वह है एकला चलो रे का तूफान ।

कैंसर ही नहीं, हर रोग की दवा सस्ती हो

भारत में 70 प्रतिशत से अधिक आबादी मध्यम और गरीब वर्ग के लोगों की है, जिनकी आय सीमित और निश्चित होती है। आर्थिक संसाधनों की कमी के चलते इस वर्ग के बच्चे अच्छी शिक्षा और परिवार के सदस्य बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से अक्सर वंचित रह जाते हैं। सरकार द्वारा संचालित स्कूलों और अस्पतालों में देशभर में अधिकांश बच्चे और मरीज इसी मध्यम एवं गरीब वर्ग के दिखाई देते हैं। शहर हो या गांव, सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों और सरकारी अस्पतालों में इलाज करवाने वाले मरीजों में इस वर्ग की बड़ी संख्या होती है। देश के मध्यम और गरीब तबके के लोगों की विडंबना यह है कि वे अपनी सीमित आय के चलते न तो अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला पाते हैं और न ही परिवार के सदस्यों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवा पाते हैं। ऐसे परिवारों के लिए घर के किसी सदस्य का बीमार होना और उसका इलाज करवाना भी आर्थिक रूप से किसी बड़ी चुनौती से कम नहीं होता।



अरविन्द रावल
(दैनिक अवन्तिका)

यह सच है कि देश की स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में निःशुल्क दवाइयों की उपलब्धता और आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से मध्यम एवं गरीब तबके के लोगों को इलाज में काफी राहत मिली है। लेकिन आज भी देश के ग्रामीण अंचलों और कस्बों के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी, पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाओं एवं दवाइयों का अभाव तथा जिला और ब्लॉक मुख्यालयों के अस्पतालों में अत्यधिक भीड़ के चलते अनेक मरीज तत्काल स्वास्थ्य लाभ के लिए निजी अस्पतालों और क्लीनिकों का रुख करने को मजबूर हैं। निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में डॉक्टरों की फीस, विभिन्न जांचों और दवाइयों के मनमाने दामों के चलते सामान्य बुखार जैसी बीमारी का इलाज करवाने में भी आम आदमी आर्थिक रूप से इतना परेशान हो जाता है कि उसे अपने या परिवार के किसी सदस्य का बीमार होना किसी गुनाह जैसा महसूस होने लगता है। आज महंगाई के इस दौर में मध्यम और गरीब तबके के परिवारों के लिए किसी सदस्य का बीमार होना आर्थिक रूप से इतना कष्टदायक हो गया है कि इलाज का खर्च पूरे महीने का बजट बिगाड़ देता है।

वर्तमान व्यवस्था में इस सच्चाई से इनकार नहीं किया जा सकता कि कुछ निजी चिकित्सालयों और क्लीनिकों में मरीजों से जांच और दवाइयों के नाम पर अत्यधिक पैसे वसूले जाते हैं। वहीं, शासकीय अस्पतालों में कार्यरत कुछ डॉक्टर भी अस्पतालों में अपनी सेवाएं देने के बजाय घरों या निजी क्लीनिकों में मरीजों को देखते हैं। इतना ही नहीं, मरीजों और मेडिकल स्टोरों के माध्यम से दोहरा आर्थिक लाभ कमाने की शिकायतें भी सामने आती रहती हैं। ऐसे अनेक कारणों के चलते सरकारों के प्रयासों के बावजूद देश के कई इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति अपेक्षित स्तर तक नहीं पहुंच पाई है। देश की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सस्ता और जनहितकारी बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार से यह निवेदन है कि जिस प्रकार कैंसर जैसी गंभीर बीमारी की दवाइयों की कीमतें निर्धारित करने की दिशा में कदम उठाए गए हैं, उसी प्रकार सामान्य बुखार से लेकर कैंसर तक की सभी छोटी-बड़ी बीमारियों की दवाइयों की कीमतों की भी व्यापक समीक्षा की जाए। इसके साथ ही देशभर में निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में होने वाली विभिन्न प्रकार की चिकित्सकीय जांचों की फीस भी निर्धारित करने की आवश्यकता है। जिस प्रकार देश में 'एक विधान, एक निशान' की अवधारणा की बात की जाती है, उसी तरह आम नागरिकों के हित में आवश्यक दवाइयों और चिकित्सकीय जांचों की कीमतों में भी पारदर्शिता तथा उचित समानता सुनिश्चित की जानी चाहिए।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

धर्म-आस्था

यांत्रिक भाषा के खोल में सिसकती संवेदनाएँ

सभ्यता के भोर में मनुष्य ने गुफाओं की उदास, पथरीली दीवारों पर जब पशु-पक्षियों के चित्र उकेरे थे, तब उसके पास भाषा नहीं थी, केवल अपनी पहचान चिह्नित करने की एक छटपटाहट भरी आकांक्षा थी।

समय चक्र चलता रहा - युग बीते, वाक्य की देवी अवतरित हुईं, संस्कृतियों ने जन्म लिया और मनुष्य ने अपने मन की अनंत भावनाओं सुख-दुख, विरह और अनुराग को व्यक्त करने के लिए शब्दों का आविष्कार किया। शब्दों ने उसकी संवेदनाओं को विस्तार दिया झ बाल्मीकि ने राम कथा लिखी,कालिदास ने मेघों को दूत बनाया और गालिब ने दिल की नाजुक परतों को शब्द दिए। इस तरह भाषा को उच्च आयाम मिले। आज, मनुष्य के पास संवाद के अब तक के सबसे तेज और सुविधाजनक साधन हैं, संदेश क्षण भर में पहुँच जाते हैं, प्रतिक्रियाएँ तत्क्षण मिल जाती हैं, किंतु एक प्रश्न रह-रहकर सिर उठाता है कि क्या हमारी भावनाएं भी उतनी ही सहजता से एक-दूसरे तक पहुँच रहे हैं। हमारी उँगलियाँ पहले से अधिक सक्रिय हैं, पर क्या संवेदनाएँ भी उतनी ही जाग्रत हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि अभिव्यक्ति की बढ़ती सुविधा ने अनुभूति के धैर्य को ही संकुचित करना शुरू कर दिया है।



डॉ. स्नेहलता श्रीवास्तव
(दैनिक अवन्तिका)

सोशल मीडिया पर संदेश पढ़ते हुए मुझे ।कई बार ऐसा लगता है कि विकास के शीर्ष पर बैठा इक्कीसवीं सदी का मनुष्य पुनः उसी प्रागैतिहासिक गुफा में लौट रहा है - अंतर बस इतना है कि इस बार दीवारें पाषाण की नहीं, चमकदार नीली स्क्रीनों की हैं, और चित्र उकेरे नहीं जा रहे, बल्कि अंगूठे के एक स्पर्श मात्र से 'सेंड' किए जा रहे हैं।

क्या यह सच नहीं कि। आज भाषा का विशाल, समृद्ध प्रांगण सिमटकर कुछ पीली बिंदियों और बहुरंगी प्रतीकों की परिधि में कैद हो रहा है। संवेदनाएँ, जो कभी शब्दों की मखमली छुअन से जीवंत होती थीं, अब 'इमोजी' के खोल में दम तोड़ रही हैं।

आज स्थिति यह है कि जब किसी आत्मीय के जीवन में शोक का अंधकार घिरता है, तो अब सांत्वना के स्नेह और भावपूर्ण दो शब्द नहीं लिखे जाते हैं,उसकी जगह स्क्रीन पर टिमटिमाता है एक रोता हुआ पीला चेहरा या जुड़े हुए दो हाथ! क्या संवेदना का कोई भार, कोई घनत्व अभी बचा है। दुःखातिरेक की उस गहन स्तब्धता को तीन या चार रंगीन प्रतीकों से तौल देना मनुष्य की संवेदना, भाषाई सौंदर्य और सामर्थ्य की जघन्य हत्या नहीं तो और क्या है।

अत्यंत चिंतनीय है कि जो 'हृदय' कभी निष्ठा, समर्पण और जीवन-रस का केंद्र था, वही अब कीबोर्ड के किसी कोने में पचास रंगों और आकारों में कौड़ियों के भाव नीलाम हो रहा है। लाल, नीला, पीला, स्पंदित होता हुआ, टूटता हुआ दिल बटन दबाया और फेंक कर मार दिया! जिस प्रेम की अभिव्यक्ति में कभी पूरी कविताएं और महाकाव्य रच जाते थे,कहानियां लिख जाती थीं, वह अब एक गोल-मटोल पीले चेहरे के पीछे छुपकर मुस्करा रहा है। अब शब्द अनुपस्थित हैं, और जहाँ शब्द अनुपस्थित होते हैं, वहाँ मौन का सौंदर्य नहीं होता, वरन् एक असहज बना देने वाली यांत्रिकता जन्म लेती है। ।'कृतज्ञता' अब 'हाथ जोड़ने वाले चिन्ह' की मोहताज है, और 'आँखों से बहते आँसुओं वाले हँसते चेहरे' ने उल्लास को बंधक बना लिया है, और ।'स्नेह' तो 'उड़ती हुई चुंबन' के स्टीकर में सिमट गया है।

जन्मदिन हो या कोई त्योहार, अब शुभकामनाएं भी 'कॉपी-पेस्ट' के कारखाने से बनकर आती हैं। एक ही सजावटी संदेश पचास लोगों को फॉरवर्ड कर दिया जाता है। न भेजने वाले का भाव उपस्थित है और पाने वाले का उल्लास ; बस एक यांत्रिक चक्र पूरा हो रहा है। तकनीक ने संसार को हमारी उँगलियों तक पहुँचा दिया है; अब चुनौती यह है कि संसार की इस निकटता में मनुष्य एक-दूसरे से दूर न हो जाएँ। क्योंकि भाषा का सौंदर्य उसकी चमक में नहीं, उस अनुभूति में है जो शब्दों के माध्यम से एक हृदय से दूसरे हृदय तक पहुँचती है।

किसी मनीषी ने कल्पना भी नहीं की होगी कि ।हम भाषा को समृद्ध करते-करते अचानक उसे इतना दरिद्र बना बैठेंगे। आज हम भूल रहे हैं कि शब्द केवल अक्षरों का समूह नहीं होते; उनमें एक संवेदनाओं की गर्माहट होती है, एक स्पंदन होता है, बोलने वाले की सांसों की महक होती है।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2750-3470, चना काबली- 5500-10100, चना बड़ा- 6451-6980, मक्का- 2485, उड़द- 4000-7911, मूंग- 2200, सोयाबीन- 2400-7313, मैथीदाना- 6151, राजमा- 8926, बटला- 1611-3491, मसूर- 8000, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना-स्टेण्डर्ड- 1,48,200 रवा- 1,48,000 चांदी-टंच- 2,15,000 पाट- 2,14,000।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

घर के कमरे में मिला युवक का शव, पास ही पड़ी मिली सल्फास की खाली डिब्बी

शाजापुर। घर के कमरे में युवक का शव संदेहास्पद परिस्थिति में मिला और समीप ही सल्फास की खाली पड़ी डिब्बी भी मिली है। जानकारी के अनुसार मृतक ब्रजमोहन सोनगरा पिता शेरसिंह निवासी ग्राम निछमा वर्तमान में काशी नगर में किराये के मकान में रहता था। परिजनों के मुताबिक रात के समय ब्रजमोहन घर पर अकेला था, इस दौरान उसकी संदेहास्पद ढंग से मौत हो गई। पास ही खाली पड़ी सल्फास की डिब्बी मिलने से मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है। हालांकि मौत के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है।

अनियंत्रित होकर ट्रक पलटने से चालक घायल



शाजापुर। अनियंत्रित होकर ट्रक पलटने से चालक घायल हो गया। जानकारी के अनुसार भेरू डूंगरी के पास सोमवार सुबह करीब 4.30 बजे एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में ट्रक सवार व्यक्ति घायल हो गया। 108 एंबुलेंस के ईएमटी गौतम बैरागी एवं पायलट ललित शर्मा ने घायल को प्राथमिक उपचार देकर जिला अस्पताल शाजापुर पहुंचाया। घायल उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले का निवासी बताया जा रहा है।

शव रिक्शा में मिलने से सनसनी, जांच में जुटी पुलिस

शाजापुर। युवक का शव रात के समय रिक्शा में मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार रात को महूपुरा निवासी इरफान खान पिता इकबाल खान का शव रिक्शा में पड़ा मिला। बताया जा रहा है कि इरफान रिक्शा चलाने का काम करता था। पुलिस ने सोमवार सुबह मामले में मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

विशेष पॉक्सो न्यायालय का फैसला, महिला आरोपी भी दोषी, डीएनए रिपोर्ट बनी अहम साक्ष्य

नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पांच आरोपियों को आजीवन कारावास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



नाबालिग को अगवा कर सामूहिक दुष्कर्म करने और बाद में अलग-अलग स्थानों पर उसका यौन शोषण करने के मामले में विशेष पॉक्सो न्यायालय ने पांच आरोपियों को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इनमें एक महिला आरोपी भी शामिल है। न्यायालय ने सभी आरोपियों को विभिन्न धाराओं में कारावास और अर्थदंड से भी दंडित किया है।

जिला अभियोजन के मीडिया प्रभारी प्रतीक श्रीवास्तव ने बताया कि विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट ने आरोपी मयंक उर्फ गोलू विश्वकर्मा, शाहदत उर्फ राजा, अनस उर्फ अनीस खां, दुर्गेश राठौर और सुनीता राठौर को दोषी पाया। तीन आरोपियों को धारा 70(2) बीएनएस और अन्य संबंधित धाराओं में आजीवन कारावास, दुर्गेश को धारा 64(2) एम बीएनएस तथा सुनीता को संबंधित धाराओं में आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। अन्य धाराओं में भी अलग-अलग अवधि के कारावास और अर्थदंड लगाए गए।

अभियोजन के अनुसार 26 जून 2025 को पीड़िता के पिता ने शुजालपुर मंडी थाने में उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने 30 जून को पीड़िता को दस्तयाब किया। पीड़िता ने बताया कि 25 जून की रात घर से निकलकर जाते समय मयंक और राजा उसे पिकअप में बैठाकर ले गए। बाद में अनस को बुलाकर उसे ऑटो रिक्शा से मेवाड़ा ढाबे ले जाया गया, जहां तलघर में तीनों आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।

इसके बाद आरोपी उसे शाजापुर में मयंक की मौसी सुनीता राठौर के पास ले गए। सुनीता ने अपने बेटे दुर्गेश की शादी कराने के लिए पीड़िता को रखने में सहयोग किया। दुर्गेश ने भी दो दिन तक उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में पीड़िता को अकोदिया और फिर इंदौर ले जाया गया, जहां मयंक और दुर्गेश ने उसके साथ दोबारा दुष्कर्म किया। इसके बाद उसे बस में बैठाकर भेज दिया गया। अकोदिया पहुंचने पर पुलिस ने उसे दस्तयाब किया।

पुलिस ने विवेचना के बाद न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। मेडिकल परीक्षण के बाद जब्त प्रदर्शों से आरोपियों के डीएनए का मिलान मामले में महत्वपूर्ण साक्ष्य रहा। न्यायालय ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि सामूहिक दुष्कर्म की साझा मंशा से सहयोग करने वाली महिला को भी अपराध के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है, भले ही वह स्वयं शारीरिक रूप से अपराध में शामिल न हुई हो। प्रकरण में शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक रमेश सोलंकी और प्रदीप कुमार भटेले ने पैरवी की। अभियोजन के साक्ष्यों और तर्कों से सहमत होकर न्यायालय ने दोषसिद्धि का निर्णय सुनाया।



नकाबपोश बदमाशों ने पेट्रोल पंप कर्मचारी को पीटा: सीसीटीवी फुटेज में दिखे आरोपी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सुसनेर

सोयत रोड स्थित श्री कुलदेवी पेट्रोल पंप पर नकाबपोश बदमाशों ने कर्मचारी कमल सिंह के साथ मारपीट की। बोरखेड़ी कावल निवासी 29 वर्षीय कमल सिंह, चंदर सिंह के बेटे हैं। घटना का उठ्ठश फुटेज सामने आया है, जिसमें मुंह पर कपड़ा बांधे कुछ लोग उन्हें पीटते दिख रहे हैं।

पंप मालिक अभिषेक बजाज घायल कर्मचारी को शासकीय सिविल अस्पताल सुसनेर ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें आगर रेफर किए जाने की जानकारी है। घटना के विरोध में सोमवार शाम सुसनेर के आठ पेट्रोल पंप संचालक थाने पहुंचे। उन्होंने थाना प्रभारी अनिल मालवीय के नाम सब इंस्पेक्टर सचिन धाकड़ को आवेदन सौंपा।

संचालकों ने आरोप लगाया कि बदमाशों ने सेल्समैन पर हमला कर रुपये लूटने की कोशिश की और मौके से भाग गए। उन्होंने कहा कि घटना के बाद पेट्रोल पंप संचालकों और डीलरों में डर का माहौल है।

21 नवंबर से शुरू होगी विधानसभा स्तरीय अटल कप क्रिकेट प्रतियोगिता

डॉ. शर्मा स्टेडियम में होगा आयोजन विधानसभा क्षेत्र की टीमें लेंगी भाग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति में आयोजित चतुर्थ वर्ष की विधानसभा स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता अटल कप का भव्य शुभारंभ 21 नवंबर को होगा। प्रतियोगिता का आयोजन शुजालपुर के अकोदिया नाका स्थित डॉ. शैलकुमार शर्मा स्टेडियम में किया जाएगा। प्रतियोगिता में शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों की टीमें भाग लेंगी।

प्रतियोगिता के आयोजन की जिम्मेदारी शालिगराम तोमर सेवा न्यास शुजालपुर ने संभाली है। आयोजन को लेकर शुजालपुर नगर मंडल, शुजालपुर ग्रामीण, अकोदिया, सुंदरगढ़ और गोलाना क्षेत्र में संयोजकों एवं प्रभारियों की नियुक्ति कर टीमों के गठन और पंजीयन की व्यवस्था की गई है।

आयोजन समिति के अनुसार प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रवेश शुल्क जमा कराने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रत्येक टीम में 14 खिलाड़ी शामिल होंगे। खिलाड़ियों के दो-दो फोटो और आधार कार्ड की छायाप्रति जमा कराना अनिवार्य होगा। अंतिम सूची जमा होने के बाद खिलाड़ियों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा सकेगा। प्रत्येक गांव से एक टीम तथा नगरीय क्षेत्र में प्रत्येक वार्ड से अलग-अलग टीम भाग ले सकेगी। सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगिता में केवल शुजालपुर विधानसभा क्षेत्र में निवासरत खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। प्रत्येक खिलाड़ी के लिए वंदे मातरम गान और भारत माता के जयघोष में शामिल होना अनिवार्य रहेगा।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

आगर मालवा। आगर मालवा जिले के ग्राम पिपलोन में सोमवार को पेट्रोल पंप के पास अज्ञात ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में 18 वर्षीय अर्जुन घायल हो गया। वह ग्राम अरनी का खेड़ा का रहने वाला है। उसके पिता का नाम पप्पू सिंह बंजारा है। हादसे के बाद अर्जुन को जिला अस्पताल आगर ले जाया गया।



तक्षशिला एकेडमी गिरवर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन, विद्यार्थियों ने दिखाए आर्कषक चलित मॉडल

शाजापुर। समीपस्थ ग्राम गिरवर स्थित निजी शिक्षण संस्थान तक्षशिला एकेडमी में सोमवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं पर्यावरण पर आधारित कई आर्कषक और ज्ञानवर्धक चलित मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्होंने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए इनोवेटिव मॉडल रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विकासखंड साक्षरता सह समन्वयक लोकेश राठौर ने प्रदर्शनी का बारिकी से अवलोकन किया। उन्होंने प्रत्येक मॉडल के पास जाकर विद्यार्थियों से उनके प्रोजेक्ट्स के बारे में विस्तार से जानकारी ली और उनकी इस रचनात्मकता के लिए उनका जमकर उत्साहवर्धन किया। बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करते हुए स्कूल संचालक आकाश पांचाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष पुरस्कारों की घोषणा की, जिससे बच्चों में और अधिक उत्साह देखा गया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्राचार्य शुभम डाबी ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस सफल आयोजन को संपन्न कराने में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं और विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।

कदमताल और देशभक्ति की धुनों से गूंजा हायर सेकेंडरी मैदान, सुपरविजन एकेडमी प्रथम



शाजापुर। सधे हुए कदम, आकर्षक वेशभूषा और देशभक्ति के तराने गाते वाद्ययंत्र... कुछ ऐसा ही ऊजार्वान नजारा था शाजापुर के हायर सेकेंडरी मैदान का। आगामी गणतंत्र दिवस 2027 की तैयारियों को लेकर आयोजित जिला स्तरीय राष्ट्रीय स्कूल बैंड प्रतियोगिता में जिले के स्कूली बच्चों ने अपने शानदार प्रदर्शन से समां बांध दिया। इस कड़े मुकाबले में उत्कृष्ट अनुशासन और बेहतरीन वादन के दम पर पोलायकलां की सुपरविजन एकेडमी के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान हासिल कर बाजी मारी। जिला शिक्षा अधिकारी दीपा कीर के निदेर्शानुसार सोमवार को आयोजित इस स्पर्धा में जिले के 9 शासकीय और अशासकीय विद्यालयों की टीमों ने अपनी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने एक निर्धारित वेशभूषा में शानदार कदमताल करते हुए पूरे अनुशासन के साथ राष्ट्रगान और विभिन्न राष्ट्रीय धुनों पर बैंड का सुरीला वादन किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली सुपरविजन एकेडमी पोलायकलां की विजेता टीम अब 5 नवंबर 2026 को संभाग स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में अपना दम दिखाएगी। इस देशभक्ति से ओत-प्रोत कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट विक्रम मालवीय मौजूद रहे। कार्यक्रम में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राधावल्लभ कारपेंटर, जिला खेल अधिकारी बीएल गोयल और कार्यक्रम प्रभारी महेंद्र मोहन सोनी की विशेष मौजूदगी रही। बच्चों की प्रस्तुति, सुर और ताल को बारीकी से परखने के लिए निर्णायक की अहम जिम्मेदारी विशाल झाला और केंद्रीय विद्यालय के संगीत शिक्षक सतीश कुमार सोलंकी ने निभाई।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने सोनाकुंवर पति शम्भुसिंह जाति राजपुत एवंम तारा कुंवर बैवा राजेन्द्रसिंह, गणेश कुंवर पिता राजेन्द्रसिंह, पुजाकुंवर पिता राजेन्द्रसिंह समस्त निवासीगण ग्राम परोलिया पदमा तहसील उन्हेल जिला उज्जैन के स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम परोलिया पदमा स्थित भुमि सर्वे नम्बर 57 रकबा 0.21 हे, सर्वे नम्बर 58 रकबा 0.23 हे, सर्वे नम्बर 56 रकबा 1.74 हेक्टर जो कि कुल किता 03 होकर कुल रकबा 2.18 हेक्टर भुमि को क्रय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी हे।

यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष मे रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथवा उक्त भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफीस मे मिले व आपत्ति पेश करे ।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष में करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धन कारक नही रहेगी दिनांक 03/11/2026

जाकिर हुसैन एडव्होकेट
पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चौक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जौन मोबा 98278-47404 एंव 99260-66398

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार ने श्री प्रद्युम पण्डया पति श्री गणेशीलाल पण्डया निवासी व कृषक-01 हनुमान मंदिर ग्राम पासलोद तहसील बडनगर जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके भूमि स्वामी स्वत्व एवम आधिपत्य की कृषि आराजी भूमि सर्वे नम्बर-85 रकबा 1.56 हेक्टर में से रकबा 0.600 हेक्टर भूमि सर्वे नम्बर-84/2 से लगी हुई लगानी बरूएट की स्थित ग्राम पसलोदा प.ह.नं.-50 तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. में हैं, को क्रय करने का सोदा किया होकर अग्रिम विक्रय मूल्य राशि अदा कर अनुबंध-पत्र का सम्पादन करवा लिया हैं एवम विक्रय-पत्र सम्पादन व पंजीयन करनावा शेष हैं यदि उक्त भूमि को लेकर किसी प्रकार का कोई लेन देन कोई अथवा किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, या किसी वित्तीय संस्थान आदि का कोई बकाया हो या किसी का क्रय अनुबंध हो अथवा किसी का कोई स्वत्व, हित, अधिकार या सुखाधिकार हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन की दिनांक से अवधि सात :7: दिनों में अपनी आपत्ति सप्रमाण लिखित में मेरे कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर पेश करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद मेरा पक्षकार अपने हित में विक्रय-पत्र का पंजीयन करवा लेंगे तथा पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बन्धन-कारक नहीं होगी। सूचित हो। इति दिनांक-03-11-2026, स्थान-उज्जैन,

अमितेष जैन एडवोकेट
बी-4, भरतपुरी काम्पलेक्स उज्जैन
मो. नं.-9827015929 मो. नं.-9098085783

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेता जाकीर पटेल पिता अ.गनी जी जाति नायता निवासी गली नम्बर 2 खंदार मोहल्ला उज्जैन कृषक ग्राम टोकरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन मे विक्रेता के स्वामित्व एंव आधिपत्य भूमि सर्वे नं 282/3 रकबा 0.56 हे. कुल किता 01 कुल रकबा 0.56 हे भूमि ग्राम टोकरा तहसील बडनगर जिला उज्जैन म.प्र. मे स्थित है उक्त भूमि को विक्रय करने का सोदा मेरे पक्षकार के द्वारा विक्रेता से तय कर बयाना राशी विक्रेता पक्ष को अदा कर दि है व अपने पक्ष मे एक अनुबंध पत्र निष्पादित करवा लिया गया है। तथा उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति संस्था बैंक का कोई ऋण भार बोझ हक कर्जा या लेन देन किसी प्रकार का स्वत्व संबधी या न्यायालय मे किसी प्रकार का कोई प्रकरण विचाराधीन हो अथवा किसी अन्य व्यक्ति का किसी प्रकार से कोई भी हित, स्वत्व, एवं अधिकार होतो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन से 7 दिवस के भीतर लिखीत प्रमाण दस्तावेज लेकर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकि आपत्ति का निराकरण किया जा सके मियाद गुजर जाने के पश्चात किसी प्रकार कि कोई आपत्ति या दावा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नही होगी व मेरे पक्षकार के मुकाबले आपत्ति अवैध तथा शुन्यवत मानी जावेगी। दिनांक 03/11/2026

लोकेन्द्रसिहं सिसोदिया एडव्होकेट
कार्यालय - कोर्ट परिसर बडनगर जिला उज्जैन म.प्र.
मो.- 7747869029

धूमधाम से मना मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

शाजापुर। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह शाजापुर में आयोजित किया गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदरसिंह परमार ने विरासत के संरक्षण को प्रमुख बताते हुए विद्यार्थियों से शिक्षा के क्षेत्र में आवश्यक सुविधाओं और सुधार हेतु सुझाव साझा करने का आह्वान किया। उन्होंने शाजापुर में आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों के लिए शुरू की गई नीट एवं जेईई की निःशुल्क कोचिंग सुविधा को एक महत्वपूर्ण पहल करार दिया। शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने मंत्री परमार के समक्ष शाजापुर को इंजीनियरिंग कॉलेज में उन्नयन करने तथा शासकीय विधि महाविद्यालय में एलएलएम कक्षाएं प्रारंभ करने की प्रमुख मांग रखी।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि (1) श्री विष्णु कुमरावत पिता स्व. श्री रामलाल जी कुमरावत के स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भवन/भूखण्ड क्र. 07, उत्तर दिषा वाला भाग स्थित कन्हैयालाल मनाना मार्ग की गली नं. 2 उज्जैन में स्थिति है । जिसका कुल क्षेत्रफल 16.82 वर्गमीटर तथा चतुर्सीमा पूर्व में मकान लड्डा जी का स्थित है, पश्चिम में मकान सोनी जी का स्थित है, उत्तर में मकान व्यास जी का स्थित है, दक्षिण में पेश भाग जो प्रथम पक्ष के हिस्से में आया है । यह सम्पत्ति विश्णु कुमरावत पिता स्व. श्री रामलाल जी कुमरावत को रजिस्टर्ड बँटवारा पत्र दिनांक 12.06.2017, दस्तावेज क्र. MP432022017A1314362 के द्वारा प्राप्त हुई है।

(1) श्री श्री विष्णु कुमरावत पिता स्व. श्री रामलाल जी कुमरावत के द्वारा मेरे पक्षकार म.प्र. ग्रामीण बैंक में उपरोक्तवर्णित सम्पत्ति को बंधकग्रस्त करने का प्रस्ताव कर ऋण प्राप्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः इस जाहीर सूचना के माध्यम से यह सूचित किया जाता है कि उक्त भवन/भूखण्ड में कोई स्वत्व या हिस्सा रखता हों, या किसी भी राष्ट्रियकृत बैंक अथवा सरकारी, साहुकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो अथवा किसी न्यायालय में विचाराधिन कोई प्रकरण हो तो ऐसे सम्बंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 3 (तीन) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहीत लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सकें। अवधि व्यतित होने के पश्चात मेरे पक्षकार बैंक के द्वारा ऋण स्वीकृत किया जा सकता है तथा उपरोक्त वर्णित सम्पत्ति को बैंक के हित में बंधकग्रस्त किया जा सकता है तथा उसके पश्चात किसी प्रकार की आपत्ती मान्य नहीं होगी। ना ही मेरे पक्षकार पर बंधककारक होगी। इति - दिनांक 03.11.2026, उज्जैन

विवेक पाठक अभिभाषक
42, घटकरपर मार्ग
मालवा होजअरी के सामने, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 94248-92788

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता हे कि मेरे पक्षकार ने निशा पति सन्तोष परमार जाति नाई निवासी चिन्तामण जवासिया, रितु पति करण जाति नाई निवासी चिन्तामण जवासिया जिला उज्जैन के स्वामित्व एंव आधिपत्य की ग्राम महु तहसील नागदा जिला उज्जैन मे स्थित भुमि सर्वे नम्बर 554/1 रकबा 0.25 हे, सर्वे नम्बर 563 रकबा 0.31 हे, तथा सर्वे नम्बर 564 रकबा 0.29 तथा सर्वे नम्बर 554/4 रकबा 0.25 हेक्टर जो कि कुल किता 04 होकर कुल रकबा 1.10 हे, भुमि को क्रय करने का अनुबन्ध किया जिसमे मेरे पक्षकार ने बयाना पेटे राशी भी अदा कर दी हे।

यह कि, उक्त भुमि पर किसी भी व्यक्ति, बैंक संस्था, सोसायटी, वित्तीय निकाय, भुमि, विकास बैंक, जिला सहकारी बैंक, शासकीय व अर्धशासकीय, विभाग, या ट्रस्ट के पक्ष में रहन, बय, दान, आदी, की डुई हो, अथवा उक्त भुमि के किसी भी वैद्य उत्तराधिकारियों का भुमि मे किसी प्रकार का कोई स्वत्व, हित्त, हिस्सा, हो या किसी को भी किसी प्रकार की आपत्ति हो तो, इस जाहिर सुचना प्रकाशन के 07 दिवस के अन्दर असल दस्तावेज, मय प्रमाण के मेरे अग्रलिखीत आफिस मे मिले व आपत्ति पेश करे ।

अतः इस जाहिर सुचना के द्वारा सुचित किया जाता हे कि 07 दिवस की अवधि मियाद के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भुमि का विक्रय पत्र का सम्पादन अपने पक्ष मे करवालिया जावेगा, तथा बाद मियाद ऐसी कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हित मे बन्धन कारक नही रहेगी दिनांक 03/11/2026

जाकिर हुसैन एडव्होकेट
पताः-किदवई मोहल्ला चांदबड चौक उन्हेल तहसील नागदा जिला उज्जौन मोबा 98278-47404 एंव 99260-66398

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा प्रतिभा सक्सेना पिता स्व. विजयचन्द्र सक्सेना, निवासी- अ-9/7, महानंदा नगर, उज्जैन में स्थित मकान मेरी पक्षकारा के पिता के नाम से होकर उक्त मकान जो कि अ-9/7. महानंदा नगर, उज्जैन में स्थित है, जिसमें वर्तमान में मेरी पक्षकारा एवं उनका भाई हर्ष सक्सेना आधे-आधे भाग में निवास करते है, जिसके सम्बन्ध में मेरी पक्षकारा और हर्ष सक्सेना के मध्य आपसी लेख दिनांक 17/07/2025 को सम्पादित हुआ है, मेरी पक्षकारा को ज्ञात हुआ है कि हर्ष सक्सेना उक्त मकान जो संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य के मकान को मेरी पक्षकारा की सहमति के बिना विक्रय करने की कोशिश कर रहा है, जो कि अवैध है। ज्ञात होवे कि उक्त मकान में मेरी पक्षकारा एवं हर्ष सक्सेना का बराबर-बराबर का अधिकार है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकारा की सहमति के बिना उक्त मकान को विक्रय, रहन, बय, दान आदि किया जाता है तो वह मेरी पक्षकारा पर बंधनकारी नही होकर शून्य माना जावेगा।

अतः सर्वसाधारण सूचित हो।

नीलिमा सिसोदिया (एडवोकेट)
कार्यालय- चेम्बर नं. 24, कोर्ट परिसर
उज्जैन म.प्र. मोबा.नं. 99267-33190

नाम सुधार सूचना

मैं राजेश कुमार, पिता/अभिभावक युक्तिका प्रजापति, निवासी सुसनेर, जिला आगर मालवा, मध्य प्रदेश, यह सूचित करता हूँ कि मेरी पुत्री, जन्म दिनांक 20/10/2020, का नाम आधार कार्ड में भूलवश "Yutika Prajapati (युतिका प्रजापति) दर्ज हो गया है। उसका सही नाम "Yuktika Prajapati (युक्तिका प्रजापति) है। अतः भविष्य में उसे उसके सही नाम Yuktika Prajapati (युक्तिका प्रजापति) से ही जाना एवं पहचाना जाए।

राजेश कुमार
पिता/अभिभावक- युक्तिका प्रजापति
सुसनेर, जिला आगर मालवा, मध्य प्रदेश

In The Court Of X Civil Judge Class II, District Court, Ujjain Presiding Officer:

श्रीमती प्राची सिंह पटेल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(EX A/0000029/2026)
महेश चौहान-----वादी
Vs
राजेश माथुर----प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 11/12/2026

प्रेषिती

(1) राजेश माथुर पिता भगवती प्रसाद माथुर पता- सी 263 अतिरिक्त विश्व बैंक कालोनी आगर रोड उज्जैन

यह कि प्रार्थी महेश चौहान उमासिंह उर्फ उमरावसिंह चौहान, उम्र-54 वर्ष, निवासी-11 अभिषेक नगर नानाखेडा उज्जैन मप्र द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत आदेश 21 नियम 11 सीपीसी का न्यायालय द्वारा दिनांक 23/07/2025 के अनुसार आपके विरुद्ध प्रवर्तन संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 02 नवम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

(प्राचीसिंह पटेल)
दशम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

In The Court Of X IV Civil Judge Class-II, District Court, Ujjain Presiding Officer:

श्रीमती प्राची सिंह पटेल
(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000433/2026)
मनोज जायसवाल---- वादी
Vs
रवि मालवीय--- प्रतिवादी
Process Id-/2026
पेशी दिनांकः 11/12/2026

प्रेषिती

(1) रवि मालवीय पिता स्वर्गीय मुन्नालाल मालवीय पता- मकान क्र 32 मार्ग जनता नगर उज्जैन

(2) श्रीमती कलाबाई पति स्वर्गीय मुन्नालाल मालवीय पता- मकान क्र 32 मार्ग जनता नगर उज्जैन

यह कि प्रार्थी मनोज जायसवाल पिता स्व. श्री बृजलाल जी जायसवाल, आयु-55 वर्ष, धंधा व्यवसाय, निवासी-62 बजरंग नगर पंवासा मक्सी रोड उज्जैन म प्र ने आपके विरुद्ध एक वाद वास्ते बकाया किराया, वासलात एवं निष्कासन हेतु वाद ग्रस्त संपत्ति मकान क्रमांक 32 मार्ग जनता नगर उज्जैन म प्र का एक निर्धारित भाग (जिसमें प्रतिवादीगण निवास करते है) के संबंध में सिविल सूट ए के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 02 नवम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है

(प्राचीसिंह पटेल)
दशम व्यवहार न्यायाधीश
कनिष्ठ खण्ड, उज्जैन (म.प्र.)

कृपया ध्यान दे- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्य दिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

न्यू तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ में किया डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5 .0 का शुभारंभ



मालीगांव। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने राष्ट्रव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट (डीएलसी) अभियान 5.0 के अंतर्गत 2 नवंबर को न्यू तिनसुकिया और डिब्रूगढ़ में विशेष शिविरों की शुरुआत की है। एनएफआर पेंशनर्स एसोसिएशन (एनएफआरपीए) के कार्यालयों में लगाए गए इन शिविरों का उद्देश्य रेलवे और पारिवारिक पेंशनभोगियों को अपना वार्षिक जीवन प्रमाण पत्र आसानी से जमा करने में मदद करना है। इन शुरुआती शिविरों में कुल 52 पेंशनभोगियों ने हिस्सा लिया, जिनमें न्यू तिनसुकिया से 47 और डिब्रूगढ़ से 5 लोग शामिल हुए। इस दौरान 35 पेंशनभोगियों के डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट सफलतापूर्वक अपलोड किए गए। शेष लोगों की सुविधा के लिए 6 नवंबर 2026 को डिब्रूगढ़ में एक अतिरिक्त शिविर आयोजित किया जाएगा। पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग तथा रेलवे बोर्ड के निर्देशों के अनुसार, यह एक महीने का आउटरीच अभियान 1 से 30 नवंबर 2026 तक चलेगा। इस अभियान में स्मार्टफोन आधारित फेस ऑथेंटिकेशन तकनीक पर विशेष जोर दिया जा रहा है, जिससे पेंशनभोगी घर बैठे ही अपना सर्टिफिकेट जमा कर सकेंगे और उन्हें बैंकों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। बैंकों और संबंधित एजेंसियों के सहयोग से एनएफआर विभिन्न ज़ोन, मंडल मुख्यालयों और कारखानों में ये शिविर लगा रहा है। इस पहल में 80 वर्ष और उससे अधिक आयु के बुजुर्गों, बीमार तथा चलने-फिरने में असमर्थ पेंशनभोगियों पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया है, जिनके लिए आवश्यकता पड़ने पर घर पर ही सहायता उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है। रेलवे ने सभी पात्र पेंशनभोगियों से तय समय-सीमा के भीतर इस सुविधा का लाभ उठाने की अपील की है।

वार्ड क्रं. 43 में सड़क निर्माण कार्य के दौरान पेयजल पाइपलाइन फूटी....

पिछले 8 दिनों से क्षेत्रवासी पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



वार्ड क्रमांक 43 में पेयजल पाइपलाइन फूटने की वजह से कई क्षेत्रों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। इस कारण क्षेत्रीय

लोगों को पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। पिछले 8 दिन से क्षेत्र में जल संकट गहराया हुआ है। लेकिन अभी तक इस समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। वार्ड 43 में सांदीपनि चौराहे से उद्यन मार्ग तक सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है ऐसे में सड़क निर्माण की खुदाई के दौरान यहां की पेयजल पाइपलाइन फूट गई। इस कारण इस वार्ड के देसाई नगर, लक्ष्मी नगर, सांदीपनि चौराहा, घास मंडी सहित वल्लभनगर व अंबापुरा में जल संकट पैदा हो गया है। यहां पिछले 8 दिन से पेयजल व्यवस्था बिगड़ी हुई है। ऐसे में क्षेत्रीय लोगों को प्रतिदिन उपयोग के लिए पानी जुटाने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। कुछ क्षेत्रों में नगर निगम के टैंकर भेज कर पानी की पूर्ति की जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि पिछले आठ दिन से क्षेत्र में पानी की समस्या बनी हुई है। पेयजल पाइपलाइन डैमेज होने के कारण कई क्षेत्रों में नलों से पानी नहीं आ रहा है। सड़क निर्माण में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही के कारण यहां की पेयजल पाइपलाइन कई बार डैमेज हो चुकी है। जिसे पीएचई विभाग की टीम सुधारकर जाती है और कुछ दिन बाद फिर पाइपलाइन फूट जाती है। इस कारण वार्ड के अधिकांश क्षेत्रों में पेयजल समस्या पैदा हो रही है। निर्माण कार्य में ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही का खामीयाज क्षेत्रीय लोगों को उठाना पड़ रहा है। क्षेत्र के कुछ लोगों ने बताया कि उनके यहां हफ्ते में सिर्फ दो बार ही नलों से पानी आया है। इसके साथ ही सबसे ज्यादा पानी की समस्या गली नंबर 6 व लक्ष्मीनगर में यादव डेयरी के पीछे व अंबापुरा सहित अन्य इलाकों में बनी हुई है। क्षेत्रीय पार्षद द्वारा टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। लेकिन रोज के लिए पर्याप्त पानी नहीं मिलने की वजह से लोगों को पानी के लिए फिर भी इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। और पीने के लिए व उपयोग के लिए पानी खरीदकर लाना पड़ रहा है या फिर दूर दराज के जल स्रोतों का सहारा लेना पड़ रहा है।

इन्होंने यह कहा...

क्षेत्रीय पार्षद सुनील चावंड ने बताया कि संदीपनी चौराहे से उद्यन मार्ग तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य की खुदाई के दौरान यहां की पेयजल पाइपलाइन फूट गई। इस कारण लक्ष्मी नगर, अंबापुरा, घासमंडी, सांदीपनि चौराहा क्षेत्र में नलों से पानी नहीं आ रहा है। हालांकि जहां पानी की समस्या है उन क्षेत्रों में टैंकरों से पानी उपलब्ध करवाया जा रहा है। क्षेत्र में नई पेयजल पाइपलाइन डाली जा रही है।

एक-दो दिन में इसका काम पूरा हो जाएगा जिससे यह समस्या दूर हो जाएगी और जल्द ही क्षेत्र में सभी जगह नलों से पानी पहुंचेगा। हालांकि फूटी पाइप लाइन के बारे में पीएचई के अधिकारियों से बात हुई है उनका कहना है कि लाइन एक-दो दिन में सुधार दी जाएगी।

जाहिर सूचना

बाबत् कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 151/5/1/1/1 रकबा 0.0830 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 151/5/1/2 रकबा 0.1160 हेक्टेयर ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा श्री रामनारायण पिता श्री गणपतलाल जी व श्री रवि यादव पिता श्री रामनारायण जी यादव, निवासीगण-7, खंदार मोहल्ला, लोहे का पुल, उज्जैन म.प्र. से इनके मालिकाना स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 151/5/1/1/1 रकबा 0.0830 हेक्टेयर व सर्वे क्रमांक 151/5/1/2 रकबा 0.1160 हेक्टेयर कुल किता 2 कुल रकबा 0.1990 हेक्टेयर ग्राम दाउदखेडी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है को क्रय करने का सौदा किया होकर संपत्ति स्वामी को बयाना राशि दे दी गई है तथा अब उक्त संपत्ति स्वामी को शेष विक्रय मूल्य राशि अदा कर उनसे विक्रय-पत्र का संपादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है, यदि उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी व्यक्ति, बैंक, वित्तीय संस्था, शासन, इति आदि का भार, बोझा, गिरवी, हित, अधिकार, डिक्री, अटैचमेंट हो या इस विक्रय व्यवहार में किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो व इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 7 दिनों में मय लेखी प्रमाण सहित अपनी आपत्ति पंजीकृत डाक से मेरे कार्यालय में प्रेषित करें, अवधि पश्चात उक्त संपत्ति की शेष विक्रय मूल्य की राशि का भुगतान संपत्ति स्वामी को मेरे पक्षकार द्वारा कर सदर संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन व पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवा लिया जायेगा एवं अवधि पश्चात उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही रहेगी। सूचित हो दिनांक 04-11-2026

महेन्द्र मालवीय (एड्व्होकेट)
कार्यालय:-ऑफिस नंबर 143 फर्स्ट फ्लोर, सी-21 रेस-कॉम, नानाखेडा, उज्जैनं

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड स्वामी 1. यतीन कोठारी पिता श्री मदनलाल कोठारी 2. श्रीमती प्रियंका कोठारी पति श्री यतीन कोठारी निवासीगण-ए-10/1, महानंदा नगर, उज्जैन द्वारा रजिस्टर्ड मु.आम प्रशांत कडुसकर पिता स्व. श्री प्रभाकर कडुसकर निवासी-ए-7/6, एम-1, त्रिवेणी विहार, उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का एक भूखण्ड क्रमांक सी-16/18 श्रेणी एच.आय.जी. का पूर्व दिशा वाला भाग जो कि उज्जैन विकास प्राधिकरण की क्षिप्रा विहार योजना उज्जैन में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 157.50 वर्गमीटर है, जिसकी पैमाईश भूखण्ड सामने 7.50 मीटर, पीछे से 7.50 मीटर, एक बाजू 21.00 मीटर व दूसरी बाजू 21.00 मीटर है तथा जिसकी चर्तु:सीमा में पूर्व में भूखण्ड क्रमांक सी-16/17, पश्चिम में भूखण्ड क्रमांक डी-16/18 का शेष भाग उत्तर में-18.00 मीटर सड़क तथा दक्षिण में भूखण्ड क्रमांक सी-16/16 एवं सी-16/11 के भाग है जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक विक्रय मूल्य बतौर बयाना स्वरूप भी अदा कर दिया है और अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया है तथा अब शेष राशि अदा कर रजिस्ट्री करवाना शेष रह गया है। उक्त भूखण्ड में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूखण्ड पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधी में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। दिनांक 03.11.2026, उज्जैन

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9, भरतपुरी काम्पलेक्स, देवास रोड, उज्जैन
मो. 99930 7951694250 94349

आम सूचना

मैं, श्री कैलाश नारायण व्यास, अधिवक्ता ,निवासी 50 ए, मोहन नगर, उज्जैन, सूचित करता हूँ कि मकान नं 50/1 ए सेक्टर, मोहन नगर आगर रोड, उज्जैन मेरी स्वयं की आय से तथा मेरे बैंक खातों से जारी चेकों द्वारा भुगतान करके खरीदी गई संपत्ति है। श्री आनंद शर्मा, पिता श्री भागचंद शर्मा एवं उनके समस्त निकट संबंधियों से मेरा तथा मेरी धर्मपत्नी श्रीमती सुधा व्यास का कोई संबंध नहीं है। मेरी धर्मपत्नी ऑपरेशन के पश्चात उपचाराधीन हैं तथा दवाइयों के प्रभाव में बहकावे अथवा प्रलोभन में आने की आशंका है। अत: उक्त व्यक्तियों से सावधान रहें तथा मेरे जीवनकाल में मेरी व्यक्तिगत उपस्थिति एवं सहमति तथा मेरे निधन के पश्चात मेरे पुत्र की व्यक्तिगत उपस्थिति एवं सहमति के बिना मकान एवं उससे प्राप्त आय के संबंधित संयुक्त खातों के संबंध में किसी भी प्रकार का व्यवहार न करें। यह सूचना मेरे जीवनकाल में तथा मेरे निधन के पश्चात भी न्यायालयीन एवं समस्त शासकीय, अशासकीय तथा अन्य विधिक कार्यों में प्रस्तुत एवं उपयोग हेतु सुरक्षित रहेगी।

दिनांक- 03/11/26

श्री कैलाश नारायण व्यास अधिवक्ता
स्थान- मकान नम्बर 50/1सेक्टर मोहन नगरआगर रोड
उज्जैन मो. 9630910977,9826601046

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पक्षकार श्री राजेन्द्र पिता पोखरलाल निवासी ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन मध्य प्रदेश के संयुक्त भूमिस्वामित्व एवं आधिपत्य की ग्राम शंकरपुर तहसील व जिला उज्जैन में स्थित मूल भूमि सर्वे क्र. 147 रकबा 0.324 हे. है। उक्त भूमि में मेरे पक्षकार का तथा अन्य सहस्वामियों का नाम वर्ष 2005-06 के कम्प्यूटरीकृत खसरा अभिलेख में त्रुटि कर हटा दिया गया था एवं वर्ष 2023-24 में उक्त भूमि पर हीरालाल का नाम उनकी पात्रता से अधिक भूमि पर कर दिया गया एवं अन्य सहस्वामियों लक्ष्मीबाई, गोविन्द जाट, उमा जाट, गोपाल, भूरी बाई का भी उक्त भूमि पर उनकी पात्रता से अधिक भूमि पर कर दिया गया था। जिसका फायदा उठाकर इनके द्वारा उक्त भूमि भूमि के सर्वे क्र. 147/1/2 रकबा 0.090 हे. को दीपेश जाट पिता भगतसिंह जाट विक्रय कर दी गई। दीपेश जाट द्वारा उक्त भूमि नीलेश जयसिंघानी को विक्रय करना बता दिया गया। जबकि दीपेश जाट एवं नीलेश जयसिंघानी उक्त भूमि के स्वामी नहीं है। अब ये लोग एवं अन्य सहस्वामी उक्त भूमि के मूल सर्वे क्रमांक के बटांकित सर्वे क्रमांको अपनी भूमि बताकर विक्रय करने के प्रयास में है जिसका उनको कोई अधिकार नहीं है। उक्त भूमि के संबंध में मेरे पक्षकार द्वारा न्यायालय अनुअविभागीय अधिकारी महोदय उज्जैन नगर के समक्ष भू अभिलेख में सुधार किये जाने हेतु कार्यवाही आरंभ कर दी गई है। मेरे पक्षकार उक्त भूमि के संबंध में सिविल न्यायालय में भी कार्यवाही कर रहे है। अत: इस जाहिर सूचना के माध्यम से हर खास व आम को सूचित किया जाता है कि उक्त भूमियों को कोई भी व्यक्ति, क्रय, विक्रय, अनुबंधित या अन्य प्रकार से हस्तांतरण ग्रहण करने का प्रयास न करे व ना ही कोई शासकीय अर्द्धशासकीय बैंक, संस्था, पेढी, निकाय किसी तरह का ऋण अदा न करे एवं किसी प्रकार का कोई लेन-देन न करे अन्यथा होने वाली परेशानियो व परिणामो का उत्तरदायित्व उनका स्वयं का होगा व ऐसा हस्तांतरण व्यवहार व लेन-देन विलेख शुन्यवत् होगा। सो सूचित हो। दिनांक 3/11/26

राजपाल सिंह बैस एडवोकेट
कार्यालय: 25-ए मोहन नगर, उज्जैन म प्र
मो. 098277-35354

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने महेन्द्र बारोड पिता दयाराम जी जाति माली, निवासी - डायावर्शन रोड, हीरो होंडा शोरूम के पास बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र.। के मालिकाना व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 71/1/4/1/1/1/1/2 रकबा 0.3745 हेक्टेयर मेसे रकबा 0.164 हेक्टेयर भूमि कस्बा बडनगर, तहसील बड़नगर, जिला उज्जैन (म.प्र.) को क्रय करने का सौदा तय कर लिया होकर उन्हें बयाना राशि अदा कर दी है तथा उपरोक्त कृषि भूमि के विक्रय पत्र का पंजीयन करवाना शेष है। यदि उपरोक्त कृषि भूमि के संबंध में किसी भी संस्था, शासकीय, अर्द्धशासकीय बैंक, पेढ़ी अथवा प्रायवेट व्यक्ति का कोई बोझ या ऋण बकाया हो कृषि भूमि के संबंध में किसी भी न्यायालय या फोरम में कोई वाद-विवाद विचाराधीन हो अथवा किसी भी अन्य व्यक्ति का कोई स्वत्व या हित निहित हो या कृषि भूमि के विक्रय होने में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मय दस्तावेजी प्रमाण के प्रत्यक्ष रूप से मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर मुझसे संपर्क कर लेवें। अन्यथा बाद मियाद गुजरने के सूचना मेरे पक्षकार द्वारा कृषि भूमि का शेष विक्रय मूल्य अदा कर उसके विक्रय पत्र का पंजीयन करवा लिया जाएगा। तत्पश्चात् किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 03/11/2026 -

तरूण गिरी एडवोकेट
कार्यालय बड़नगर
मो. 9770014138

दीपावली के चलते गुना मंडी में मक्का की बंपर आवक

गुना। जिले की आदर्श कृषि उपज मंडी समिति गुना में दीपावली के पूर्व इन दिनों मक्का की बंपर आवक देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में किसान अपनी उपज लेकर मंडी पहुंच रहे हैं, लेकिन उपज की भरपूर आवक के बीच किसानों को अपनी मक्का का उचित दाम नहीं मिलने को लेकर निराशा का सामना करना पड़ रहा है। वहीं मंडी बोली लगाने वालों और व्यापारियों के बीच मिलीभगत का आरोप लगाते हुए किसानों ने नाराजगी व्यक्त की। दरअसल मंडी के हालात ये हैं कि मक्का की नीलामी और किसानों की उपज की व्यवस्था को लेकर मंडी प्रांगण से शुरू हुई परेशानी गोपालपुरा दशहरा मैदान होते हुए अब बीज निगम स्टेडियम तक पहुंच गई है। मक्का की बंपर आवक के चलते मंडी परिसर में जगह की कमी और व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सवाल खड़े हो रहे हैं। किसानों का कहना है कि वे दिन-रात मेहनत करके फसल तैयार करते हैं।

श्री महाकालेश्वर धाम उज्जैन से श्रीराम धाम अयोध्या तक निकली यात्रा में उमड़ा जनसैलाब

गुना। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की श्री महाकालेश्वर धाम उज्जैन से श्रीराम धाम अयोध्या तक निकाली जा रही सत्य सनातन स्वाभिमान यात्रा का चाचौड़ा-बीनागंज क्षेत्र में भव्य स्वागत किया गया। यात्रा के आगमन को लेकर अहिरवार समाज विधानसभा चाचौड़ा की ओर से विशेष स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें समाजजनों सहित सर्वसमाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता कर यात्रा का अभिनंदन किया। इस मौके पर गुना से कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के जिलाध्यक्ष भगवान सिंह अहिरवार, पार्षद रामवीर जाटव, लालजीराम जाटव, चंदन सिंह, बालमुकुंद, दिनेश, गणेशराम सहित दर्जन भर लोग शामिल हुए। इस अवसर पर क्षेत्र में जन-जन के लोकप्रिय राजासाहब दिग्विजय सिंह के साथ यात्रा में लोगों को शामिल होने और चाचौड़ा से बीनागंज होते हुए आगे तक पदयात्रा करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि श्री दिनेश पिता श्री ओंकारलाल एवं श्री अनिल पिता श्री ओंकारलाल, श्री सुनील पिता ओंकारलाल एवं वर्षा पिता श्री ओंकारलाल निवासी एवं कृषक ग्राम ढाबला रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन के संयुक्त स्वामीत्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे कक्रमांक 195/2 रकबा 0. 870है. एवं सर्वे क्रमांक 196 रकबा 2.520है. कुल किता 02 कुल रकबा 3.390है. ग्राम ढाबला रेहवारी तहसील व जिला उज्जैन में स्थित है। उपरोक्त वर्णित सर्वे क्रमांको की कृषि भूमि को क्रय किये जाने का सर्वोक्त ऋण भार से मुक्त मालिकाना अधिकारो सहीत लिखित अनुबंध मेरे पक्षकार के द्वारा किया गया है तथा बयाना राशि भी अदा कर दी गई है तथा अनुबंध अनुसार मेरे पक्षकार के हित में नियत अवधि में विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन करवाया जाना शेष है। उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विकय बाबत किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी प्रकार का कोई ऋण भार बकाया हो या उक्त कृषि भूमि पर कोई स्वत्व हित या अधिकार रखते हो ऐसे संबंधित व्यक्ति, संस्था, बैंक या विभाग आदि इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस की अवधि मे अपनी आपत्ति मय लिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय मे कार्यालयीन समय सायं 04 से 06 के मध्य मेरे समक्ष प्रस्तुत करे ताकि उसका निराकरण किया जा सकें अन्यथा अवधि समाप्त होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत उपरोक्त वर्णित कृषि भूमि के विक्रयपत्र का निष्पादन एवं पंजीयन अपने हीत मे करवा लिया जावेगा तथा अवधि समाप्ति पश्चात की गई कोई आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगी। सूचित हो।

दिनांक 03/11/2 026

यशपाल गेहलोत, सर्विस प्रोवाईडर
कार्यालय- सी एफ 3 भरतपुरी शापिंग कॉमप्लेक्स
उज्जैन मो. 8839742938

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूमि स्वामी मोहन सिंह पिता स्व.श्री गणपत सिंह ठाकुर, निवासी-283, ई.डब्ल्यू.एस. विश्व बैंक बस्ती, आगर मार्ग, उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 142/2/2/1 रकबा 0.200 हेक्टर, ग्राम पिपल्याटाह, तहसील घटिया जिला उज्जैन में स्थित है, को क्रय करने का सौदा कर बयाना राशि अदा कर दी है, अब केवल विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष है। उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी संस्था, व्यक्ति को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसायटी आदि का कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, सोसायटी, संस्था आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि के पश्चात् मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि के विक्रय-पत्र का सम्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की कोई उज्र व आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई उज्ज व आपत्ति मेरे पक्षकार पर बंधनकारक नहीं होगी तथा प्रभावशुन्य रहेगी। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह जाहिर सूचना सर्वसाधारण के ज्ञानार्थ व ध्यानार्थ की जा रही है। सो सूचित हो।

दिनांक- 03/11/2026, उज्जैन

मोनिका सिंह, एडवोकेट
ऑफिस-सीएफ-10, भरतपुरी, उज्जैन
मो.98263 42244

नाम परिवर्तन की सूचना

मैं, संदीप कुमार जैन, निवासी 107, सुभाष नगर, इंदौर रोड, उज्जैन, मध्य प्रदेश, एतद् द्वारा घोषित करता हूँ कि मैंने अपना नाम SANDEEP KUMAR JAIN से बदलकर SANDEEP JAIN कर लिया है।

अब से मैं सभी शासकीय, अशासकीय एवं अन्य आधिकारिक कार्यों तथा पासपोर्ट सहित सभी दस्तावेजों में SANDEEP JAIN के नाम से जाना जाऊँगा। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं।

कार्यालय नगर पालिका परिषद खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)

क्रमांक / ई-टेण्डरिंग / 2026 / 2343 — खाचरौद, दिनांक: 02/11/2026

निविदा सूचना (द्वितीय)

एतद् द्वारा समस्त अधिकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा निकाय स्वामित्व की विभिन्न दुकानों को पट्टे पर दिये जाने हेतु ऑफर निविदा ऑनलाईन पद्धति से www.mptender.gov.in पोर्टल पर निविदा आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक व्यक्ति/फर्म/संस्था ऑनलाईन दर प्रस्तुत कर सकते हैं :-

स.क्र.	निविदा क्रमांक (Tender No.)	दुकानों का स्थान (Place of shops)	संभावित राशि (रु.)	अमानत राशि (EMD) (रु.)	निविदा प्रपत्र मूल्य (रु.)
1	2026_UAD_519426_2	नागदा रोड़ नवीन बस स्टैण्ड (सी-ब्लॉक) दुकान कं. 04	5,11,000/-	12775/-	2295/-
2	2026_UAD_519428_2	नागदा रोड़ नवीन बस स्टैण्ड (सी-ब्लॉक) दुकान कं. 13	5,11,000/-	12775/-	2295/-
3	2026_UAD_519429_2	राजेन्द्र सूरी मार्ग दशहरा मैदान दुकान कं. 06	7,10,000/-	17750/-	2295/-
4	2026_UAD_519430_2	राजेन्द्र सूरी मार्ग दशहरा मैदान दुकान कं. 07	7,10,000/-	17750/-	2295/-
5	2026_UAD_519431_2	उज्जैन दरवाजा बड़नगर रोड़ प्रथम तल दुकान कं. 04	5,40,000/-	13500/-	2295/-

नोट :- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन ऑनलाईन की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद खाचरौद — अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद खाचरौद

जाहिर सूचना

मेरी पक्षकार सैराजबी पति गद्दू पटेल पुत्री कासम निवासी 811, खजराना इंदौर द्वारा पौत्र आशिक पटेल द्वारा दी गई जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार ने कृषि भूमि सर्वे नंबर 1789 रकबा 1.02 हेक्टर स्थित ग्राम नरवर तहसील व जिला उज्जैन के संबंध में नफीसा बी पति नासिर खॉ, मोहसीन शेख एवं अफजल शेख पिता नासिर खॉ तथा श्रीमती ललताबाई पति परमानंद राठौर के विरूद्ध घोषणात्मक सहायता एवं स्थाई निषेधाज्ञा का वाद प्रस्तुत किया है, जो वर्तमान में माननीय चतुर्थ सिविल जज कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में प्रकरण क्रमांक 45/2025 आरसएसए पर विचाराधीन है। मेरे पक्षकार को ऐसी जानकारी मिली है कि उक्त ललिताबाई उक्त सम्पत्ति को विक्रय करने अथवा अन्यत्र हस्तांतरित करने के प्रयास में है। जबकि उक्त प्रकरण में ललिताबाई के पक्ष में उक्त सम्पत्ति के संबंध में निष्पादित विक्रय पत्र दिनांक 19/2/1996 को चुनौती दी गई है। इस कारण कोई भी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक उक्त सम्पत्ति को न तो क्रय करे और नाही रहन आदि रखे। यदि किसी व्यक्ति, संस्था अथवा बैंक द्वारा उक्त सम्पत्ति को क्रय किया जाता है अथवा रहन आदि रखा जाता है, तो ऐसा संव्यवहार शून्य एवं प्रभावहीन होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगा और ऐसे संव्यवहार के लिये मेरे पक्षकार संबंधित कि के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही करेंगे, जिसके होने वाले समस्त हर्जे, खर्चे एवं परिणामों का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित का होगा। सूचित हो।

दिनांक: 01/11/2026

अमित कुमार व्यास एडव्होकेट
12, ब्राहम्णगली, बहादुरगंज, उज्जैन
मो. 6269211110

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भूखण्ड स्वामी राजेश कुमार साखरोदिया पिता श्री देवी सिंह साखरोदिया, निवासी एम-15 महाराणा प्रताप नगर, कानीपुरा रोड़, उज्जैन (म.प्र.) से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूखण्ड क्रमांक 31 स्थित प्रेमनगर कॉलोनी एम.आर. 4 मुख्य मार्ग, नगर निगम वार्ड क्र. 17, कस्बा उज्जैन (म.प्र.) जो कि भूमि सर्वे क्रमांक 1825/1 में का भाग हैं। जिसकी लम्बाई 40 फीट तथा चौड़ाई 15 फीट है उक्त भूखण्ड के पूर्व में अन्य की भूमि, पश्चिम में - भूखण्ड क्रमांक 32, उत्तर में भूखण्ड क्रमांक 30 व दक्षिण में रोड़ 15 फीट कॉलोनी का । उक्त भूखण्ड का विक्रय अनुबंध किया गया है जिसकी बयाना राशि भी मेरे पक्षकार से प्राप्त कर ली गई है। भूखण्ड को विक्रय या अंतरित किये जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तथा उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अथवा अर्द्धशासकीय संस्था का स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ या हित अधिकार, आधिपत्य, बिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या विक्रय संव्यवहार में कोई आपत्ति हो तो वह मय प्रमाण के मुझ से इस जाहिर सुचना के प्रकाशन के सात दिवस (07 दिन) के भीतर स-प्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करे अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति का विक्रय-पत्र पंजीकृत करवा लिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितो पर बंधनकारी नहीं होगी। सूचित हो।

इति दिनांक 03.11.2026, उज्जैन (म.प्र.)

अनिल सिसोदिया, दस्तावेज लेखक
पंवासा, मक्सी रोड़, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9340484654, 9981725527

न्यूज-कॉलम

अमलेश्वर महादेव मंदिर में धनतेरस पर कुबेर देव के होंगे दर्शन

मन्दसौर। धनतेरस एवं धन्वंतरि जयंती के अवसर पर अफीम गोदाम परिसर में स्थित अमलेश्वर महादेव मंदिर में कुबेरदेव जी के दर्शन का लाभ लेने की अपील की गई है। यह जानकारी मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री गोपाल गुरु एवं सचिव श्री सुरेश शर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि 6 नवंबर, शुक्रवार को इस अवसर पर प्रातः 10 बजे एवं सायं 7 बजे महाआरती का भी आयोजन किया जाएगा। श्री गुरु एवं श्री शर्मा ने सभी भक्तों से कुबेरदेव जी के दर्शन एवं आरती में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आग्रह किया है।

राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री के लिए ज्योति, कुमकुम, बंटी, धीरज चयनित

मन्दसौर। उज्जैन के निर्मला महाविद्यालय में विगत दिनों आयोजित विक्रम विश्वविद्यालय की अंतर महाविद्यालयीन 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में एनआईएस जिला एथलेटिक्स कोच मुकेश भटेवरा के मार्गदर्शन में मंदसौर के एथलीटों ने भाग लेकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। पी.जी. कॉलेज के क्रीड़ाधिकारी राजू कुमार ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ज्योति कुमावत और कुमकुम सोलंकी महिला टीम तथा बंटी दायमा और धीरज अहिरवार ने पुरुष वर्ग की 6 सदस्यीय क्रॉस कंट्री टीम में जगह बनाई है। यह सभी चयनित एथलीट ७ नवंबर को मैंगलोर (कर्नाटक) में आयोजित होने वाली अ.भा. अंतर विश्व विद्यालयीन राष्ट्रीय 10 किलोमीटर क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में विक्रम विश्व विद्यालय उज्जैन का प्रतिनिधित्व करेंगे, जिसके लिए सभी एथलीट मंदसौर से रवाना हो चुके हैं।

शिवना नदी पुलिया बांध से कंथार बांध तक का क्षेत्र जल अभावग्रस्त घोषित

मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह द्वारा आगामी ग्रीष्मकाल में संभावित पेयजल संकट को दृष्टिगत रखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग और नगरपालिका को शहर की पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु महत्वपूर्ण आदेश जारी किए गए हैं। नगर में जल प्रदाय योजना का मुख्य स्त्रोत शिवना नदी होने के कारण श्री पशुपतिनाथ मंदिर पुलिया बांध से रामघाट तक तथा रामघाट बांध से कंथार बांध तक शिवना नदी के दोनों किनारों के साथ-साथ बुगलिया नाला एवं तैलिया तालाब से 200 मीटर की परिधि के क्षेत्र को जल अभावग्रस्त घोषित कर दिया गया है। पेयजल आवश्यकता की पूर्ति हेतु इस क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कृषकों द्वारा विद्युत एवं डीजल मोटर पंप या अन्य संसाधनों से सिंचाई के लिए पानी लेने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया।

दीपावली पर रतलाम पुलिस का विशेष यातायात व पार्किंग प्लान जारी, मुख्य बाजारों में चार पहिया व ऑटो रिक्शा प्रतिबंधित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



आगामी दीपावली त्योहार के दृष्टिगत शहर के मुख्य बाजारों और प्रमुख मार्गों पर बढ़ने वाले यातायात दबाव को नियंत्रित करने तथा आमजन की सुविधा के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट हो गया है। पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित कुमार ने शहर की यातायात व्यवस्था का स्थल निरीक्षण कर जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में प्रभावी प्रबंधन और नागरिकों के सुगम आवागमन को लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान डीएसपी ट्रैफिक आनंद सोनी, थाना प्रभारी यातायात रक्षित निरीक्षक हेमंत पाटीदार सहित यातायात पुलिस बल मौजूद रहा।

त्योहारी सीजन में खरीदारी के लिए जुटने वाली भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष रूट डायवर्जन, नो-व्हीकल जोन और पार्किंग प्लान तैयार किया है, जो 11 नवंबर तक प्रभावी रहेगा।

बाजारों में जाम की स्थिति से निपटने के लिए निम्न मार्गों पर लोडिंग वाहन, चार पहिया वाहन, ऑटो रिक्शा, मैजिक और ई-रिक्शा का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। गणेश देवरी से डालूमोदी बाजार एवं नोलाईपुरा की ओर, डालूमोदी से गणेश देवरी एवं घास बाजार की ओर, चौमुखी पुल से गणेश देवरी की ओर, घास बाजार से डालूमोदी की ओर।

भारी वाहनों के प्रवेश का समय तय

11 नवंबर तक शहर में भारी वाहनों का प्रवेश केवल रात्रि 12 बजे से सुबह 9 बजे तक ही हो सकेगा। नवकार नमकीन से सुभाषनगर तिराहा, हाट की चौकी एवं आबकारी तिराहा तक सुबह 9 बजे से रात्रि 12 बजे तक भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा।

मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच



अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा जोन के सभी जिलों में मंगलवार को जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन कर अधिक से अधिक लंबित सी.एम.हेल्पलाईन एवं जनता शिकायतों का निराकरण करने संबंधी निर्देश दिये गये है। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक एवं पुलिस महानिरीक्षक उज्जैन जोन उज्जैन द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में दिनांक 3 नवम्बर को पुलिस कन्ट्रोल रूम नीमच स्थित सभाकक्ष में पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास द्वारा जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं शिकायत निवारण शिविर के साथ साथ सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर का भी आयोजन किया गया। जन सुनवाई, शिकायत निवारण शिविर एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायत निवारण शिविर के दौरान आवेदकों द्वारा अपनी समस्याओं और शिकायतों को एस.पी. श्री राजेश व्यास के समक्ष प्रस्तुत किया। एस.पी. श्री राजेश व्यास द्वारा आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना जाकर संबंधित थाना प्रभारियों के माध्यम से शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया गया। उक्त शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन की 27 शिकायतों का संतुष्टि पूर्वक निराकरण किया जाकर शिकायतें बंद करवाई गयी। जिला स्तरीय जन सुनवाई शिविर के दौरान 76 फरियादियों द्वारा एसपी श्री राजेश व्यास के समक्ष उपस्थित होकर अपनी समस्याएं बताई जाने पर एसपी श्री राजेश व्यास द्वारा संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देश दिये।



प्रतिष्ठित सरदार पटेल गौरव अवार्ड से प्रभुलाल सूर्यवंशी सम्मानित

मन्दसौर। संयुक्त राष्ट्र सांस्कृतिक मंत्र एवं अंतर्राष्ट्रीय समरसता मंच की ओर से जयपुर मे सरदार वल्लभ भाई पटेल की 151वीं जन्म जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस महोत्सव में मेघवाल समाज परिषद तथा राष्ट्रीय अजा जजा विकास परिषद नई दिल्ली की प्रदेश अध्यक्ष प्रभुलाल सूर्यवंशी को सामाजिक सेवा, रचनात्मक कार्यों और समाज हित में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित सरदार पटेल गौरव अवार्ड से सम्मानित किया गया।समारोह में प्रभुलाल सूर्यवंशी ने वैश्विक शांति, समरसता और भारत-नेपाल मैत्री को मजबूत करने का संकल्प लिया। सूर्यवंशी को दिसंबर में नेपाल की राजधानी काठमांडू में प्रस्तावित सार्क राष्ट्रों के सांस्कृतिक समन्वय सम्मेलन में शामिल होने का निमंत्रण भी दिया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत अगस्त माह में प्रभुलाल सूर्यवंशी को सुप्रीम कोर्ट नई दिल्ली के ऑडिटोरियम में राजीव गांधी गौरव अवार्ड से भी सम्मानित किया गया था।

कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में युवा उत्सव उमंग का आयोजन 4, 5 व 13 को

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय, मंदसौर में 4, 5 और 13 नवंबर को युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने बताया कि 4 नवंबर को युवा उत्सव के तहत कार्टूनिंग, रंगोली, क्ले मॉडलिंग, वाद-विवाद, स्पॉट पेंटिंग, मिमिक्री, पोस्टर निर्माण, कोलाज, भाषण प्रतियोगिता और लोक वाद्य यंत्र जैसी 11 विधाओं की प्रतियोगिता प्रातः 9.30 बजे से आयोजित की जाएगी। 5 नवंबर को वाद-विवाद प्रति योगिता, प्रश्नमंच, मूकअभिनय, एकांकी नाटक, स्किट नाटिका, एकल वादन (नॉन परकुशन), एकल वादन (पाश्चात्य) और एकल वादन (परकुशन) विधाओं का आयोजन किया जाएगा।

6 से 12 नवंबर तक दीपावली अवकाश के कारण युवा उत्सव के तृतीय दिवस की प्रतियोगिता का आयोजन 13 नवंबर को किया जाएगा, जिसमें कोरियोग्राफी, एकल गायन (पाश्चात्य), समूह गायन (पाश्चात्य), एकल गायन (शास्त्रीय), समूह गायन (भारतीय), सुगम गायन, एकल नृत्य एवं समूह नृत्य जैसी विधाओं का आयोजन होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये इच्छुक विद्यार्थी महाविद्यालय में संपर्क कर सकते हैं। प्रतिभागी की आयु 1 जुलाई, 2026 को 25 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

शासकीय नवीन कन्या परिसर तंबाकू मुक्त घोषित

तंबाकू मुक्त युवा अभियान अंतर्गत जागरूकता गतिविधि संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



रतलाम जिले में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 4.0 का क्रियान्वयन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय नवीन कन्या परिसर आनंद कॉलोनी रतलाम में जागरूकता गतिविधि आयोजित की गई।

स्कूल स्तरीय कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर केशव प्रसाद दंत चिकित्सक, प्राचार्य श्रीमती ममता अग्रवाल, मध्य प्रदेश कैंसर सोसायटी के आजीवन सदस्य श्री अशोक अग्रवाल , साहित्यकार डॉ प्रदीप राव, समाजसेवी श्री अशोक मेहता, योग प्रशिक्षक एवं समाजसेवी श्री वर्मा , जिला मीडिया अधिकारी श्री आशीष चौरसिया एवं स्कूल के विभिन्न शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय परिसर को तंबाकू मुक्त रखने का संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में नोडल अधिकारी डॉक्टर केशव प्रसाद ने विद्यार्थियों से अनुरोध किया कि विद्यार्थी अपने परिजनों को तंबाकू उत्पाद और नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करे। उन्होंने बताया कि तंबाकू एवं मादक पदार्थों से कैंसर , हृदय रोग जैसे अनेक असंचारी रोग होते हैं , इसलिए इसका किसी भी रूप में प्रयोग नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में कैंसर रोग के प्रति जागरूकता हेतु पुस्तक परमार्थ के पथिक और पोस्टर का विमोचन किया गया।

साहित्यकार डॉ प्रदीप राव ने स्कूल में बच्चों को निबंध प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रथम पुरस्कार के रूप में 2100 रुपये एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार प्रदान करने की बात कही। कार्यक्रम में शासकीय नवीन कन्या परिसर आनंद कॉलोनी रतलाम को तंबाकू मुक्त परिसर घोषित किया गया।

सार्वजनिक सूचना (विज्ञप्ति)

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री नीतेश जैन, आत्मज स्वर्गीय श्री मुकेश जैन, निवासी मकान पंजी क्रमांक 906, ग्राम तितरोद, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.) द्वारा निम्नलिखित अचल संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने हेतु वित्तीय संस्था/बैंक के समक्ष आवेदन किया जा रहा है तथा उक्त संपत्ति को ऋण की प्रतिभूति के रूप में बंधक रखा जाना प्रस्तावित है।

संपत्ति का विवरण: आवासीय मकान, मकान पंजी क्रमांक 906, ग्राम तितरोद, तहसील सीतामऊ, जिला मंदसौर (म.प्र.), क्षेत्रफल 320 वर्गफुट, जिसकी चतुर्सीमाएँ निम्नानुसार हैं:

उत्तर: सीतामऊ-सुवासरा मार्ग स्थित है।
दक्षिण: विक्रेता का शेष भूखंड स्थित है।
पूर्व: विक्रेता का शेष भूखंड स्थित है।
पश्चिम: श्री रमेश चन्द्र जैन को विक्रय किया गया भूखंड स्थित है।

मेरे पक्षकार द्वारा अवगत कराया गया है कि स्वर्गीय श्री मुकेश जैन के अन्य विधिक वारिस सुश्री प्रियंका जैन भी हैं। सुश्री प्रियंका जैन द्वारा भी उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त करने एवं संपत्ति को बैंक/वित्तीय संस्था के पक्ष में बंधक रखे जाने पर किसी प्रकार की कोई आपत्ति नहीं है।

तथापि, यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी अन्य व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा, आपत्ति, अधिकार, हिस्सा, बंधक, भार अथवा अन्य कानूनी हित हो, तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 (सात) दिवस के भीतर अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में समस्त संबंधित दस्तावेजों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित रूप में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि में कोई दावा/आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर मेरे पक्षकार द्वारा ऋण प्राप्त करने एवं उक्त संपत्ति को बंधक रखने के संबंध में आगे की कार्यवाही की जाएगी। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाले दावों एवं आपत्तियों पर नियमानुसार विचार किया जाएगा।

अधिवक्ता श्याम रणवाल
वायुक्ति लीगल, इंदौर
मोबाइल: 70492071[illegible]

खाद्य सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर हनुमान चाट का लाइसेंस निलंबित

नीमच। कलेक्टर के निदेर्शानुसार जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण एवं कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 2 नवंबर को नीमच स्थित हनुमान चाट भंडार, बंगला नंबर 48, वर्मा कॉम्प्लेक्स का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान में खाद्य पदार्थों का निर्माण, प्रसंस्करण एवं भंडारण अस्वच्छ परिस्थितियों में होना पाया गया। खाद्य निर्माण में उपयोग किए जा रहे उपकरण भी साफ-सुथरी नहीं मिले। साथ ही स्वच्छता संबंधी प्रावधानों का पालन नहीं किया जा रहा था। मिर्ची पाउडर, लहसुन सेव, लोंग सेव, बारीक सेव, अमचूर खड़ा, दही, सौंफ, धनिया खड़ा, दही, मिर्ची पाउडर, रिफाइंड सोयाबीन तेल, राई, काली मिर्च लोंग मिक्स मसाला खड़ा एवं बेसन सहित कुल 13 खाद्य पदार्थों के नमूने जांच हेतु लिए गए, जिन्हें भोपाल भेजा गया है। खाद्य अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से निर्लंबित की गई सेव नमकीन के 250 ग्राम के 78 पैकेटों का स्वयं विनष्टीकरण किया।

सड़क पर घायल पड़े युवक को देख एसपी ने स्वयं की गाड़ी रुकवा पहुंचाया अस्पताल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

प्रदेश ही नहीं जिले में भी बढ़ते वाहनों की संख्या और यातायात नियमों के पालन न करने से दुर्घटनाएं आम हो गई है। ऐसे ही एक सड़क दुर्घटना में घायल युवक को देखकर पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने मानवता और संवेदन शीलता की मिसाल पेश की। जीरन क्षेत्र की ओर जाते समय एसपी की नजर सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़े बाइक सवार सुनील कुमावत पर पड़ी।

उन्होंने तत्काल अपना काफिला रुकवाया और घायल युवक को अपनी गाड़ी से जिला अस्पताल पहुंचाकर उपचार की व्यवस्था करवाई।

घटना रविवार रात नीमच सिटी थाना क्षेत्र में भाटखेड़ा चौराहे से जमुनिया कला के पास की है। रठाजना गांव निवासी सुनील कुमावत बाइक से जा रहे थे, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में वे घायल होकर सड़क किनारे पड़े रह गए।

इसी दौरान जीरन की ओर जा रहे एसपी राजेश व्यास ने घायल युवक को देखा। बिना देर किए उन्होंने अपना वाहन रुकवाया और घायल को अस्पताल पहुंचाया। एसपी की इस तत्परता से घायल को तत्काल चिकित्सा सहायता मिल गई। सूचना मिलने पर कैंट थाना प्रभारी सौरभ शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जिला अस्पताल में सुनील कुमावत का उपचार जारी है।

न्यूज कालम



तोप वाले बालाजी मंदिर में महालक्ष्मी-कुबेर देव का होगा नोटों से श्रृंगार

मन्दसौर। शहर के न्यायालय परिसर स्थित जन-जन की आस्था के प्रमुख केंद्र श्री तोप वाले बालाजी मंदिर प्रांगण में स्थापित श्री महालक्ष्मी जी एवं भगवान कुबेर देव के मंदिर में इस दीपावली पर अत्यंत भव्य और ऐतिहासिक आयोजन होने जा रहा है। मंदिर समिति द्वारा जानकारी दी गई कि आगामी ६ नवंबर से 11 नवंबर 2026 तक माँ महालक्ष्मी एवं कुबेर जी का श्रृंगार नगद राशि और अनमोल जेवरातों से किया जाएगा, जिसमें 10, 20, 50, 100, 200 और 500 रुपये के करारे नोटों का उपयोग होगा। इस वृहत आयोजन के लिए समिति ने कम से कम एक करोड़ रुपये का लक्ष्य रखा है, जिसमें से श्रद्धालुओं के सहयोग से अब तक करीब पचास लाख रुपये प्राप्त हो चुके हैं। आगामी 6 नवंबर को धनतेरस के पावन अवसर पर शाम 7 बजे भव्य महाआरती होगी और इसके साथ ही मंदिर प्रांगण में आकर्षक आतिशबाजी का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। समिति श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पधारकर अलौकिक श्रृंगार के दर्शन करें और महाआरती में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

दीपावली से पहले संविदा एवं दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को वेतन दिया जाये



मंदसौर। मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने सहायक श्रमायुक्त अधिकारी पवन मंडोत को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रदेश के सभी विभागों और शासकीय कार्यालयों में कार्यरत संविदा एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का वेतन दीपावली पर्व के पूर्व भुगतान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में कहा कि संविदा और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के परिवारों की आजीविका पूरी तरह उनके मासिक वेतन पर ही निर्भर करती है। दीपावली पर हर कर्मचारी अपने बच्चों तथा परिवार के लिए नए वस्त्र, मिठाइयां, दीपक और अन्य आवश्यक सामग्री खरीदकर खुशियों के साथ पर्व मनाना चाहता है। समय पर वेतन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में इन कर्मचारियों और उनके परिवारों को भारी आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है जिससे त्यौहार की खुशियां प्रभावित होती हैं। समिति ने इस ज्ञापन के जरिए मानवीय एवं कर्मचारी हितैषी दृष्टिकोण अपनाते हुए दीपावली से पहले सभी संविदा व दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का वेतन भुगतान करने का आग्रह किया है।

खातेगांव थाना प्रभारी की हत्या के विरोध में कांग्रेस ने बनाई मानव श्रृंखला



मंदसौर। देवास जिले के खातेगांव थाने के प्रभारी दिलीप पुरी गोस्वामी की शराब माफिया द्वारा ट्रक से कुचलकर की गई निर्मम हत्या तथा प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था व अवैध कारोबार के विरोध में मंगलवार को जिला कांग्रेस कमेटी मंदसौर द्वारा गांधी चौराहा पर मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन किया गया व माफियाओं पर कठोर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह गुर्जर ने कहा कि पुलिस अधिकारी तक सुरक्षित नहीं हैं और मुख्यमंत्री मोहन यादव के पास गृह मंत्रालय होने तथा उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के आबकारी मंत्री होने के बावजूद अवैध शराब और मादक पदार्थों का कारोबार थम नहीं रहा है। उन्होंने पिपलिया मंडी में जहरीली शराब से हुई मौतों का जिक्र करते हुए नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से इस्तीफे की मांग की। विधायक विपिन जैन ने भी जहरीली शराब की बिक्री पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कदम उठाने की बात कही। प्रदर्शन के अंत में खातेगांव थाना प्रभारी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन रखा गया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत एवं मध्यप्रदेश गान से नवंबर माह की शुरूआत

नीमच। कलेक्टर कार्यालय परिसर में नवंबर माह के प्रथम कार्यदिवस पर राष्ट्रगान, राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' एवं मध्यप्रदेश गान का सामूहिक गायन किया गया। कार्यक म अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-8
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती जयश्री पति श्री संजय राठौड़ वार्ड नं.28 पता- 692 पैकी दक्षिण मेघदूत नगर इन्दौर पिन- 1000937744 (नामांतरण शुल्क) संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 8 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-8 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- ममता पति स्व. अजीतसिंह सिकरवार क्रेता-पुष्पेन्द्रसिंह पिता स्व. अजीतसिंह सिकरवार वार्ड क्रं. 58 पता- 65-ए अहिल्या पलटन इन्दौर पिन- 1000893935 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-शामनलाल केवलानी पिता परमानंद केवलानी पता-40 ए-1 वीर सावरकर इन्दौर पिन- 1001161226 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-संजय पिता बाबूलाल, अजय पिता बाबूलाल पता-36-1 वीर सावरकर नगर इन्दौर पिन- 1001158782 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- उल्का पति स्व.श्री तुषार क्रेता- अंकित राणा पिता प्रतापसिंह राणा वार्ड 21 पता- एल-5 तुषार एवेन्यू भानगढ़ इन्दौर पिन- 1003017657 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- 1- शलिनी शर्मा 2- अक्षय शर्मा, 3- हिमांशी शर्मा वार्ड 21 पता- 14-एम-बी वीणा नगर इन्दौर पिन- 1000926091 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-9
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक-विकास साहू पिता प्रेमचंद साहू पता-पुराना 19 नया 25 न्यू देवास रोड इन्दौर पिन- 1001022602 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 9 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-9 नगरपालिका निगम इन्दौर

जैन सोशल ग्रुप बडौद द्वारा नेत्र शिविर का आयोजन

बडौद। जैन सोशल ग्रुप बडौद एवं मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के तत्वधान में रविवार को महावीर जैन विद्या मंदिर में नेत्र शिविर आयोजित किया गया जिसमें 80 मरीजों का नेत्र परीक्षण हुवा जिसमें से 15 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु मक्सी ले जाया गया। शिविर में डॉ विजय पटेल , प्रदीप भावसार, योगेश विश्वकर्मा, तूफान सिंह आदि ने अपनी सेवाएं दी, शिविर में जैन सोशल ग्रुप के राष्ट्रीय कार्य. सदस्य राजेंद्र लाडवा राठौर, बडौद ग्रुप अध्यक्ष पंकज पिछोलिया, पूर्व अध्यक्ष कमलेश नवलखा, कालूराम नरवाया सहित ग्रुप के अन्य सदस्य भी उपस्थित हुए।

कृषि मंडी के तुलावटियों का सांकेतिक धरना प्रदर्शन

खाचरोद। कृषि उपज मंडी में वर्षों से कार्यरत अनुज्ञप्ति धारी तुलावटियों के पारिश्रमिक का भुगतान नहीं दिलाए जाने पर 35 से अधिक तुलावटियों को बेरोजगारी का सामना करना पड़ रहा है जिससे पीड़ित तुलावटियों द्वारा बुधवार 4 नवम्बर से सांकेतिक धरना प्रदर्शन शुरू किया जा रहा है उक्त जानकारी देते हुए तुलावटी संघ अध्यक्ष प्रवीण नायक ने बताया कि मंडी में बी ओ टी कांटा प्रारंभ किए जाने के पश्चात तुलावटियों से ना तो तोल कार्य करवाया जा रहा है और ना ही उनको भुगतान किया जा रहा है। नायक ने कहा इस संबंध में पूर्व में उच्चाधिकारियों को एवं जनप्रतिनिधीयो को भी भी अवगत करवाया जा चुका है किन्तु कोई हल नहीं निकाला जा सका मजबूरी वश तुलावटी अपने परिवारों के साथ धरना प्रदर्शन कर रहे हैं प्रशासनिक लापरवाही के परिणाम स्वरुप यह स्थिति निर्मित हो रही है

दो अलग-अलग प्रकरणों में फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

ब्यावरा। पुलिस मुख्यालय भोपाल एवं न्यायालय के निदेर्शानुसार जिले में फरार स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ के निर्देशन थाना कोतवाली राजगढ़ पुलिस द्वारा दो अलग-अलग प्रकरणों में लंबे समय से फरार चल रहे 02 स्थाई वारंटियों को जिला धार से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम ने साइबर शाखा के सहयोग एवं तकनीकी जानकारी के आधार पर जिला धार में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर दोनों स्थाई वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार किया। दोनों वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया।

पुष्य नक्षत्र से व्यापार व्यवसाय में हुई बढ़ौत्री

महिदपुर रोड। किसानों की प्रमुख खरीफ फसल सोयाबीन तथा अन्य कृषि उपज के दामों में तेजी ने बाजार में व्यापार व्यवसा य को काफी संबल प्रदान किया है रोजाना कृषि उपज उपमंडी तथा नगर के व्यापारियों के यहां ट्रैक्टर ट्रालियों मैजिकों तथा अन्य साधनों से गांवों से किसान सोयाबीन तथा रवि फसल में पूर्व में रखी उपज गेहूं तथा अन्य संग्रह कर रखी कृषि पैदावारों को लेकर बेचने आ रहे हैं नगर के व्यापारियों किसानों तथा उप मंडी कर्मचारियों से मिली जानकारी के अ नुसार इस समय सोयाबीन का दाम 7 हजार प्रति क्विंटल गेहूं के दाम 3 हजार क्विंटल के आसपास होने से नगर में सोया बीन गेहूं तथा अन्य कृषि उपज रोजाना विक्रय के लिये आ रही है।

सर्दी की शुरूआत में अपने परिवार के साथ जंगलों में चरवाहो ने जमाया डेरा

सारंगपुर। ग्रामीण क्षेत्र में राजस्थान से पलायन करके आए चरवाहे जो रेगिस्तानी जहाज (ऊंट) के साथ सारंगपुर क्षेत्र के जंगलों में पलायन करके परिवार के साथ आए चरवाहो ने डेरा जमाया है। राजस्थान में चारे-पानी की कमी के कारण मध्यप्रदेश में भेड-बकरियां और ऊंटों के साथ कई परिवार आए हुए हैं। सैकडों किलोमीटर दूर से चलकर इनके साथ बच्चे भी आए हैं, जो पढने और खेलकूद की उम्र में अपने परिवार के साथ कष्टों में जी रहे हैं। यह चरवाहे वर्षा के जाने के बाद ही खरीफ फसल दोहन के बाद क्षेत्र में दस्तक देते हुए मध्यप्रदेश की ओर बढ जाते हैं और रबी फसल की बोवनी के बाद लौटने लगते हैं।

लोकतंत्र बचाओ, अराजकता हटाओ अभियान के तहत प्रमुख नागरिक गोष्ठी आयोजित

लोकतंत्र में अराजकता को हटाने विषय पर युवा संवाद एवं भाषण स्पर्धा में 40 विद्यार्थियों ने लिया भाग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



विश्व में सबसे सुंदर लोकतंत्र यदि कहीं का है तो वह भारत का है और इस लोकतंत्र को बचाने की जिम्मेदारी भी युवा पीढ़ी की है। युवा इस देश की रीढ़ है, युवाओं से ऊर्जा का संचार होता है, युवाओं को सकारात्मक दिशा में कार्य करके अपने लक्ष्य को प्राप्त करना चाहिए।

यह बात विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या ने लोकतंत्र में अराजकता को हटाने के विषय को लेकर युवा संवाद एवं भाषण प्रतियोगिता कार्यक्रम में सोमवार को स्थानीय सांदीपनी विद्यालय में कही। कार्यक्रम में जिला मंत्री विजय चौधरी, नगर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या, विद्यालय के प्राचार्य धर्मेंद्र जोशी, सांसद प्रतिनिधि जितेंद्र यादव मंचासीन थे। इसके पश्चात भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। उक्त भाषण प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सरस्वती विद्या मंदिर की छात्रा गरिमा चंद्रवंशी, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार सेंट थॉमस हाई सेकेंडरी स्कूल की शिवि जोशी एवं अदिति यादव ने प्राप्त किया। साथ ही दो प्रोत्साहन पुरस्कार विद्यांजलि विद्यालय की प्रियल पाटीदार व सांदीपनी विद्यालय के महावीर कोहली ने जीता। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका में वरिष्ठ लेखक विजय गोखरू एवं सामाजिक कार्यकर्ता अजय पंड्या ने निभाई। भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों का दुपट्टा ओड़ा कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत पार्षद आनंद अनावड़िया, युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष योगेश पंड्या, महामंत्री रोहित चौहान, रवि हिंडोलिया, अभिषेक तिवारी आदि ने किया।

एकता एवं अखंडता पर विचार व्यक्त किए

इस दौरान वक्ताओं ने लोकतंत्र की मजबूती, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान, राष्ट्रहित और देश की एकता एवं अखंडता से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार व्यक्त किए। लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ अभियान के माध्यम से लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जनजागृति लाने संवैधानिक संस्थाओं के प्रति विश्वास मजबूत करने और नागरिकों को राष्ट्रहित के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

ब्यावरा।

लोकतंत्र की मजबूती केवल चुनावों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक संस्थाओं के सम्मान और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने में निहित है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के साथ ही सशक्त, स्थिर और जीवंत लोकतांत्रिक व्यवस्था का प्रतीक है। लोकतांत्रिक परंपराओं और संवैधानिक संस्थाओं की गरिमा बनाए रखना प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।

मोबाइल रील्स बिगाड़ रही बच्चों की सेहत तथा पढ़ाई भी हो रही बाधित

■ विशेषज्ञ बोले, बच्चों को मोबाइल से दूर रखे अभिभावक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।



मोबाइल में रील्स देखना अब लत न रहकर बीमारी में बदलने लगी है। इससे बच्चों व किशोरों के काम करने की क्षमता प्रभावित हो रही है। रील्स देखने वाले उदासी, नींद न आना, चिडचिडापन से तो गुजर रहे थे, वहीं अब स्कूल, कोचिंग या कॉलेज जाने काले बच्चे अधिक देर तक अपना ध्यान एक विषय पर नहीं लगा पा रहे है। बेफिक्र इन खतरों से अभिभावक बच्चों को मोबाइल देने में नहीं हिचक रहे हैं। अभिभावकों द्वारा बच्चों को मोबाइल देने से काफी समय तक बच्चे रील्स देखने व बनाने में व्यस्त हो जाते हैं। जिस के चलते बच्चों के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पडने के साथ बच्चों में पढाई को लेकर एकाग्रता की कमी बढ रही है। क्षेत्र के गांवों के बच्चे मोबाइल लेकर रील्स देखने व बनाने में लगे रहते हैं।

रील्स देखने के ये दुष्प्रभाव

पढाई और अन्य गतिविधियों में कमी। तेजी से बदलते दृश्य और जानकारी पर ध्यान केंद्रित करने में समस्या। लंबे समय तक स्क्रीन पर रहने से शारीरिक गतिविधियों में नकारात्मक या उत्तेजक सामग्री से चिंता और अवसाद। बातचीत में कमी से सामाजिक कौशल प्रभावित। शिक्षा का स्तर गिरना। बच्चों का आक्रामकता का स्वभाव आदि।

अभिभावक यूं करें प्रयास

बच्चों को खेल पढाई या कला जैसी गतिविधियों के लिए प्रेरित करना चाहिए। रील्स के दुष्प्रभावों के बारे बात करें। पारिवारिक गतिविधियों को बढावा दें।

ढाबों, होटलों सहित दुकानों पर काम कर रहे नाबालिग, खानापूर्ति में अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

बच्चों से काम करवाना कानून की धारा के विपरीत है, लेकिन सारंगपुर विधानसभा में जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी की वजह से हजारों मासूम मजदूरी करने के लिए मजबूर हो रहे है। हालांकि अशिक्षा और आर्थिक जरूरत, बच्चों को मजदूरी के आज में झोंक रही है, लेकिन इन्हें शिक्षा सहित अन्य तरह की सुविधाओं के लिए प्रयास जमीन पर दिखाई नहीं दे रहे। कागजों पर भले ही बच्चों को बाल श्रम से मुक्ति दिलाने के दावे किए जा रहे है, लेकिन हकीकत ये है कि हजारों मासूम सडकों पर घंटे खडे रहकर काम कर रहे है और होटल और निजी दुकानों पर गंदगी तक साफ कर रहे है। देखा जाए तो बालश्रम कानून का पालन शहरी क्षेत्र में नहीं हो रहा है। अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने की वजह से बालश्रमिक लगातार बड रही है।

सर्व शिक्षा अभियान हो या फिर बाल संरक्षण अभियान इनके नाम पर की जाने वाले आयोजन बच्चों को मजदूरी की गर्त से निकालने में असफल होते है। अभियानों के तहत रैली व शपथ ग्रहण कार्यक्रम किए गए। इसमें विभिन्ना माध्यम से बच्चों के कानूनी अधिकारों, सुरक्षा, आदि गंभीर विषयों पर जागरुकता के लिए नारे लगाकर प्रचार प्रसार किया जाता है, लेकिन इसका सारंगपुर में किसी प्रकार का जमीनी फायदा नहीं दिख रहा है।

बिजली कटौती पर ग्रामीणों और जेई में मारपीट

खजुरिया घाटा के लोगों ने मनमाने बिल और कटौती पर जताई नाराजगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर।

सारंगपुर क्षेत्र में बिजली कटौती और बिलों को लेकर नाराज ग्रामीण रविवार रात पाडल्यामाता बिजली कंपनी के कार्यालय पहुंच गए। यहां ग्रामीणों और कंपनी के कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया, जो मारपीट तक पहुंच गया। घटना में कनिष्ठ यंत्री नरेंद्र कुमार गायरी और ग्रामीण विनोद को चोटें आई हैं। दोनों पक्षों ने थाने में एक-दूसरे के खिलाफ आवेदन दिए हैं। जानकारी के अनुसार, पाडल्यामाता बिजली कंपनी कार्यालय में पदस्थ कनिष्ठ यंत्री नरेंद्र कुमार गायरी (36), पिता मन्नालाल गायरी, रविवार रात कार्यालय में काम कर रहे थे। इसी दौरान पास के खजुरिया घाटा गांव के कुछ ग्रामीण बिजली कटौती की शिकायत लेकर पहुंचे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कहासुनी हो गई।

आरोप है कि विवाद बढने पर ग्रामीणों में शामिल 3 लोगों ने नरेंद्र कुमार गायरी के साथ मारपीट कर मोबाइल छीन लिया। वहीं ग्रामीण श्याम पाल ने आरोप लगाया कि गांव में लगातार बिजली कटौती हो रही है। लोगों को मनमाने बिजली बिल दिए जा रहे हैं।

जेई बोले- मारपीट कर मोबाइल छीन लिया

कनिष्ठ यंत्री नरेंद्र कुमार गायरी ने बताया कि ग्रामीणों की भीड कार्यालय पहुंची थी। उनके मुताबिक, 3 लोगों ने उनके साथ मारपीट की और मोबाइल छीन लिया। वहीं ग्रामीण श्याम पाल ने आरोप लगाया कि गांव में लगातार बिजली कटौती हो रही है। लोगों को मनमाने बिजली बिल दिए जा रहे हैं।

देशी व अंग्रेजी शराब दुकान पर पुलिस की दबिश, शराबियों को किया गिरफ्तार



दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में रेलवे स्टेशन रोड स्थित हाईवे ब्रिज के समीप देशी व अंग्रेजी शराब की दुकान पर स्थानीय पुलिस ने अचानक दबिश दी जिससे शराब ठेके के पीछे बैठकर शराब पी रहे लोगों में हड़कंप मच गया, पुलिस कुछ शराबियों को गाड़ी में बैठा कर थाने ले गई, सिटी थाना प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने बताया कि शांति व्यवस्था कायम करने हेतु रूटीन प्रक्रिया के दौरान शराब ठेके के पीछे कुछ लोग शराब पीते हुए मिले। उल्लेखनीय है कि उक्त शराब की दुकान के पीछे स्थित दो चकने की दुकान भी संचालित की जा रही है जहा पर बैठकर लोग न केवल शराब दुकान से शराब खरीदते हैं, बल्कि उक्त शराब दुकान के पीछे बैठकर शराब भी पीते हैं शराब दुकान के पीछे पड़ी खाली जगह को लोग अस्थाई तोर पर अहाते के रूप में

खातेगांव घटना के बाद कार्यवाही

स्थानीय पुलिस प्रशासन द्वारा लाइसेंसधारी उक्त शराब की दुकान पर अचानक की गई कार्रवाई को लोग देवास स्थित खातेगांव में हुई दर्दनाक घटना से जोड़ा जा रहा। वहीं स्थानीय पुलिस प्रशासन इसे रूटीन कार्यवाही बता रहा है। कारण जो भी हो मगर पुलिस की उक्त कार्रवाई से सड़क पर निकलने वाले यात्रियो और आसपास के रहवासी को निजात जरूर मिली हैं।

साँची स्तूप एवं विधानसभा भवन भोपाल का शैक्षणिक भ्रमण

खाचरौद। खाचरोद के विद्यार्थियों का भोपाल एवं साँची का शैक्षणिक भ्रमण उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। इस भ्रमण का उद्देश्य विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ ऐतिहासिक, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं प्राकृतिक स्थलों का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना था।

भ्रमण के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित विज्ञान संग्रहालय, जनजातीय संग्रहालय एवं विधानसभा भवन का अवलोकन किया। विधानसभा भवन के भ्रमण से विद्यार्थियों को लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं विधायी कार्यप्रणाली को जानने का अवसर मिला। द्वितीय दिवस विद्यार्थियों ने वन विहार राष्ट्रीय उद्यान एवं साँची स्तूप का भ्रमण किया। वहीं विश्व प्रसिद्ध साँची स्तूप की ऐतिहासिक एवं स्थापत्य कला ने विद्यार्थियों को भारतीय विरासत और बौद्ध संस्कृति से परिचित कराया।

इस शैक्षणिक भ्रमण ने विद्यार्थियों के ज्ञान, जिज्ञासा एवं अनुभवों को समृद्ध किया तथा उन्हें शिक्षा के व्यावहारिक पक्ष से जोड़ने का सार्थक अवसर प्रदान किया।

विद्यालय प्रबंधन के निदेशक ललित कांकरिया , बालेश बुपक्या, श्रुति बुपक्या, प्राचार्या येशा भंसाली एवं उपप्राचार्य राजकुमार सेजवार ने इस सफल शैक्षणिक भ्रमण पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं अनुभवात्मक शिक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 28 नवंबर को

सुसनेर। जवाहर नवोदय विद्यालय में सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छठी में प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली चयन परीक्षा 2027 के प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से अपने प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। चयन परीक्षा 28 नवंबर 2026 को जिले के पांच परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

परीक्षा के लिए जिले में सान्दीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आगर, सान्दीपनि शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नलखेड़ा, सान्दीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुसनेर तथा बड़ौद ब्लॉक के शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिले में कुल 2080 विद्यार्थियों ने परीक्षा के लिए ऑनलाइन पंजीयन कराया है।

तरुण परिषद ने जरूरतमंदों के जीवन में फैलाया उजाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर

सेवा, समर्पण और मानवता के उद्देश्य को आत्मसात करते हुए अखिल भारतीय श्री राजेंद्र जैन तरुण परिषद द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले सेवा प्रकल्प तरुण दीपोत्सव के अंतर्गत इस वर्ष भी जरूरतमंद परिवारों के बीच खुशियों का उजाला फैलाया गया।

परिषद के सदस्यों ने नगर की निर्धन बस्तियों एवं जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचकर आटा, तेल, गुड़, दाल, शक्कर सहित दैनिक उपयोग में आने वाली आवश्यक खाद्य सामग्री का वितरण किया। इस सेवा कार्य का मुख्य उद्देश्य यह रहा कि दीपोत्सव की खुशियां समाज के उन परिवारों तक भी पहुंचे, जिन्हें आर्थिक अभाव के कारण त्योहार मनाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस अवसर पर परिषद परिवार को कुछ सधार्मिक परिवारों की सेवा एवं भक्ति करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। विशेष बात यह रही कि इन परिवारों की सेवा पूर्णतः गोपनीय रखी गई, ताकि सेवा का उद्देश्य प्रचार नहीं,



बल्कि जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लाना रहे। साथ ही नगर के कुछ सहयोगी एवं जरूरतमंद परिवारों तक भी सेवा पहुंचाई गई।

परिषद का मानना है कि दीपावली का वास्तविक आनंद तभी सार्थक होता है, जब समाज का प्रत्येक वर्ग खुशियों में सहभागी बने। दीप केवल घरों को ही नहीं, बल्कि किसी जरूरतमंद के जीवन को भी रोशन करे, यही तरुण दीपोत्सव की मूल भावना है। तरुण परिषद अध्यक्ष चंद्रेश राठौड़ एवं महामंत्री ऋषभ ओरा ने कहा कि सेवा का यह अलख सतत रूप से जारी रहेगा।

सेवा संकल्प जारी रहेगा

तरुण परिषद के मीडिया प्रभारी सिद्धांत नाहर ने बताया कि परिषद ने अपने सेवा संकल्प के तहत हमारा संकल्प भूखा न रहे कोई के माध्यम से समाज में सेवा, सहयोग, करुणा और मानवता का संदेश दिया। तरुण परिषद का यह प्रयास निश्चित रूप से सामाजिक सरोकारों को मजबूत करने के साथ ही युवाओं को सेवा कार्यों के प्रति प्रेरित करने वाला अनुकरणीय कदम है।



शिक्षक के सेवा निवृत्त पर कार्यक्रम आयोजित, दी अभिनंदन पत्र भेंट कर विदाई

खरसौदकलां। शासकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय खरसौदकलां के शिक्षक राजेंद्र जैन के सेवा काल पूरा होने हुआ। संकुल शिक्षक परिवार ने एक निजी गार्डन परिसर में कार्यक्रम के जरिए अभिनंदन पत्र भेंट कर विदाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता संकुल प्राचार्य वीरेंद्रसिंह भारद्वाज ने की। मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी राहुल विश्वकर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच आनंदीलाल डाबी, पूर्व जनपद सदस्य सुरेश पटेल, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक प्रवीण शर्मा, प्रेमचंद द्वितीय, कर्मचारी नेता मानसिंह चौहान, अर्जुन पटेल, उपसरपंच प्रतिनिधि हरीश पटेल सहित ग्राम के गणमान्य नागरिक क्षेत्र से शिक्षक साथी उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत भाषण शिक्षक आत्माराम सरवटे ने दिया आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम संचालन दिनेश शास्त्री ने किया।

पाटीदार समाज ने लौह पुरुष की जयंती एकता दिवस के रूप में मनाकर निकाला चल समारोह



खरसौदकलां। पाटीदार समाजजन ने सरदार पटेल की जयंती महोत्सव शनिवार को उत्साह के साथ एकता दिवस के रूप में मनाई । इस मौके पर नगर के प्रमुख मार्ग पर चल समारोह भी निकला गया। चल समारोह की शुरूआत पाटीदार समाज धर्मशाला परिसर से की गई । जुलूस के साथ में बड़ी तादात में महिला पुरुष शामिल थे। जुलूस के साथ में सरदार पटेल की झांकी भी निकाली गई। इस दौरान रास्ते भर ग्रामिणजन ने पुष्प वर्षा कर स्वागत भी किया।समारोह के समापन के प्रश्चात समाज प्रमुखजन ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला । साथ में पटेल के दिखाए नेक रास्ते पर चलने की शपथ भी ली। कार्यक्रम के पहले समाजजन के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिन्हें मंच के जरिए प्रोत्साहित भी किया। इधर पटेल की जयंती महोत्सव पर युवा संगठन ने रक्तदान शिविर आयोजित किया । जिसमें 96 से अधिक युवा वर्ग ने रक्तदान किया

70000 रू. की 6.12 ग्राम अवैध स्मैक जप्त, 1 महिला आरोपी गिरफ्तार



ब्यावरा। राजगढ जिले में मादक पदार्थ स्मेक, गांजा, अवैध शराब पर कार्रवाई करने हेतु ऑपरेशन शुद्धि अभियान चलाया जा रहा। जिसके तहत थाना प्रभारी बोडा उनि देवेन्द्र राजपूत के नेतृत्व में मादक पदार्थ स्मैक तस्कर पर कार्यवाही कर 01 आरोपिया को गिरफ्तार कर आरोपी के कब्जे से 06.12 ग्राम मादक पदार्थ स्मैक जिसकी कीमत 70000 रुपये जप्त की गई है। मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई के डाबला जोड़ के पास एक महिला अवैध मादक पदार्थ लिए बैठी है सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी माला पति सुभान सांसी 40 साल निवासी ग्राम हुलखेड़ी को मौके पर पकड़ा व आरोपी के कब्जे से मिली 06.12 ग्राम अवैध मादक स्मैक जिसकी कीमत 70000 रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया व आरोपीया को न्यायालय में पेश किया । इसी प्रकार गुलखेड़ी जोड़ के पास एक महिला अवैध मादक पदार्थ लिए बैठी है सूचना पर कार्रवाई करते हुए आरोपी रजनी पति अनिल सांसी उम्र 40 साल निवासी ग्राम गुलखेड़ी को मौके पर पड़ा व आरोपी के कब्जे से मिली 5.61 ग्राम अवैध मादक स्मैक जिसकी कीमत 60 हजार रुपए जप्त कर आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया व आरोपी महिला को न्यायालय में पेश किया।

नशा, नाश का द्वार है संदेश के साथ दिलाई सामूहिक शपथ



सुसनेर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशामुक्त भारत के संकल्प एवं युवा पीढ़ी को नशे के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखने एवं मिशन लाइफ के भाग स्वस्थ जीवन शैली के उद्देश्य से भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी, मध्यप्रदेश राज्य शाखा द्वारा 1 नवम्बर 2026 से 14 नवम्बर 2026 को बाल दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त शासकीय विद्यालय में जूनियर रेडक्रॉस के अंतर्गत नशामुक्ति जागरूकता गतिविधि आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। जिसके परिपालन में जिला कलेक्टर शेरसिंह मीना, जिला पंचायत सीईओ बी एस सोलंकी,जिला शिक्षा अधिकारी निलेश पाण्डे एवं जिला संगठन आयुक्त रजनीश स्वर्णकार के निर्देशन में शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय खेरिया सुसनेर में काउंसलर भेरूलाल ओसारा द्वारा नशामुक्ति जागरूकता हेतु सामूहिक शपथ दिलाई गई इस अवसर पर संस्था परिवार से 110 बच्चो ने भाग लिया वहीं संस्था परिवार से शिक्षक भूपेन्द्रसिंह झाला, कैलाशचंद्र दांगी, तिलोकचंद पाटीदार, राकेश पाटीदार उपस्थित रहे।



साड़ी के साथ आजमाएं ये मेकअप लुक

साड़ी के साथ आप इन मेकअप को आजमाएं, ये आपके लुक को उभारने में आपकी मदद करेंगे

इस सच को मानने के लिए आपको मेकअप प्रेमी होने की बिल्कुल जरूरत नहीं है कि एक ही मेकअप लुक हर अवसर और समारोह के लिए बिल्कुल काम नहीं करता है। दिन के अलग-अलग समयद्ध या साल (या मौसम) में आपको उस तरह के ही मेकअप लगाना चाहिए, जो अपना प्रभाव छोड़ते हैं। इसके अलावा, आप यह अच्छी तरह से जानती हैं कि आप अपनी बेस्ट फ्रेंड की शादी और क्लब में जाने के लिए एक जैसा मेकअप नहीं कर सकती हैं। इसलिए, यदि आप लाइफटाइम और किसी भी समय के लिए मेकअप लुक्स की तलाश में हैं, वह भी एक ही जगह पर तो जाह्नवी कपूर का इंस्टाग्राम फीड बिल्कुल सही जगह है। जाह्नवी कपूर का मेकअप लुक्स काफी वर्सेटाइल है, जिन्हें किसी भी अवसर या समारोह के लिए चुना जा सकता है।

हमने आपके लिए कुछ लुक्स चुनकर लाएं हैं, जिन्हें आप नीचे की तरफ स्क्रोल करके देख सकते हैं।



स्मोकी आइज

शिल्पा शेट्टी तरह आप भी एक स्मोकी आइज तैयार कर सकती हैं, जो साड़ी के साथ एकदम परफेक्ट लगती है। स्मोकी आइज तैयार करने के लिए आइ क्रीज पर हल्के ब्राउन कलर का आइशैडो लगाएं। ब्रश या उंगली की मदद से स्मज करके स्मोकी इफेक्ट तैयार करें। लंबी, घनी लैशेस पाने के लिए नकली लैशेस लगाएं। ड्रमैटिक इफेक्ट के लिए मस्कारा के ढेरों कोट्स लगाएं। आइब्रोज को शेप देकर ब्रो जेल से सेट करें।

सिम्पल आई लुक मेकअप लुक

कियारा ने मेकअप काफी सिम्पल रखा है। उन्होंने अपनी आंखों को हाइलाइट किया है। इस तरह का मेकअप हर तरह के इंडियन वेयर के साथ आप कर सकती हैं। आंखों के लिए ब्रिकिश अंडरटोन वाला वॉर्म न्यूड आइशेडो शेड चुनें और आइलिड पर लगाएं। ऊपरी और निचली लैशलाइन पर ब्लैक जेल आइलाइनर लगाएं। ऊपरी लैशलाइन को हल्का-सा स्मज करके सौम्य लुक पाएं। लैशेस को कर्ल करें और कई कोट्स मस्कारा के लगाएं।




बोल्ड लिपकर

लाल रंग को पहनने लिए किसी कारण की आवश्यकता नहीं है, बस आपका मूड होना ही काफी है। अदिति राव हैदरी अपने लाल होंठों, काजल से सजी आंखों और इस ऑफ वाइट साड़ी के साथ इस छोटी-सी बिंदी में किसी राजकुमारी से कम नहीं लग रही हैं। उन्होंने मैट बेस, रोज गोल्ड शैडो और थिक लैशेज भी पेयर्ड किया है। अरे हां, ब्लश ने भी बड़ा कमाल किया है।




साड़ी के साथ ट्राय करें विंग्ड आइलाइनर

यदि आप विंग्ड आइलाइनर पर संदेह करती हैं, तो एक बार फिर से जरूर सोचें. क्योंकि यह एकमात्र स्टाइल है, जो आपके लुक को उभारने में कभी फेल नहीं हो सकती है. यदि आप खुद की आइलाइनर स्किल्स पर भरोसा नहीं है, तो आंखों के किनारे टेप लगाकर फिर विंग्ड लाइनर लगाएं. और फॉल्स आइलैसेश से अपनी आंखों को वॉल्यूमाइज करना बिल्कुल ना भूलें, आखिर आपकी शादी का दिन जो है. इस क्लासिक ट्रेंड को आप सॉफ़्ट पिंक आइशैडो या मेटालिक रोज गोल्ड के साथ ट्राय कर सकती हैं.



सही बिंदी चुनें

हाइलाइटर, पीच लिप्स और पीच ब्लश के साथ इस सुपर एथनिक लुक को आलिया भट्ट की हरी बिंदी ने और भी खूबसूरत बना दिया है. इस तरह के प्रयोग आप भी अपने लुक के साथ कर सकती हैं. बड़े ईयरिंग की जगह अपने ब्लाउज की डिजाइन के हिसाब से कुछ स्टड या फिर छोटे ईयरिंग का चुनाव कर सकती हैं.



ब्लश का कमाल

हमेशा ही आकर्षक दिखनेवाली धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित का सिंपल मेकअप लुक फिर से कमाल कर रहा है! साड़ी के साथ अपनी पसंदीदा ब्राउन लिपस्टिक और हल्के ब्लश का चुनाव किया है, जो उनके लुक पूरा कर रहे हैं.

इस दिवाली अपने ज्वेलरी कलेक्शन में शामिल करें ये ज्वेलरीज

आभूषणों की चमक आखिर किसको पसंद नहीं आती है, खासतौर से त्यौहारों के मौसम में। तो क्यों ना हम दिपावली के इस शुभ मुर्हूत पर इनकी चमक से अपने चेहरे को रौशन करें और खरीद लाएं कुछ बेहतरीन ज्वेलरी जो हमारे व्यक्तित्व को नया आयाम देने में कारगर साबित होंगी।अगर आप दिवाली पर सिंपल-सा मैक्सी ड्रेस पहनने का प्लैन कर रही हैं तो इस फ़्लोरल चोकर नेकपीस को चुन सकती हैं।



मोतियों के बीच जड़े कुंदन की कलाकारी आपको इस झूमके के करीब ले जाएगी. अगर आप किसी अपने को दिवाली गिफ़्ट देने के बारे में विचार कर रहे हैं तो यह चुनाव गलत साबित नहीं होगा.

स्टेटमेंट रिंग



सोबर लेकिन स्टेटमेंट पेश करेवाली यह अंगूठी की बनावट आंखों को सुकून पहुंचानेवाली है. आपके सेमी-कैजुअल फेस्टिव लुक को नया आयाम देने के लिए आप इसे चुन सकती हैं.

पेंडेंट

दिवाली पर अगर आप कुछ बेहद ट्रेडिशनल ज्वेलरी की तलाश में हैं तो यह डायमंड और गोल्ड से बनी लक्ष्मी प्रतिमावाला पेंडेंट परफेक्ट है.



Sport

भारत-पाकिस्तान मैच के टिकटों की मांग फाइनल से भी ज्यादा

वर्ल्ड कप के लिए सीटें 34 हजार, आवेदन आए 84 लाख

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



वनडे वर्ल्ड कप 2027 में भारत और पाकिस्तान के मुकाबले को लेकर फैंस में जबरदस्त उत्साह है। 10 अक्टूबर के इस मैच के टिकटों के लिए 84 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं। जोहान्सबर्ग के स्टेडियम की दर्शक क्षमता सिर्फ 34 हजार है। यानी उपलब्ध सीटों के मुकाबले करीब 247 गुना ज्यादा आवेदन आए हैं। टिकटों की मांग के मामले में भारत-पाकिस्तान मुकाबला पहले नंबर पर है। क्ठउ के मुताबिक, भारत-पाकिस्तान मैच के लिए कुल 83,97,294 टिकट आवेदन मिले हैं। 21 नवंबर को इसी स्टेडियम में होने वाले वर्ल्ड कप फाइनल के लिए 79,00,944 रजिट्रेशन हुए हैं। वर्ल्ड कप के टिकटों के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 21 नवंबर 2026 तक जारी रहेगी। इसमें पहले रजिस्ट्रेशन होगा और मांग ज्यादा होने पर कंप्यूटराइज्ड रैंडम लॉटरी से टिकट खरीदने के लिए आवेदकों का चयन किया जाएगा। यह पहले आओ-पहले पाओ वाला सिस्टम नहीं है।

2011 वनडे वर्ल्ड कप: भारत में सेमीफाइनल और फाइनल के टिकटों के लिए आईसीसी ने पब्लिक बैलट सिस्टम अपनाया था।

ग्लेन मैक्सवेल ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया- ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल अब इंटरनेशनल क्रिकेट में नहीं खेलेंगे। 38 साल के मैक्सवेल ने टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास ले लिया है। वे जून 2025 में वनडे क्रिकेट को भी अलविदा कह चुके हैं। उन्होंने लिस्ट-अ और फर्स्ट-क्लास क्रिकेट से भी संन्यास लिया है। हालांकि, वे मेलबर्न स्टार्स के लिए बिग बैश लीग खेलते रहेंगे। टीम के साथ उनका कॉन्ट्रैक्ट 2027-28 सीजन तक है। वे क्ढछ में भी खेल सकते हैं। मैक्सवेल ने आखिरी इंटरनेशनल मैच फरवरी 2026 में टी-20 वर्ल्ड कप में ओमान के खिलाफ खेला था।

रोहित-विराट 6 साल बाद न्यूजीलैंड में साथ खेलेंगे



एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

रोहित शर्मा और विराट कोहली फरवरी 2020 के बाद पहली बार न्यूजीलैंड की धरती पर साथ खेलेंगे। दोनों आखिरी बार 29 फरवरी 2020 को हैमिल्टन में तीसरे टी-20 इंटरनेशनल में उतरे थे। इसके बाद वे 4 नवंबर को पांच वनडे मैचों की सीरीज के पहले मुकाबले में एक साथ उतरेंगे।

टेस्ट और टी-20 इंटरनेशनल से संन्यास लेने के बाद अब दोनों सिर्फ वनडे खेल रहे हैं। ऐसे में यह सीरीज 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने का मौका है। यह दोनों का न्यूजीलैंड का आखिरी दौरा भी हो सकता है। न्यूजीलैंड की पिचों पर तेज गेंदबाजों को हवा और उछाल से मदद मिलती है। गेंद स्विंग होने पर बल्लेबाजों के लिए उसे सही समय पर खेलना चुनौती बन जाता है। इन परिस्थितियों में विराट कोहली का रिकॉर्ड रोहित शर्मा से बेहतर रहा है।

कोहली न्यूजीलैंड में 600 वनडे रन पूरे करने से सिर्फ 4 रन दूर हैं। उन्होंने वहां 13 वनडे में 596 रन बनाए हैं। उनका औसत 49.66 और स्ट्राइक रेट 91.41 है। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 4 अर्धशतक लगाए हैं। रोहित ने न्यूजीलैंड में 14 वनडे में 437 रन बनाए हैं। उनका औसत 36.41 और स्ट्राइक रेट 72.95 है। उनके नाम 4 अर्धशतक हैं, लेकिन वे अब तक यहां वनडे शतक नहीं लगा सके हैं।

कोहली ने 12 साल पहले न्यूजीलैंड में शतक लगाया

न्यूजीलैंड में विराट कोहली की सबसे यादगार वनडे पारी 19 जनवरी 2014 को नेपियर में आई थी। उन्होंने 111 गेंदों पर 123 रन बनाए थे। न्यूजीलैंड की धरती पर यह उनका इकलौता वनडे शतक है। इसी दौरे पर उन्होंने हैमिल्टन में 65 गेंदों पर 78 और ऑकलैंड में 70 गेंदों पर 62 रन की पारियां भी खेली थीं।





आवश्यकता है
मुंबई में केटरिंग काम के लिए अनुभवी, बिना अनुभवी, लड़के और लड़कियां चाहिए। आयु सीमा 18 से 35 तक रहना फ्री।
संपर्क
9004092475
8452956707

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245



आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

न्यूज कॉलम

कुछ महीने में ही उखड़ी सुनारखेड़ी-सादलपुर सड़क

धार। सुनारखेड़ी से सादलपुर तक बनी प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क कुछ ही महीनों में खराब हो गई है। मार्ग पर कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। खास बात यह है कि कुछ महीने पहले ही सड़क पर पेंचवर्क कराया गया था, लेकिन इसके बावजूद सड़क फिर उखड़ने लगी। इससे सड़क निर्माण और मरम्मत की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। इस मार्ग से 12 से अधिक गांवों के ग्रामीण प्रतिदिन आवागमन करते हैं। सड़क पर गड्ढों के कारण दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

घरों की चौखट तक नर्मदा कागजों में डूब से बाहर

धार। सरदार सरोवर बांध के बैकवाटर ने निसरपुर में विस्थापन की अधूरी प्रक्रिया को फिर सामने ला दिया है। जिन परिवारों को नए जलस्तर के आधार पर 2008 में हुए सर्वे में डूब क्षेत्र से बाहर कर दिया गया था, उनके घरों के पास तक नर्मदा का पानी पहुंच रहा है। अधिकांश परिवारों को नए निसरपुर में प्लॉट तो दिए गए, लेकिन मकान बनाने के लिए 5.84 लाख रु. का मुआवजा नहीं मिला। एनवीडीए के एसडीओ वीके सिंह के मुताबिक वर्ष 2023 में ऐसे 326 मुआवजा प्रकरण मुख्यालय भेजे गए थे। इनका निराकरण नहीं हुआ है।

ग्राम घटबोरी में कुत्ते ने चार लोगों को काटा

धार। बाग ब्लॉक के ग्राम घटबोरी में आज सुबह एक कुत्ते ने चार लोगों को काटकर घायल कर दिया। सभी का बाग अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्हें रेबीज के इंजेक्शन लगाए जा रहे हैं और घावों का इलाज किया जा रहा है। ग्राम घटबोरी के मोरीपूरा में कुत्ते ने सबसे पहले 75 वर्षीय मोहनसिंह सोलंकी को काटा। इसके बाद उसने मोहल्ले में टहल रही युवती चंपा फूलसिंह चौहान को दोनों हाथों और दोनों पैरों में दांत गड़ा दिए। कुत्ते ने इसी मोहल्ले में केलसिंह मोरी और लड़की लक्ष्मी रावत को भी काटा।

रसोइयों का मानदेय चार महीने से अटका



दीपावली से पहले भुगतान की मांग, एसडीएम रितिका पाटीदार ने दिया आश्वासन

झाबुआ। पेटलावद तहसील के सरकारी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन बनाने वाले रसोइयों को चार महीने से मानदेय नहीं मिला है। मंगलवार, 3 नवंबर को रसोइयों ने एसडीएम रितिका पाटीदार को ज्ञापन सौंपकर बकाया राशि का भुगतान करने की मांग की। भुगतान नहीं होने के विरोध में उन्होंने एक दिन की हड़ताल कर स्कूलों में मध्यान्ह भोजन नहीं बनाने का फैसला लिया। रसोइयों ने बताया कि चार महीने से मानदेय नहीं मिलने के कारण उन्हें घर चलाने और रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करने में परेशानी हो रही है। उन्होंने मांग की कि बकाया मानदेय उनके बैंक अकाउंट में जमा किया जाए और आगे से हर महीने समय पर भुगतान हो। साथ ही भुगतान में देरी के कारणों की जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। रसोइयों ने चेतावनी दी कि अगर दीपावली तक बकाया राशि नहीं मिली, तो त्योहार के बाद वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे। एसडीएम रितिका पाटीदार ने संबंधित अधिकारियों से बात कर दीपावली से पहले भुगतान कराने का आश्वासन दिया।

नैनो न्यूज

- **पुष्य नक्षत्र में इंदौर का 850 करोड़ का कारोबार-** इंदौर में रवि पुष्य नक्षत्र पर बाजारों में करीब 850 करोड़ रुपये का कारोबार हुआ। सराफा, ऑटोमोबाइल, प्रॉपर्टी और इलेक्ट्रॉनिक्स बाजारों में खरीदारों की जोरदार भीड़ रही।
- **ऑटोमोबाइल बाजार में 100 करोड़ की बिक्री-** रवि पुष्य पर इंदौर में करीब 700 कारें और 1500 दोपहिया वाहन ग्राहकों को वितरित किए गए। ऑटोमोबाइल कारोबार में लगभग 100 करोड़ रुपये की बिक्री दर्ज हुई।
- **सराफा बाजार में हल्के आभूषणों की मांग-** इंदौर में त्योहारी खरीदारी के दौरान हल्के वजन के सोने के आभूषणों की मांग बढ़ी। सोने के सिक्कों और निवेश के लिए बुलियन खरीदने में भी ग्राहकों ने रुचि दिखाई।
- **प्रॉपर्टी बाजार में 200 करोड़ की बुकिंग-** रवि पुष्य के शुभ अवसर पर इंदौर के रियल एस्टेट बाजार में करीब 200 करोड़ रुपये की बुकिंग का अनुमान सामने आया। आवासीय संपत्तियों में खरीददारों की रुचि बनी रही।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स और घरेलू सामान बाजार में तेजी-** त्योहारी खरीददारी के चलते इंदौर में इलेक्ट्रॉनिक्स, घरेलू उपकरण और कपड़ों के बाजारों में लगभग 100 करोड़ रुपये का कारोबार होने का अनुमान व्यापारिक आंकड़ों में सामने आया।

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक, इंदौर में जेन जेड और विदेश में विस्तार पर मंथन

आरएसएस में बड़े बदलाव की तैयारी, पहली बार सभी प्रांतों के 400 प्रमुख पदाधिकारी हुए शामिल

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की वार्षिक बैठक चल रही है। मंगलवार को बैठक का दूसरा दिन है। इसमें संगठन के अगले तीन साल की कार्ययोजना पर मंथन हो रहा है। संघ इस दौरान सामाजिक समरसता, पर्यावरण के अनुकूल जीवनशैली, कुटुंब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक कर्तव्य पर फोकस करेगा। इन पांच विषयों को संघ ने 'पंच परिवर्तन' नाम दिया है।

डेली कॉलेज स्थित संत श्री रविदासजी महाराज सभागार में हो रही इस बैठक में देशभर से करीब 400 प्रतिनिधि शामिल हैं। इस बैठक में पहली बार सभी प्रांतों के प्रमुख पदाधिकारियों को बुलाया गया है। संगठन में इस बदलाव की तैयारी पिछले करीब 18 महीने से चल रही थी।

बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्यक्रमों की समीक्षा भी हो रही है। सोमवार को शुरू हुई तीन दिवसीय बैठक में महिलाओं और युवाओं की भागीदारी बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। शहरों, गांवों और कॉलेज परिसरों में युवाओं को जोड़ने के लिए हुए कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में युवाओं में नशीली दवाओं के बढ़ते चलन पर चिंता जताई गई। अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि इस समस्या से निपटने के लिए सामाजिक और पारिवारिक स्तर पर प्रयास जरूरी हैं। इसके लिए सामाजिक और शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने पर विचार किया जा रहा है। जेन जेड आंदोलनों से जुड़े सवाल पर आंबेकर ने कहा कि देश में कोई आवाज उठाता है तो संघ को पक्ष-विपक्ष के नजरिए से क्यों देखा जाता है। उन्होंने कहा कि सभी को ध्यान रखना चाहिए कि आंदोलन देशहित में हो। संघ इस विषय पर सतर्क रहता है और आगे भी रहेगा। आंबेकर के मुताबिक, भागवत ने विदेशों में हिंदुत्व की अवधारणा और दुनिया के कल्याण में भारत की भूमिका पर विचार रखे।

बैठक की शुरूआत सोमवार को सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की। बैठक 4 नवंबर की शाम तक चलेगी। बैठक में शामिल पदाधिकारियों का दिन सुबह 6 बजे शुरू होता है। सुबह शाखा और अन्य गतिविधियों के बाद अलग-अलग सत्रों में चर्चा होती है। बैठकों का सिलसिला रात करीब 8 बजे तक चलता है।



देशभर में 1.01 लाख से ज्यादा दैनिक शाखाएं

आंबेकर के मुताबिक, देश में संघ की दैनिक शाखाओं की संख्या बढ़कर 1 लाख 1 हजार 151 हो गई है। साप्ताहिक और मासिक मिलन को मिलाकर संघ का काम 1 लाख 10 हजार 849 स्थानों तक पहुंच गया है। पिछले साल अक्टूबर की तुलना में शताब्दी वर्ष के दौरान 13 हजार से ज्यादा नई दैनिक शाखाएं जुड़ी हैं। बैठक में शाखाओं के विस्तार और उनकी गतिविधियों की समीक्षा की गई।

शताब्दी वर्ष में 65 हजार से ज्यादा हिंदू सम्मेलन

आंबेकर ने बताया कि शताब्दी वर्ष के दौरान देशभर में 65 हजार 660 हिंदू सम्मेलन हुए। शहरों में बस्ती स्तर पर और गांवों में मंडल स्तर पर ये आयोजन किए गए। कई जगह दो-तीन मंडलों को मिलाकर भी सम्मेलन हुए। इन आयोजनों में समाज के अलग-अलग वर्गों की भागीदारी रही। कई लोगों ने शाखाओं से जुड़ने की इच्छा जताई। बैठक में इन सम्मेलनों से मिले अनुभवों और सामाजिक सहभागिता पर चर्चा हुई।

विदेश में संघ के काम और विस्तार पर भी चर्चा

बैठक में विदेशों में संघ की गतिविधियां बढ़ाने पर भी विचार हुआ। इसमें तीन देश प्रमुख रूप से शामिल हैं। सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत के हालिया विदेश प्रवास के अनुभव भी साझा किए। अगस्त और सितंबर में वे अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन गए थे। वहां उन्होंने प्रमुख लोगों से संवाद किया और विभिन्न सम्मेलनों में विचार रखे।

खरीददारी के लिए उमड़ रही भीड़, नए डिजाइन और चमकदार फिनिशिंग वाले उत्पादों की मांग

राजबाड़ा में दिवाली बाजार गुलजार, छोटे व्यापारियों को कमाई की उम्मीद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजवाड़ा पर दीपावली का बाजार गुलजार है। धनतेरस से पहले ही खरीददारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। मिट्टी के दीये, पूजन सामग्री, गोबर से बनी आकृतियां, कुबेरजी, लक्ष्मी-गणेश के चित्र, स्टीकर, पोस्टर और सजावटी लाइटिंग से सजा बाजार त्योहार की रौनक बढ़ा रहा है।

यह बाजार सिर्फ खरीददारी का ठिकाना नहीं, बल्कि स्थानीय दुकानदारों और आसपास के गांवों से आने वाले छोटे व्यापारियों के लिए कमाई का बड़ा अवसर भी है।

नए डिजाइन और चमकदार उत्पादों की मांग- इस बार ग्राहकों की पसंद में भी बदलाव नजर आ रहा है। पारंपरिक सामान के साथ नए डिजाइन, आकर्षक रंग और चमकदार फिनिशिंग वाले उत्पाद लोगों को पसंद आ रहे हैं।



गांवों से आए व्यापारी भी लगा रहे दुकानें

राजवाड़ा के दिवाली बाजार में स्थानीय दुकानदारों के साथ आसपास के गांवों से आए व्यापारी भी दुकानें लगाते हैं। कुछ दूसरे क्षेत्रों से उत्पाद खरीदकर बेचते हैं, तो कई पारंपरिक मिट्टी के सामान के जरिए आजीविका चलाते हैं। त्योहार के इन दिनों में होने वाली बिक्री उनकी सालभर की कमाई का अहम हिस्सा होती है। ऐसे में बाजार की रौनक छोटे व्यापारियों के लिए आर्थिक सहारा बन रही है।

सोनू सूद ने रवि दांगी को सम्मानित किया



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कोचिंग ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ठाकुर रवि दांगी को नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में अभिनेता एवं समाजसेवी सोनू सूद ने सम्मानित किया।

सोमवार को एसोसिएशन के सक्रिय संचालन और विद्यार्थियों, कोचिंग संस्थानों के साथ समाजहित में किए गए कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

कोरोना महामारी के दौरान एसोसिएशन ने विद्यार्थियों की मदद के लिए विशेष अभियान चलाया था। इस दौरान करीब 5 हजार से 10 हजार विद्यार्थियों तक सहायता पहुंचाने, उन्हें घर भेजने और राशन उपलब्ध कराने जैसे काम किए गए थे। महामारी के कठिन दौर में विद्यार्थियों के सामने आई परेशानियों को देखते हुए एसोसिएशन ने राहत और सहयोग की पहल की थी।

लीकेज वाले पानी के टैंकरों को सुधारने के लिए 7 दिन का समय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रोड मीडियन और बगीचों में पानी डालने वाले ट्रीटेड पानी के टैंकरों पर अब पीली पट्टी लगाई जाएगी। इससे इन टैंकरों की अलग से पहचान हो सकेगी। वहीं, जिन टैंकरों से पानी लीकेज होता है और सड़कों पर पानी गिरता रहता है, उन्हें सुधारने के लिए 7 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद संबंधित टैंकरों पर कार्रवाई की जाएगी।

दरअसल, रोड मीडियन की सफाई या बगीचों में टैंकरों से पानी डालने के दौरान लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं। इनमें नगर निगम पर पानी बर्बाद करने के आरोप लगाए जाते हैं, जबकि इन कामों में ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल होता है। इसी स्थिति को देखते हुए टैंकरों पर पीली पट्टी लगाने का फैसला लिया गया है। गर्मी के दिनों में महापौर के घर के बाहर पानी से सफाई करने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। वीडियो में घर के बाहर पानी से सफाई होती दिख रही थी, जबकि इसके लिए ट्रीटेड पानी का इस्तेमाल किया जा रहा था। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि आगामी गर्मी में जलसंकट की स्थिति को देखते हुए पानी की बर्बादी रोकने के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। नगर निगम 30 से ज्यादा टैंकर खरीदने वाला है। इसके साथ ही शहर के हाइड्रेंट्स पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, ताकि इनकी निगरानी की जा सके। भार्गव ने बताया कि जब नगर निगम ट्रीटेड पानी के टैंकरों से रोड मीडियन की सफाई या बगीचों में पानी डालने का काम करता है, तो लोग वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर देते हैं।

28 हजार वर्गफीट में तैयार हो रहा अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

शहर के पूर्वी क्षेत्र के खिलाड़ियों को एक नए अंतरराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की सौगात मिलने वाली है। नंदानगर में अटल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स तैयार किया जा रहा है, जिसमें करीब 2 हजार खिलाड़ी एक साथ प्रैक्टिस कर सकेंगे। यहां 12 खेलों का एक साथ अभ्यास हो सकेगा। यह स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स 28 हजार वर्ग फीट में 15 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है।

अटल खेल परिसर की तर्ज पर इस कॉम्प्लेक्स को भी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का नाम दिया जा रहा है। यह कॉम्प्लेक्स ओपन के साथ तीन मंजिला बिल्डिंग के रूप में तैयार किया जा रहा है, जो कि पूरी तरह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप रहेगा। इसके साथ ही यहां पर बेसमेंट में पार्किंग बनाई जा रही है, जिससे कॉम्प्लेक्स में प्रैक्टिस करने आने वाले खिलाड़ी अपनी गाड़ियां सुरक्षित रख सकेंगे।

शादी का झांसा देकर 3 साल तक बनाए संबंध

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

बाणगंगा थाना क्षेत्र में शादी का झांसा देकर युवती से तीन साल तक शारीरिक संबंध बनाने का मामला सामने आया है। आरोपी ने बाद में परिवार के शादी के लिए राजी नहीं होने और दूसरी जगह सगाई होने की बात कहकर शादी से इनकार कर दिया। युवती ने विरोध किया तो आरोपी ने आत्महत्या कर उसे फंसाने की धमकी दी। सोमवार को युवती की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया है।

इंटरनेट से दवा का तरीका देख इंजेक्शन लगाने से युवक की मौत

इस केस पर रिसर्च करने वाली इंदौर की डॉक्टर को देश में पहला स्थान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंटरनेट पर उपलब्ध जानकारी का गलत इस्तेमाल एक नेपाली युवक की मौत की वजह बना। अगस्त 2025 में विजय नगर क्षेत्र में युवक ने यूट्यूब पर वीडियो देखकर दर्द निवारक दवा का असामान्य तरीके से इस्तेमाल किया था। उसने टैबलेट को चम्मच में गर्म कर सिरिंज के जरिए जांघ की फेरोमल आर्टरी में इंजेक्शन लगाया था। दवा के ओवरडोज से उसकी मौत हो गई।

इस मामले की फॉरेंसिक जांच और वैज्ञानिक विश्लेषण पर तैयार शोधपत्र को राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान मिला है। एमजीएम मेडिकल कॉलेज इंदौर के फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग की डॉ. प्रज्ञा सिसोदिया ने यह शोधपत्र प्रस्तुत किया। अगस्त 2025 में हुई इस घटना के बाद पुलिस और फॉरेंसिक टीम युवक के किराए के कमरे पर पहुंची थी। वहां जांच के दौरान दर्द निवारक दवाओं की दो स्ट्रिप, पाउडर के अवशेष वाला चम्मच, लाइटर और सिरिंज मिली थी। इन साक्ष्यों से युवक की मौत के पीछे दवा के असामान्य इस्तेमाल की आशंका मजबूत हुई। विशेषज्ञों के मुताबिक, संबंधित दवा का इस्तेमाल गंभीर परिस्थितियों में डॉक्टर की सलाह और चिकित्सकीय निगरानी में किया जाता है। बिना चिकित्सकीय परामर्श इसका इस्तेमाल जानलेवा हो सकता है। युवक ने यह इंजेक्शन जांघ की फेरोमल आर्टरी में लगाया था।

मोबाइल की सर्च हिस्ट्री से पता चला इस्तेमाल का तरीका

जांच के दौरान युवक का मोबाइल फोन भी खंगाला गया। उसकी यूट्यूब सर्च हिस्ट्री में ऐसे वीडियो और जानकारियां मिलीं, जिनमें टैबलेट को चम्मच में गर्म करके सिरिंज से इस्तेमाल करने का तरीका बताया गया था। इस जानकारी से जांच को अहम दिशा मिली।

किराये से देना है - होम स्टे
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पास, 5 डबल बेड, गद्दे, चादर सहित, पंखा, एसी, पार्किंग, WiFi कैमरे।
बेचना है - कार ब्रीजा (मॉडल-2022, पेट्रोल/सीएनजी, फर्स्ट ऑनर)
आवश्यकता - कम्प्यूटर ऑपरेटर महिला (पार्ट टाईम/फुल टाईम)
संपर्क करें
महाकाल इंजीनयरिंग सर्विसेस
20, सिद्धीविनायक कॉम्प्लेक्स (बेसमेंट), शहीद पार्क, फ्रीगंज, उज्जैन
सुबह 11.30 से 3 बजे तक
7000813134, 8109731365, 9425091176

आवश्यकता है
(1) अमूल आइसक्रीम में सेल्समैन एवं डिलेवरी मैन की
कार्य समयः दोपहर 12 से शाम 6
(2) पेपर काउंटर संभालने वाले की जिसको एकाउंट का ज्ञान हो
कार्य समयः सुबह 4 से सुबह 8 (4 घंटे)
बागड़िया न्यूज़ एजेंसी
121 सेंट्रल कोतवाली के सामने उज्जैन
9425332161

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संकर्प करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्प्लेक्स
फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशाति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com